धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

सुप्रभात

रांची, शनिवार

24.02.2024

* नगर संस्करण । पेज : 12

khabarmantra.net माघ, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 222



12 सेना में जाना चाहती थीं जया बच्चन

## न्यूज डायरी

### झारखंड से रास की दो सीटों पर मतदान 23 को

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने झारखंड की दो राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की है। इनके लिए 23 मार्च को मतदान होगा। आयोग के अनुसार राज्यसभा के समीर उरांव और धीरज प्रसाद साहू का कार्यकाल 3 मई को समाप्त होने जा रहा है। दोनों सीटों के लिए 4 मार्च को अधिसूचना जारी की जायेगी। नामांकन पत्रों की जांच 12 मार्च को होगी। दो से अधिक उम्मीदवार होने पर 21 मार्च को मतदान होगा और नतीजे आयेंगे।

### मंत्री नहीं बनने का अब कोई मलाल नहीं : बैद्यनाथ राम

**रांची।** आखिरी वक्त में मंत्री बनने से चूके लातेहार के जेएमएम विधायक बैद्यनाथ राम शुक्रवार को विधानसभा पहुंचे। अपनी नाराजगी से इनकार किया और कहा कि उन्हें मंत्री नहीं बनने का कोई मलाल नहीं है। उन्होंने कहा कि मेरे साथ जिस तरह से हुआ उस पर मैंने नाराजगी जताई थी, लेकिन अब सब ठीक है। उन्होंने कहा कि बजट सत्र के दौरान मैं सदन के अंदर अपनी बात प्रमुखता से उठाऊंगा। नाराजगी अपनी जगह है लेकिन सदन की बात अलग है।

### एपी सिंह वित्त आयोग के अध्यक्ष बनाये गये

**रांची।** झारखंड में पंचम राज्य वित्त आयोग का गठन कर दिया गया है। रिटायर्ड आईएएस अमरेंद्र प्रताप सिंह को झारखंड राज्य वित्त आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। संत जेवियर कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर व प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हरीश्वर दयाल सदस्य बनाये गये हैं। वहीं झारखंड के पंचायती राज (पंचायती राज विभाग) निदेशक पदेन सदस्य होंगे। राज्य सरकार के प्रस्ताव के आलोक में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने इनकी नियुक्ति की है।

### शाहजहां को इडी का समन 29 तक पेशी का निर्देश

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशलय (इडी) ने शुक्रवार को शेख शाहजहां के खिलाफ करोड़ों रुपये के राशन घोटाले में कथित संलिप्तता के संबंध में नया समन जारी किया। उसे 29 फरवरी तक ईडी अधिकारियों के समक्ष पेश होने का निर्देश दिया गया है। शाहजहां को ईडी की ओर से जारी किया गया यह चौथा समन है। अबतक वह पेश नहीं हुआ है। इडी ने दावा किया है कि राशन भ्रष्टाचार में करीब 10 हजार करोड़ रुपये की हेराफेरी की गयी है। शेख शाहजहां तृणमूल नेता ज्योतिप्रिय मल्लिक का बेहद करीबी माना जाता है।


### 10 लाख के इनामी नक्सली समेत दो ने किया समर्पण

**लातेहार।** नक्सली संगठन झारखंड जन मुक्ति परिषद (जेजेएमपी) के जोनल कमांडर मनोहर परहिया और एरिया कमांडर दीपक भुइयां ने शुक्रवार को लातेहार पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। जोनल कमांडर मनोहर पर सरकार ने 10 लाख रुपये इनाम भी घोषित कर रखा था। मनोहर लातेहार जिले के छिपादोहर का रहने वाला है जबकि दीपक पलामू के पाकी का रहने वाला है।

## गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 58,200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 73,000 रु./प्रति किलो |

## तीसरी आंख




## कैबिनेट का फैसला — एसटी, एससी, ओबीसी के लिए बिल्डिंग बायलॉज संशोधित

# अब 100 की जगह 125 यूनिट बिजली फ्री

- बोकारो में खुलेगा अंतरराष्ट्रीय विवि
- 42 हजार सहियाओं को मिलेगा टैब

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपई सोरेन की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई कैबिनेट की बैठक में 29 प्रस्ताव की मंजूरी मिली। इनमें 100 की जगह आब 125 यूनिट बिजली फ्री देने, एसटी, एससी, ओबीसी के लिए बिल्डिंग बायलॉज संशोधित करने एवं 42 हजार सहिया बहनों को टैब देने की मंजूरी प्रमुख है। बोकारो में इंटरनेशनल विश्वविद्यालय स्थापना तथा बिल्डिंग बायलॉज में संशोधन को भी मंजूरी दी गयी। (शेष 11 पर)

### फ्री बिजली से 30 लाख उपभोक्ताओं को लाभ

बैठक की जानकारी देते हुए कैबिनेट सचिव अजय कुमार सिंह ने बताया कि अब झारखंड में 100 की जगह 125 यूनिट बिजली फ्री मिलेगी। इसका लाभ राज्य के 30 लाख उपभोक्ताओं को मिलेगा। चंपाई सरकार ने इसे मंजूरी दे दी है। उन्होंने बताया कि इस पर 2700 करोड़ रुपये की लागत आयेगी। अभी 100 यूनिट बिजली फ्री है। इसमे 2300 करोड़ खर्च हो रहा है। नई योजना से 7 लाख 45 हजार लाभ होगा। 175 करोड़ हर सब्सिडी में खर्च होगा।

### स्मार्ट फोन और टैब देने का फैसला

आंगनवाड़ी सेविका और प्रयवेक्षिका को 10 हजार का स्मार्ट फोन 42664 सहिया को टैब दिया जायेगा। इसके लिये 114 करोड़ रुपये खर्च होंगे। उत्कृष्ट लैंप्स पैक्स के लिये 100 करोड़ दिये गये। जज की मृत्यु के बाद उनके जीवित पत्नी परिवार को कई सुविधा दिये जाने की मंजूरी दी गयी। 27 हजार जन वितरण प्रणाली के तहत जो 2 ई पॉश मशीन था, वह अब 4 की ई पॉश मशीन में परिवर्तित होगा। इस बार खरीद कर मशीन दिया जायेगा। 62 खरीद और मेंटेनेंस पर 28 करोड़ खर्च होगा। होटवार में मिल्क पाउडर प्लांट और मिल्क प्रोडक्ट प्लांट और गिरिडीह और जमशेदपुर में मिल्क प्लांट बनाने के लिये 320.38 करोड़ स्वीकृत किये गये। 629 लैंप्स पैक्स में 100 एमटी गोदाम और मार्केटिंग कॉम्प्लेक्स होगा। इसके अलावा कुछ अन्य प्रस्तावों को दी गयी स्वीकृति।

### 186 शिक्षकों की सेवा नियमित, सभी सुविधाएं मिलेंगी

कैबिनेट की बैठक में झारखंड हाइकोर्ट के आदेश पर बिहार के मोतिहारी, गया और दरभंगा के इंजीनियरिंग कॉलेज के 102 कर्मचारियों को सरकार बेनिफिट देगी। इसे अभिभाजित बिहार के समय टेकओवर किया गया था। इनकी सेवा 9 दिसंबर 1986 से नियमित करने और 11 जून 2016 से वास्तविक आर्थिक लाभ देने का फैसला किया। इसमें 3.85 करोड़ रुपये खर्च होंगे। अल्पसंख्यक महाविद्यालय के शिक्षकों को पेंशन व पारिवारिक पेंशन का लाभ 1अप्रैल 2016 की तिथि से देने की मंजूरी दी गई। बीआइटी मेसरा के साथ 2017 में हुये इकरारनामा को सात साल का अवधि विस्तार और 181 करोड़ दिया जायेगा। 50 परसेंट सीट झारखंड कोटा से नामांकन लेना होगा।

### पुलिस नियुक्ति नियमावली में संशोधन

कैबिनेट सचिव ने बताया कि पुलिस नियुक्ति नियमावली में संशोधन हुआ और अब बिना अंदर दौड़ होगा। देवघर पुलिस लाइन में 225 बेड के 6 बैरक के निर्माण के लिए 42 करोड़ की मंजूरी दयी। एक बैरक 5.52 करोड़ खर्च होगा। ओपस एनपीएस लेने के लिए ऑनलाइन प्रस्ताव के लिए फॉर्म में संशोधन और आंशिक रूप से किया गया है। झारखंड न्यायिक सेवा और वरीय न्यायिक सेवा के अधिकारियों के लिये विभिन्न भत्ता की स्वीकृति दी गयी।

**बिल्डिंग बायलॉज संशोधन को मंजूरी :** बैठक में झारखंड बिल्डिंग बायलॉज 2016 संशोधन की मंजूरी दी गयी। प्लान के अनुसार सड़क की चौड़ाई के लिए जमीन पहले सरकार दान में लेती थी लेकिन समीक्षा में पाया गया कि सीएनटी एक्ट से आच्छादित लोग एसटी, एससी, ओबीसी के लोगों का जमीन ट्रांसफर नहीं हो सकता, ना ही वे दान में दे सकते हैं। इसको देखते हुए अब सरकार ने यह निर्णय लिया है कि उक्त भूमि दान स्वरूप जो देना था, उसे वह सरेंडर करेंगे और भविष्य में वह इसका प्रयोग किसी भी प्रकार से नहीं करेंगे। यदि किसी प्रकार से पाया गया कि वह उसका प्रयोग कर रहे हैं, तो भवन का नक्शा रद्द किया जायेगा। ग्रीन बिल्डिंग सर्टिफिकेट के लिए एसोचैम भी पोर्टल के जरिये सर्टिफिकेट देंगे।

# सीएम ने सीबीआइ जांच की मांग खारिज की


**बजट सत्र**

- सदन में विपक्ष ने सीजीएल पेपर लीक को लेकर किया हंगामा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधान सभा के बजट सत्र के पहले दिन शुक्रवार को कई मुद्दों पर विपक्ष ने जोरदार हंगामा किया। शोक संदेश पेश करने से पहले ही विपक्ष के कई सदस्य वेल पर पहुंच गये और सीजीएल परीक्षा पेपर लीक को लेकर जमकर नारेबाजी करने लगे। वे सीबीआइ जांच करी मांग पर अडिग थे। वहीं सदन के बाहर सीएम ने सीबीआइ जांच की मांग खारिज कर दी।

कार्यवाही शुरू होते ही बिरंचीनारायण, अनंत ओझा, मनीष जायसवाल, भानुप्रताप शाही, अर्पणा सेन गुप्ता, पुष्पा देवी, नीरा यादव, रंधीर सिंह आदि ने वेल पर हाथों में पोस्टर लेकर जमकर हंगामा किया। हंगामे के बीच वित्त मंत्री ने 4981 करोड़ का तृतीय अनुपूरक बजट पेश किया। शोकसभा के बाद स्पीकर रबीन्द्र नाथ महतो ने सदन की कार्यवाही सोमवार 26 फरवरी सुबह 11 बजे तक स्थगित करने की घोषणा की। वहीं मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक मामले में सीबीआइ जांच की मांग को खारिज कर दिया।



### 4981 करोड़ का तृतीय अनुपुरक बजट पेश

वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने 4981 करोड़ का तृतीय अनुपूरक बजट पेश किया। डॉ उरांव ने सत्र के पहले दिन शुक्रवार को सदन मे वित्तीय वर्ष 2023-24 का व्यय विवरणी प्रस्तुत किया। इसके बाद शोक प्रकाश में दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी गयी। इसके बाद स्पीकर ने सदन की कार्यवाही सोमवार तक के लिए स्थगित करने की घोषणा की। सदन में इस बार पूर्व सीएम हेमंत सोरेन शामिल नहीं हो सके। क्योंकि कोर्ट ने उन्हें इसकी इजाजत नहीं दी। वे फिलहाल जेल में हैं। वहीं संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम उमरा करने के लिए मक्का मदीना गये हैं। इसलिये वे भी सदन की कार्यवाही में शामिल नहीं रहे। सोमवार को वाद-विवाद, मतदान, सत्संबंधी विधेयक का पारण होगा।

**स्पीकर का आग्रह नहीं माना :** इससे पूर्व सदन की कार्यवाही 11.08 बजे शुरू होते ही हंगामा शुरू हो गया। स्पीकर रवींद्रनाथ महतो ने सभी को अपनी सीट पर जाने का आग्रह किया, लेकिन विधायक नहीं माने और शोरगुल जारी रहा। इसी दौरान स्पीकर ने अपना प्रारंभिक वक्तव्य दिया। इस बीच सभी विधायक अपनी सीट पर आ गये। हंगामे के बीच प्रतिपक्ष के नेता अमर बाउरी ने कहा कि पेपर लीक मामले को लेकर छात्र सड़कों पर आंदोलन कर रहे हैं। सरकार इस मामले की सीबीआई जांच की अनुसंशा करे। इसके बाद प्रदीप यादव ने कहा कि यह सही है कि यहां घटना घटी है, लेकिन देश में ऐसी 43 घटानाएं हुई है। यूपी में भी ऐसी घटना घटी है, वहां की बुल्डोजर सरकार को कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आंदोलन कर रहे किसानों पर दिल्ली बोर्डर पर गोलियां चलायी गयी है। इस संबंध में विधानसभा से प्रस्ताव पासकर भेजा जाना चाहिये। प्रदीप यादव के इतना कहने पर विपक्ष ने जोरदार स्वर में उनका विरोध किया। इस दौरन स्पीकर ने विधायी कार्यों के तहत सभापतियों और कार्य मंत्रणा समिति के सदस्यों का मनोनयन किया। विगत सत्र में स्वीकृत राज्यपाल द्वारा अनुगत विधेयक का विवरण सभा सचिव द्वारा पटल पर रखा गया।

**एसआइटी जांच में सक्षम**

मुख्यमंत्री सीएम चंपई सोरेन ने जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक मामले में सीबीआइ जांच की मांग को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि एसआइटी इस मामले की जांच कर रही है। उनपर भरोसा करना होगा। सदन में बजट सत्र के पहले दिन की कार्यवाही समाप्त होने के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। सीएम ने कहा कि देश के अन्य राज्यों में भी इस तरह के पेपर लीक मामले होते रहे हैं। सरकार द्वारा गठित एसआईटी इस दिशा में तेजी से काम कर रही है। इसी से हम दोषियों को निकाल लेंगे। समय का इंतजार कीजिये। दोषियों को बख्शा नहीं जायेगा।

## राहुल गांधी को हाइकोर्ट से झटका चलेगा ट्रायल



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट से राहुल गांधी को बड़ा झटका लगा है। 2018 में अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी मामले में फैसला सुनाते हुए अदालत ने राहुल गांधी की याचिका खारिज कर दी है। राहुल गांधी ने एमपी एमएलए कोर्ट के समन के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका खारिज होने के बाद केंद्रीय गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह पर की गई अमर्यादित टिप्पणी मामले में राहुल गांधी के खिलाफ निचली कोर्ट में ट्रायल चलेगा। जस्टिस अंबुज नाथ की अदालत में मामले की सुनवाई 9 फरवरी को पूरी हो गई थी। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदलात ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। 20 फरवरी को अदालत ने फैसला सुनाया था। 23 फरवरी को कोर्ट के फैसले की कॉपी अपलोड हुई।


# महाराष्ट्र के पूर्व सीएम मनोहर जोशी नहीं रहे

- लोकसभा स्पीकर भी रह चुके थे

**एजेंसी**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना के वरिष्ठ नेता रहे मनोहर जोशी (86) का शुक्रवार को तड़के निधन हो गया। अचानक तबियत खराब होने के बाद उन्हें हिंदुजा अस्पताल के आईसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों ने बताया कि उन्हें दिल का दौरा पड़ा था। उनके निधन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पीएम मोदी, अमित शाह, झारखंड के सीएम चंपई सोरेन समेत तमाम नेताओं ने शोक जताया है। परिजनों के अनुसार मनोहर जोशी को अचानक पिछले दिनों बेचैनी महसूस हुई थी, जिसके बाद 21 परवरी को उन्हें हिंदूजा अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां शुक्रवार की सुबह अंतिम सांस ली।

**लंबा राजनीतिक सफर रहा**



पूर्व सीएम मनोहर जोशी पिछले कुछ समय से राजनीति में सक्रिय नहीं थे। उनका राजनीतिक जीवन काफी लंबा रहा। वह सीएम के अलावा मुंबई नगर निगम के नगरसेवक, महापौर, विधान परिषद सदस्य, विधायक, संसद सदस्य, केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री, लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य भी रहे। वह 1995 से 1999 तक थे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री रहे थे। शिवसेना के दिग्गज नेताओं में शुमार मनोहर जोशी को पिछले वर्ष मई में मस्तिष्काघात के बाद इसी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वह अविभाजित शिवसेना की ओर से राज्य के मुख्यमंत्री बनने वाले पहले नेता थे। वह सांसद भी रह चुके हैं और 2002 से 2004 तक केंद्र की वाजपेयी सरकार में लोकसभा अध्यक्ष के पद पर रहे थे।

## नींबू पहाड़ अवैध खनन की सीबीआइ जांच होगी

- हाइकोर्ट ने जांच से रोक हटायी, राज्य सरकार को झटका

**रांची।** साहिबगंज के नींबू पहाड़ अवैध खनन मामले की सीबीआइ जांच पर लगी रोक को हाइकोर्ट ने हटा ली है। हाइकोर्ट के न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद की अदालत में शुक्रवार को इस मामले को लेकर सुनवाई हुई। राज्य सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, झारखंड के महाधिवक्ता राजीव रंजन और अधिवक्ता पियूष चित्रेश ने पक्ष रखा। वहीं सीबीआइ की ओर से एएसजीआई अनिल कुमार ने दलील पेश की। दरअसल, सीबीआई ने नींबू पहाड़ अवैध खनन की प्रारंभिक जांच शुरू की थी। इसको राज्य सरकार ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। पिछली सुनवाई के दौरान 19 जनवरी को हाईकोर्ट ने सीबीआई जांच पर रोक लगा दी थी। पिछली सुनवाई के दौरान कोर्ट में राज्य सरकार की याचिका में कहा गया था कि राज्य सरकार से मामले की जांच के लिए सीबीआइ ने सहमति नहीं ली थी। यह भी बताया कि जांच के लिए हाइकोर्ट ने भी कोई निर्देश नहीं दिया था। इसके बावजूद जांच की जा रही है, जो सही नहीं है। (शेष 11 पर)

# बजट सत्र में हेमंत भाग लेंगे या नहीं, सुनवाई 26 को

### विशेष कोर्ट के फैसले के खिलाफ गये हैं हाइकोर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अदालत में हेमंत सोरेन की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने पक्ष रखा। इसके बाद इडी ने जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की। इस मामले में अगली सुनवाई 26 फरवरी सोमवार को होगी। पीएमएलए स्पेशल कोर्ट के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी गयी है। पीएमएलए स्पेशल कोर्ट ने हेमंत सोरेन के बजट सत्र में शामिल होने की अनुमतिवाली याचिका खारिज कर दी थी। (शेष 11 पर)

**इडी ने की समय की मांग**



पीएमएलए स्पेशल कोर्ट द्वारा याचिका खारिज करने के बाद पूर्व सीएम हेमंत सोरेन झारखंड हाईकोर्ट पहुंचे। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अदालत में वर्चुअल मोड में सुनवाई में भाग लेते हुए इडी की ओर से एएसजीआइ एसवी राजू ने जवाब के लिए समय मांगा। सोमवार को सुनवाई करने का आग्रह किया। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की अदालत ने मामले की अगली सुनवाई सोमवार को निर्धारित की।

# जो खुद होश में नहीं, वे बच्चों को कह रहे नशेड़ी

## राहुल के बयान पर जम कर भड़के मोदी

**एजेंसी**

**वाराणसी।** पीएम मोदी ने शुक्रवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी से विरोधी दलों को सीधे निशाने पर लेकर लोकसभा चुनाव का शंखनाद कर दिया। मोदीने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला बोलकर कहा कि युवराज कह रहा है कि यूपी के नौजवान नशेड़ी हैं। यह कैसी भाषा है। मोदी को गाली देते-देते अब ये यूपी के नवजवानों पर अपना फ्रस्टेशन निकाल रहे हैं। मोदी ने निशाना सादते हुए कहा, जिनके अपने होश ठिकाने नहीं हैं ये लोग यूपी और काशी के मेरे बच्चों को नशेड़ी कह रहे हैं। करखियांव औद्योगिक क्षेत्र में बनास काशी संकुल का लोकार्पण करने के बाद पीएम मोदी ने यहां विशाल जनसभा में वाराणसी सहित पूरे पूर्वांचल को 13,202 करोड़ से अधिक की 36 विकास परियोजनाओं की सौगात दी। खुली जीप में रोड शो करते हुए पीएम ने सरकार की अलग-अलग योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद भी किया। जनसभा में प्रधानमंत्री ने कहा कि यूपी का नौजवान परिश्रम की पराकाष्ठा कर रहा है। उन्होंने कहा इस बार तो बनारस ने पूरी सीट हे देना का कमल को आशीर्वाद दिया है। (शेष 11पर)



पीएम ने कहा कि परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण ने यूपी को पीछे रखा। पहले की सरकार ने यूपी को बीमार बनाए रखा। आज जब यूपी बदल रहा है, यहां के नौजवान अपना भविष्य लिख रहे हैं तो यह परिवारवाद वाले चिढ़ रहे हैं। मोदी ने भोजपुरी में इंडी गठबंधन पर तंज कसते हुए कहा...'ई बनारस हव इहां सब गुरू ह, इहां इंडी गठबंधन क पैंतरा ना चली। बनारस नाहीं पूरे यूपी के पता हव कि माल वही है पैकिंग नई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार तो इनको जमानत बचाने के लिए बहुत संघर्ष करना पड़ेगा। उन्होंने पूरे आत्मविश्वास से कहा कि आज यूपी ने सारी सीटें मोदी को देने का निर्णय कर लिया है।



हिरासत में मौत मामले में पीड़ित परिवार से मिले नेता प्रतिपक्ष

# दलित युवक की संदेहास्पद मौत की न्यायिक जांच जरूरी: बाउरी



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रामगढ़ में दलित युवक की पुलिस हिरासत में हुई मौत के मामले की जांच करने नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी और भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किशुन कुमार दास पीड़ित परिवार के घर पहुंचे। दोनों नेताओं ने दलित युवक अनिकेत कुमार का पुलिस हिरासत में हुई मौत के मामले में मुख्य सचिव और रामगढ़ के उपायुक्त चंदन कुमार से बात की। दलित युवक की मौत मामले की न्यायिक जांच करने की मांग की। नेताओं ने कहा कि यदि दलित परिवार को न्याय नहीं मिला तो सड़क से लेकर सदन तक चंपई सोरेन सरकार को घेरेंगे। दोनों नेताओं ने नियम के अनुसार पीड़ित परिवार को तत्काल 15 लाख रुपया मुआवजा, परिवार को आवास और भूमिहीन पीड़ित परिवार को जमीन देने की मांग की है। मालूम हो कि रामगढ़ शहर के मेलोनी क्लब बिजुलिया वार्ड नंबर 5 के महेंद्र राम के 20 वर्षीय पुत्र अनिकेत कुमार को चोरी के आरोप में रामगढ़ पुलिस पूछताछ के लिए थाना ले गयी थी लेकिन, उसकी पिटाई से उसकी पुलिस हिरासत में ही मौत हो गई। वहीं, पुलिस इस मामले को आत्महत्या बता कर रफा दफा करने का प्रयास कर रही थी।

मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए शहरी निकायों के प्रशासकों के साथ सीइओ ने की बैठक, कहा

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने में भूमिका निभाने वाले पदाधिकारी चुनाव बाद किये जायेंगे सम्मानित

**सभी से सुझाव लेकर मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर किया गया सामूहिक मंथन**




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में शुक्रवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मुख्यालय स्तर पर सभी शहरी निकायों के प्रशासकों के साथ आहूत बैठक में राज्य अंतर्गत सभी कोटि के शहरी निकायों के प्रशासकों ने भाग लिया। बैठक में शहरी क्षेत्रों में लोकसभा चुनाव को लेकर चल रही तैयारियों की समीक्षा की गयी। बैठक में शहरों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर सभी शहरी निकायों के प्रशासकों से सुझाव लेकर रणनीति बनाई गयी साथ ही इस संबंध में निर्वाचन आयोग के संबंधित दिशा निर्देशों से भी सभी को अवगत कराया गया।

इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि विगत आम निर्वाचनों में शहरी निकायों का मतदान प्रतिशत ग्रामीण इलाकों की तुलना में कम रहा है। हमें शहरी क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक करने एवं उन तक मतदान के महत्व को पहुंचाने का कार्य करना है, इसके साथ-साथ सुगम्य मतदान की दिशा में भी योजनाबद्ध तरीके से कार्य करना है, ताकि किसी मतदाता को बिना किसी असुविधा के लिए मतदान का अवसर मिल सके। उन्होंने कहा कि नगर निकाय के कर्मी शहरी नागरिकों के साथ सतत संपर्क में रहते हैं। इसलिए उनके माध्यम से आम शहरी नागरिकों तक सीधे चुनाव से जुड़ी जानकारियों तथा मतदान के महत्व को संप्रेषित करवाने की कार्य योजना बनाई गई है।

बैठक में निकायों के प्रशासकों के साथ-साथ राज्य शहरी विकास अभिकरण के निदेशक अमित कुमार, रांची नगर आयुक्त अमित कुमार ने भी शहरी क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर विस्तार से सुझाव रखे। मतदान के दिन पोलिंग बूथ के आसपास फ्री पार्किंग की व्यवस्था करवाना, नगर निकाय कर्मियों द्वारा डोर टू डोर जागरूक करना, निकाय के वाहनों द्वारा चुनाव संबंधी संदेश प्रचारित करना जैसे दर्जनों सुझाव प्राप्त हुए।

इस दौरान परस्पर संवाद एवं विमर्श का कार्यक्रम भी रखा गया। जिसमें शहरी क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों की ओर से पूछा गया कि वे निकाय प्रशासन की ओर से किस-किस प्रकार के सहयोग की अपेक्षा करते हैं, वहीं निकाय के प्रशासकों से पूछा गया कि वे जिला निर्वाचन पदाधिकारीयों या मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कर्यालय के स्तर से किस प्रकार के समन्वय एवं सहयोग की अपेक्षा रखते हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी से अपील की कि इस बार राज्य के शहरी क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने में सभी के सर्वश्रेष्ठ प्रयास अपेक्षित हैं।

बैठक के दौरान राज्य के सभी नगर निकायों के प्रशासक, शहरी क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों के अलावा अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा, संयुक्त सचिव सुबोध कुमार, ओएसडी गीता चौबे, अवर सचिव देवदास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी मुख्यालय संजय कुमार सहित कई पदाधिकारी-कर्मी थे।

# एचइसी की बदहाली पर कांग्रेस को बदनाम करने से पहले बीजेपी नेता अपनी गिरेबां में झांके: रोहित

**बीजेपी नेताओं को अनर्गल बयानबाजी के बजाय एचईसी को बचाने की दी नसीहत**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** एचईसी को लेकर बीजेपी नेता प्रतुल शाहदेव के बयान पर कांग्रेस नेता रोहित पांडेय ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि बीजेपी नेताओं की मानसिक स्थिति गड़बड़ा गई है। एचईसी की बदहाली का जिम्मेदार कांग्रेस पार्टी नहीं बल्कि बीजेपी है। उन्होंने याद दिलाते हुए कहा है कि जब अटल जी (तत्कालीन एनडीए) की सरकार थी तब भी एचईसी के कामगारों का वेतन 6 महीने पीछे चल रहा था और जैसे ही अगली सरकार मनमोहन सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी (तत्कालीन यूपीए) की बनी तब सुबोधकांत सहाय ने पहल कर एक सशक्त प्रबंधन एचईसी को दिलाने का काम किया। तब की प्रबंधन ने एक मुश्त 6 महीने का लंबित वेतन का भुगतान तो किया ही साथ ही लंबे समय से लंबित पदोन्नति की प्रक्रिया पूरी की जिससे वहां के कामगारों का मनोबल बढ़ा और उन्हीं मजदूरों ने एचईसी की कायाकल्प की कहानी लिखनी शुरू की।

रोहित पांडेय ने कहा कि 2006 से लेकर 2013 तक एचईसी ने लगातार मुनाफा कमाया। जिसका इनाम भी वहां के कामगारों को मिला। एचईसी के कामगारों को दो दो रिवीजन एक 1997 का और दूसरा 2007 का मिला जिससे हजारों कामगारों का आर्थिक फायदा हुआ। एचईसी को बदहाली से निकालने के लिए 2005 और फिर 2008 में रिवाइवल पैकेज भी सुबोधकांत सहाय के कुशल नेतृत्व में तत्कालीन कांग्रेस (यूपीए) की सरकार से दिलवाने का काम किया। रोहित पांडेय ने आगे कहा की बीजेपी नेता अनर्गल बयानबाजी देने के बजाय एचईसी को कैसे सशक्त किया जाए इस पर चर्चा कर अविलंब यहां के कामगारों का 23 महीने से बकाया वेतन दिलवाने का काम करें।

# सीएम से मिले गोमिया विधायक बेरमो को जिला बनाने की मांग



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** गोमिया विधायक डॉ. लंबोदर महतो के नेतृत्व में शुक्रवार को एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से मिला। इस दौरान सीएम से बेरमो को जिला बनाने की मांग की। उन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष कई तर्क रखे जिससे बेरमो को जिला बनाया जाये। बेरमो को जिला बनाने की मांग को लेकर पिछले 80 दिनों से बेरमो अनुमंडल कार्यालय के बाहर घरना पर बैठे हैं। इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी मुलाकात कर चुके हैं। वहीं बेरमो जिला बनाओ के आंदोलनकारी तेनुघाट से रांची तक की पद यात्रा भी कर चुके हैं। सीएम से मिलने वालों में अधिवक्ता संघ बेरमो के अध्यक्ष कामेश्वर मिश्रा, सचिव वकील महतो, कुलदीप प्रजापति, मिथुन चन्द्रवंशी और मुकेश थे।

झामुमो से फिर नाराज हुए विधायक, कहा

# हेमलाल को पार्टी ने टिकट दिया तो मैं लडूंगा निर्दलीय चुनाव : लोबिन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झामुमो विधायक लोबिन हेम्ब्रम फिर से पार्टी में बिगुल फूंक दिया है। उनका मंशा साफ कह रहा है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा से उनकी नाराजगी फिर धरातल पर आ चुकी है। उन्होंने शुक्रवार को घोषणा की है कि वे सात मार्च से राज्य भर में अन्याय यात्रा पर निकलेंगे। यात्रा संथाल परगना के भोगनाडीह से शुरू होगी।

**हेमंत सोरेन ने आदिवासियों, मूलवासियों को ठगा :** जेएमएम विधायक लोबिन हेम्ब्रम का कहना है कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने यहां के आदिवासियों और मूलवासियों को ठगने का काम किया। उनके साथ अन्याय हुआ। यह अन्याय मार्च उसी के खिलाफ है।

## सरकार से वापस भी ले सकते हैं समर्थन

अगर चंपाई सोरेन सरकार को शर्तों पर समर्थन नहीं दिया है। अगर चंपाई सरकार समर्थन दिया है तो वापस ले लेंगे। धीरे-धीरे झामुमो से मोहभंग होता जा रहा है। अब विकल्प देखना होगा, लेकिन गुरुजी हमेशा मेरे दिल में रहेंगे।

## कार्य समिति की बैठक में मेरी बात नहीं सुनी

लोबिन ने कहा कि अगर जनता की मांग रही तो राजमहल सीट से निर्दलीय लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। 7 घाट का पानी पीने वाले हेमलाल मुर्मू को पार्टी टिकट नहीं देगी। कल केंद्रीय कार्यसमिति की बैठक में मैंने पार्टी को अपनी भावनाएं बताने की कोशिश की, लेकिन चंपई सोरेन ने भी नहीं सुनी।

# पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश की जमानत पर हाइकोर्ट में सुनवाई पूरी, आदेश सुरक्षित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीद बिक्री से जुड़े मामले में पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश की जमानत याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गई। जिसके बाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया।

दरअसल, विष्णु अग्रवाल पर चेशायर होम रोड की 1 एकड़ की जमीन गलत ढंग से खरीदने का आरोप है। इस मामले में प्रेम प्रकाश, अमित कुमार अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल सहित 10 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल हो चुका है। ईडी ने मामले में ईसीआईआर 5/2023 दर्ज किया गया है।

ईडी ने अपनी जांच में पाया था कि इस जमीन के मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ की गई थी। कोलकाता रजिस्ट्री कार्यालय में रखे मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ कर रैयत का नाम बदला गया था। जिसके बाद विष्णु अग्रवाल ने यह जमीन खरीदी थी। जालसाजी कर मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ कर गंगाधर राय को इस जमीन का फर्जी मालिक बनाया गया था। बाद में गंगाधर राय के पोते राजेश राय से यह जमीन खरीद बिक्री की गई थी। इस मामले में प्रेम प्रकाश की संलिप्तता पाई गई है।

# मैं फील्ड का आदमी हूं, भवन निर्माण कार्य में कोई परेशानी मिली तो बख्शे नहीं जायेंगे : बसंत सोरेन



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भवन निर्माण विभाग मंत्री बसंत सोरेन ने शुक्रवार को विभाग के अधिकारियों व इंजीनियरों की जमकर क्लास ली। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार बनने के बाद बने युवा मंत्री बसंत सोरेन ने प्रोजेक्ट भवन सभागार में अधिकारियों व इंजीनियरों के साथ विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए स्पष्ट दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मैं फील्ड का आदमी हूं, अगर मुझे भ्रमण और योजनाओं के निरीक्षण करते हुए कुछ गड़बड़ी-परेशानी सामने मिली तो आप बख्शे नहीं जायेंगे। ऐसे में समय पर और गुणवत्तापूर्ण योजनाओं का काम पूरा करायें नहीं तो कड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने लंबित योजनाओं पर नाराजगी व्यक्त की। धुर्वा में श्री कृष्ण लोक सेवा संस्थान के नये भवन के निर्माण कार्य में सुस्ती पर इंजीनियरों की क्लास ली और पूछा कि आखिर एक साल पहले स्वीकृत योजना पर मात्र 10 फीसदी ही क्यों कार्य हुआ।

मंत्री ने यह भी कहा कि जो भवन बनकर तैयार हो गये हैं उसे समय रहते हैंडओवर करने का काम करें, नहीं तो बिल्डिंग रख-रखाव के बिना खराब होती है, उसे ठीक करने में भारी राशि खर्च करनी पड़ती है जो पूरी तरह से धनराशि का अपव्यय है। मंत्री ने योजनाओं के चयन-डीपीआर निर्माण के समय ही सारी बाधाओं को दूर करने का प्रयास करने को कहा। जमीन उपलब्ध होने के बाद ही योजना लेने का निर्देश भी दिया। विभाग की समीक्षा बैठक में भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी व भवन निर्माण सचिव मनीष रंजन सहित विभाग के वरीय पदाधिकारी सभी डिवीजन के कार्यपालक अभियंता उपस्थित थे।

# ताराचंद और हरीश यादव की जमानत याचिका पर सुनवाई पूरी, आदेश सुरक्षित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मनी लाउंड्रिंग मामले के आरोप में जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के सहयोगी हवाला कारोबारी ताराचंद एवं नीरज मित्तल के सहयोगी हरीश यादव की जमानत याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में शुक्रवार को हुई। मामले में कोर्ट ने प्रार्थी और ईडी का पक्ष सुना, इसके बाद कोर्ट ने इन दोनों के मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया। वही वीरेंद्र राम के दो अन्य सहयोगियों राम प्रकाश भाटिया एवं सीए नीरज मित्तल की ओर से दाखिल जमानत याचिका वापस ले ली गई।

बता दें कि ताराचंद और हरीश यादव के खिलाफ ईडी ने अभियोजन शिकायत (चार्जशीट) कोर्ट में दाखिल की है। ताराचंद और हरीश यादव को ईडी ने 23 जून 2023 को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद ताराचंद को पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई थी। इन पर वीरेंद्र राम के पैसों का निवेश में सहायता करने का आरोप है। वीरेंद्र राम की ब्लैक मनी को वे विभिन्न बैंकों में लोगो के अकाउंट खुलवाकर व्हाइट करने का काम करते थे। लोगों के बैंक अकाउंट खुलवाने का काम वह वीरेंद्र राम के सीए नीरज मित्तल के कहने पर करता था।

स्पीकर रबींद्रनाथ महतो ने सदन में अपना प्रारंभिक वक्तव्य दिया, सरकार की गिनायीं उपलब्धियां

# सरकार ने चुनावी वादों के अनुरूप कार्य किया : स्पीकर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** स्पीकर रबींद्रनाथ महतो ने सदन में अपना प्रारंभिक वक्तव्य दिया। उन्होंने कहा कि पंचम झारखंड विधान सभा का यह अतिम बजट सत्र है। पिछले चार वर्षों के दौरान राज्य सरकार ने विधान सभा चुनावों में किये गये अपने वादों के अनुरूप कार्य किया है। अपनी योजनाओं और उनके क्रियान्वयन में राज्य के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के हितों की रक्षा को ध्यान में रखते हुए कार्य किया है। 2019 के विधान सभा के चुनाव के बाद राज्य के अंतिम संप्रभु राज्य की जनता ने जो जनमत दिया था। वह बिल्कुल स्पष्ट था। परंतु राज्य के विभिन्न राजनीतिक परिस्थितियों के कारण जो अस्थिरता उत्पन्न हुई है इसी कारण आज उसी जनमत पर आधारित एक नई सरकार इस बजट सत्र में अपना बजट प्रस्तुत करने जा रही है। सदन नेता चपांई सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार ने 5 फरवरी को इस पवित्र सदन का विश्वास हासिल किया था। अब नई सरकार पूर्ण रूप से गठित हो गई है। मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा हो गया है। मुख्यमंत्री सहित सभी मंत्रियों को आने वाले समय में जनसेवा के उत्कृष्ट कार्यों के लिए शुभकामनायें देता हूं। नये मंत्रिमंडल में दो नये युवा चेहरों को शामिल किया गया है। मैं मंत्री बसंत सोरेन व दीपक बिरूवा को मंत्री के रूप में बेहतर कार्यों के लिए अपनी शुभकामनाएं देता हूं। मुझे विश्वास है कि दोनों मंत्री दिशोम गुरू शिबू सोरेन द्वारा क्रांति की जो अलख जलाई गई थी, उसे बुझने नहीं देंगे। अपने कार्यों से उसे अधिक और मजबूती प्रदान करेंगे। स्पीकर ने कहा कि वर्तमान सत्र के दौरान कुल सात बैठकें निर्धारित है। इनमें सरकार द्वारा वर्ष 2023-24 के तृतीय अनुपूरक व्यय विवरणी तथा वित्तीय वर्ष 2024-25 का आय व्ययक का उपस्थापन किया जायेगा। राजकीय विधेयक एवं गैर सरकारी संकल्प के लिये एक दिन निर्धारित है। इसके अतिरिक्त प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियमों के अधीन सदस्यों को जन सरोकार से जुड़े विषयों और समस्याओं पर सत्र के दौरान प्रश्नकाल, शून्यकाल, ध्यानाकर्षण सूचनाएं, प्रस्तावों और संकल्पों को उठाने के अवसर भी प्राप्त होंगे। बजट राज्य के आय-व्यय का दर्पण होता है। इसके माध्यम से आप सभी को अवसर मिलेंगे कि सरकार के



वित्तीय प्रबंधन की समीक्षा करें।

जिन क्षेत्रों में विकास की ज्यादा जरूरत है, उन क्षेत्रों में सरकार को ज्यादा राशि के निवेश के लिए परामर्श दें। बजट प्रस्ताव और अनुदान की मांगों और कटौती प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान सदस्यों के जो उपयोगी और सुझाव आते हैं, उन्हें आने वाले वित्तीय वर्षों व बजट या चालू वित्त वर्ष के ही अनुपूरक बजटों में समाहित कर बजटीय प्रबंधन में सदस्यों की भूमिका को सुनिश्चित किया जा सकता है। बजट प्रस्तावों और कटौती प्रस्तावों पर अपनी बातों को जनहित में अवश्य रखें। स्पीकर ने कहा कि पंचम झारखंड विधान सभा समाप्ति की ओर है। जनता ने अपना स्पष्ट अभिमत झारखंड के वर्ष 2019 के विधान सभा चुनाव में दिया। वास्तव में लोकतंत्र में जनता से ही अंतिम संप्रभुता निहित होता है। हर बार हम सब चुनावों में जाते हैं तो कुछ वादी फेहरिस्त को जनता के सामने प्रस्तुत करते हैं। जनता उन वादों का और उन वादों को निभाने की दिशा में किये गये ईमानदार प्रयासों का मूल्यांकन, आकलन करती है। अपने इसी तोल मोल के आधार पर अपने जनमत का प्रयोग करती है। कई बार हमें यह भ्रांति हो जाती है कि लोकमत की यादाशत बहुत छोटी होती है। परंतु जनता सब बातों व्यवहारों का स्मरण रखती है। इसके आधार पर ही अपने जनप्रतिनिधियों का चयन करती है।

## सदन की कार्यावधि में एक घंटे का होगा विस्तार

**रांची।** विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो की अध्यक्षता में झारखंड विधानसभा स्थित स्पीकर कक्ष में कार्य मंत्रणा समिति की बैठक हुई। बैठक में सत्र के सुचारू संचालन और कार्यदिवस के दिन अवधि विस्तार पर चर्चा की गयी। चर्चा के दौरान कार्यादिवस के दिन एक घंटा समय बढ़ाया जा सकता है। विपक्ष के विधायकों ने छोटे सत्र का हवाला देते हुये समय बढ़ाने की मांग की थी।

हालांकि, स्पीकर ने आश्वस्त किया कि स्थिति को देखते हुये कार्यदिवस की दूसरी पाली में समय बढ़ाने का निर्णय लिया जा सकता है।

बैठक में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और प्रतिपक्ष के नेता अमर बाउरी शामिल हुये। इनके अलावा मंत्री रामेश्वर उरांव, मंत्री बादल पत्रलेख, मंत्री बसंत सोरेन, विधायक सीपी सिंह, सुदेश महतो, सरयू राय, नीलकंठ सिंह मुंडा,मथुरा महतो, नलिन सोरेन, प्रदीप यादव, अपर्णा सेन गुप्ता, विनोद सिंह एवं डॉ लंबोदर महतो उपस्थित थे।

## शोक प्रकाश : दिवंगतों को दी गयी श्रद्धांजलि

सदन में सोमवार को विगत सत्र से अब तक की अवधि में दिवंगत हुए कई राजनेता, कलाकार व प्रमुख लोगों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गयी। स्पीकर रबींद्रनाथ महतो, सीएम चंपाई सोरेन व प्रतिपक्ष के नेता अमर बाउरी सहित अन्य विधायक दल के नेताओं ने सदन में शोक संवेदना प्रकट की और दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी। दिवंगतों में पूर्व विधायक चंद्रिका महथा, ब्रम्हानंद मंडल, गुणानंद झा व सरयुग मंडल, न्यायविद फली एस नरीमन, शास्त्रीय संगीत गायिकाडॉ प्रभा अत्रे, गायक उस्ताद राशिद खान, अमीन सयानी के अलावा छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सीआरपीफ के तीन जवानों के शहीद होने की घटना, जम्मू-कश्मीर के पूंछ में आतंकवादियों के हमले में चार सैनिकों की मौत, चतरा में नक्सली हमले में दो जवानों को श्रद्धांजलि दी गयी। शोक प्रस्ताव पढ़े जाने के दौरान नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने रामगढ़ जिले के थाने के हाजत में हुई युवक की मौत का मामला उठाया। उन्होंने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाया है। कहा है कि युवक की मौत पुलिस की पिटाई से हुई है। इस मामले में पीड़ित परिवार को न्याय मिले। गौरतलब है कि रामगढ़ जिले के थाने के हाजत में चोरी मामले में पूछताछ के लिए बंद 18 वर्षीय युवक की मौत हो गई।

टीएमसी प्रदेश उपाध्यक्ष जोवा रानी पाल आजसू में शामिल

# भ्रष्टाचार व अराजकता राज्य सरकार की उपलब्धि: सुदेश



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राज्य सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी मूलभूत व्यवस्थाओं को चौपट कर दिया है। राज्य में भ्रष्टाचार और अराजकता इनकी उपलब्धि है। इनके द्वारा बनाई गई योजनाएं सिर्फ कागजों तक ही सीमित हैं। युवा जो इस राज्य के भाग्य विधाता हैं उन्हें सरकार की गलत नीति और नीयत के चलते अपना भविष्य अंधेरे में नजर आ रहा है। उक्त बातें पूर्व उपमुख्यमंत्री सह केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने उनके रांची स्थित आवासीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह के दौरान कही। मौके पर पार्टी के केंद्रीय महासचिव अजय सिंह के नेतृत्व में टीएमसी प्रदेश उपाध्यक्ष जोवा रानी पाल समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं और समाजसेवियों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

मौके पर उन्होंने कहा कि राज्य के हर जिला, प्रखंड, हर वर्ग, समुदाय से जुड़े लोग आजसू पार्टी में शामिल हो रहे हैं। यह आजसू के प्रति राज्यवासियों के बढ़ते विश्वास और उम्मीद का प्रतीक है। हम सभी को मिलकर राज्यवासियों की उम्मीदों को खरा उतरना है और राज्य में आवश्यक राजनीतिक बदलाव के लिए मार्ग को प्रशस्त करना है। सुदेश महतो ने कहा कि आप सभी के राजनीतिक और सामाजिक अनुभव को आजसू पार्टी मंच देगी। इस मंच से आप जनता की सेवा और उनकी सशक्त आवाज बनें।

पार्टी में शामिल हुई टीएमसी की प्रदेश उपाध्यक्ष जोवा रानी पाल ने कहा कि आज झारखंड की जनता के उत्थान के लिए कुशल नेतृत्व की आवश्यकता है। राज्य को यह नेतृत्व आजसू पार्टी और सुदेश महतो ही दे सकती है। राज्य के विकास को लेकर जो सुदेश जी का विजन है उससे प्रभावित होकर आजसू में शामिल हो रही हूं। पार्टी द्वारा जो भी जिम्मेदारी दी जाएगी उसे पूरा करूँगी।

# गौरांगी गौरी जी ने किया श्रीराम कथा एवं गुरु महिमा का वर्णन, मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु

## श्रीराम मंदिर स्थापना की चतुर्थ वर्षगांठ पर पूरा क्षेत्र हुआ भक्तिमय, ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास ने सूर्यधाम के साथ व्यास पीठ का किया पूजन





कथा व्यास पर बैठी सुश्री गौरांगी गौरी जी का अभिनंदन करते ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास, जजमान एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश सिंह धर्मपत्नी के साथ व्यास पीठ की आरती करते हुए, कथा सुनातीं कथावाचिका गौरांगी गौरी जी।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सिदगोड़ा सूर्य मंदिर समिति द्वारा श्रीराम मंदिर स्थापना की चतुर्थ वर्षगांठ के अवसर पर संगीतमय श्रीराम कथा का शुक्रवार को शंख मैदान में शुभारंभ हुआ। कथा प्रारंभ से पहले वैदिक मंत्रोच्चार के बीच राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं ओडिशा के महामहिम राज्यपाल रघुवर दास, संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह, अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, राकेश सिंह सपत्नीक व अन्य ने कथा व्यास पीठ एवं व्यास का विधिवत पूजन किया। पूजन पश्चात श्री अयोध्याधाम से पधारे मर्मज्ञ कथा वाचिका पूज्य पंडित गौरांगी गौरी जी का स्वागत किया गया। स्वागत के पश्चात कथा वाचिका पूज्य पंडित गौरांगी गौरी जी ने श्रीराम कथा के प्रथम दिन श्रीराम कथा महिमा एवं गुरु महिमा का वर्णन किया। कथा में 5 सदस्यीय संगीत मंडली ने मधुर व मनमोहक भजन प्रस्तुत कर पूरे क्षेत्र को भक्तिमय कर दिया। मर्मज्ञ कथा वाचिका पूज्य पंडित गौरांगी गौरी जी ने श्रीमुख से श्रीराम कथा महिमा एवं गुरु महिमा की कथा सुनाकर कथा में शामिल श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कथा में श्रद्धालुओं का जबरदस्त हुजूम शामिल हुआ। पूरे कथा के दौरान भक्तिमय भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए।

**5 सदस्यीय भजन मंडली के सदस्य**
पवन जी- हारमोनियम,
संगीत जी- हारमोनियम,
रंजन जी -ऑक्टोपैड टीम लीडर
आदर्श जी- तबला
गजेंद्र जी- बैंजो
एवं पूज्य देवी जी के पिता श्री।

श्रीराम कथा के दौरान मंच का संचालन सूर्य मंदिर समिति के वरीय सदस्य गुंजन यादव ने किया। कथा समाप्ति पर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद के पैकेट का वितरण किया गया। प्रसंग का वर्णन करते हुए पूज्य पंडित गौरांगी गौरी जी ने कहा कि श्री राम कण-कण में रमण करने वाली शक्ति है और श्री राम की कथा श्रवण करने से इंसान भवसागर से पार हो जाता है। इसकी महिमा जितनी कही जाए, कम ही है। जो भगवान की कथा को श्रवण कर उसे अपने जीवन में चरितार्थ करते हैं उसका जीवन धन्य हो जाता है। गुरु महिमा का वर्णन करते हुए पूज्य गौरी जी ने कहा कि भगवान जगत गुरू हैं, मनुष्य के जीवन में किसी न किसी गुरू की आवश्यकता रहती है। मनुष्य का जीवन बिना गुरू के अधूरा माना जाता है। गुरू के बिना ज्ञान नहीं मिलता और बिना ज्ञान के ईश्वर की प्राप्ति नहीं होती। जीवन रूपी पतंग की डोर गुरू के हाथ में होने से वे उसे ऊंचाई तक ले जाते हैं, जिससे सही दिशा में चलकर लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

**आज शिव-पार्वती शुभ विवाह प्रसंग :** शनिवार की शाम श्रीराम कथा के द्वितीय दिन शनिवार को शिव-पार्वती शुभ विवाह प्रसंग का वर्णन किया जाएगा। कथा दोपहर 3:30 बजे प्रारंभ होगी। इसके लिए एकत्रीकरण का समय 3 बजे है।

# एक्सएलआरआइ में 100 फीसदी प्लेसमेंट

## डॉमेस्टिक में सर्वाधिक 75 लाख के पैकेज पर हुए लॉक



## दो चरणों में हुई फाइनल प्लेसमेंट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** एक्सएलआरआइ के शैक्षणिक सत्र 2022-2024 के विद्यार्थियों का रिकॉर्ड प्लेसमेंट हुआ। दो वर्ष के पीजीडीएम (बिजनेस मैनेजमेंट व ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट) बैच के सभी 509 स्टूडेंट लॉक हो गए। इस बार भी एक्सएलआरआइ के जमशेदपुर और दिल्ली एनसीआर कैंपस के 100 फीसदी विद्यार्थी लॉक हो गये।

इस बार रिक्रूटमेंट की प्रक्रिया में कुल 154 कंपनियों ने हिस्सा लिया। उन्होंने संस्थान के जमशेदपुर व दिल्ली कैंपस के कुल 509 विद्यार्थियों के बीच 519 स्वदेश में जबकि एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऑफर दिया। इसमें 65 ऐसे नये रिक्रूटर थे जिन्होंने पहली बार एक्सलर्स को लॉक किया। इस बार प्लेसमेंट में खास बात यह रही कि फाइनल प्लेसमेंट में चुने गये कुल 33.39 प्रतिशत विद्यार्थियों को उनके समर प्लेसमेंट में उनके द्वारा बेहतर कार्य करने की वजह से प्री प्लेसमेंट ऑफर ( पीपीओ ) मिल चुका था। प्लेसमेंट प्रक्रिया में जमशेदपुर और दिल्ली दोनों ही कैंपस के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

- पहला चरण - लेटरल रिक्रूटमेंट प्रोसेस (एलआरपी) - जनवरी 2024 में एक सप्ताह के लिए आयोजित किया गया था, जहां पूर्व कार्य अनुभव वाले छात्रों का साक्षात्कार लिया गया था और उन्हें प्रवेश स्तर के पदों से ऊपर की पेशकश की गयी थी।

- दूसरा चरण - कैंपस रिक्रूटमेंट प्रोसेस (सीआरपी) - फरवरी 2024 में एक ही दिन में आयोजित किया गया, जहां कार्य अनुभव का कोई अलग आधार नहीं था। सभी विद्यार्थियों का इंटरव्यू के आधार पर चयन किया गया. प्लेसमेंट प्रक्रिया में जमशेदपुर और दिल्ली कैंपस के छात्रों ने हिस्सा लिया।

**बाजार की कठिन परिस्थिति के बावजूद रहा शानदार प्लेसमेंट : डायरेक्टर**

एक्सएलआरआइ के डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज ने इस उपलब्धि के लिए सभी छात्रों को बधाई दी और उनकी सराहना की। कहा कि संस्थान के ये छात्र कल से रिस्पांसिबल लीडर बनेंगे जो देश के विकास में बड़ी भूमिका निभायेंगे। कहा कि एक्सएलआरआइ ने इस साल बाजार की कठिन परिस्थितियों के बीच रिकॉर्ड समय सीमा में 100% प्लेसमेंट की उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने सभी रिक्रूटरों की भी सराहना की।

**एक्सएलआरआइ के फाइनल प्लेसमेंट 2024 की मुख्य बातें :** इस बैच को दिया जाने वाला औसत वेतन 28.0 लाख रुपये प्रति वर्ष रहा, जिसमें शीर्ष 10 विद्यार्थियों का औसत पैकेज 51.66 लाख जबकि शीर्ष 25 पर्सेंटाइल वाले विद्यार्थियों तक का औसत पैकेज 42.98 लाख रुपये प्रति वर्ष था।

औसत वेतन 29.89 लाख रुपये प्रति वर्ष दिया गया।

बीएफएसआई क्षेत्र से प्रति वर्ष 75 लाख रुपये का हाइयेस्ट डोमेस्टिक ऑफर दिया गया।

नये रिक्रूटरों की संख्याः 65

सबसे ज्यादा कंसल्टिंग, सेल्स एंड मार्केटिंग व आइटीईएस सेक्टर से ऑफर दिये गये।

एक्सेंचर स्ट्रेटेजी, अमेजॉन, बैन एंड कंपनी, बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप, एचयूएल, आईटीसी,एशियन पेंट्स, रिलायंस, टाटा स्टील, ओला और पीडब्ल्यूसी ने नियमित भर्ती करने वालों में सबसे ज्यादा ऑफर दिये

33.39 % छात्रों को प्री-प्लेसमेंट ऑफर प्राप्त हुए

नये रिक्रूटरों में एयर इंडिया, श्री सीमेंट, गोदरेज, टाटा इलेक्ट्रॉनिक जैसी कंपनियाँ शामिल हैं।

**सेक्टर वाइज प्लेसमेंट**

एक्सलर्स को दिये गये ऑफर में सबसे ज्यादा कंसल्टिंग, आईटीईएस, ई-कॉमर्स, सेल्स एंड मार्केटिंग व जेनरल मैनेजमेंट थे। कंसल्टिंग फर्मों ने 26% उम्मीदवारों को ऑफर दिया। आईटीईएस, ई-कॉमर्स, सेल्स एंड मार्केटिंग ने छात्रों को क्रमशः 20% और 17% ऑफर दिया। वहीं, एक्सेंचर स्ट्रैटेजी, अमेजॅन, बीसीजी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाटा स्टील, बजाज ऑटो समेत कई अन्य रिक्रूटरों के बीच सबसे अधिक संख्या में ऑफर दिये। अन्य नये नियोक्ताओं में ओला, बीएमडब्ल्यू, फिलिप मॉरिश, लॉरियल समेत कई अन्य शामिल हैं।

## बीएनएमएच को मिला शहर में सर्वश्रेष्ठ हॉस्पिटल का पुरस्कार

**जमशेदपुर।** ब्रह्मानंद नारायणा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, (बीएनएमएच) तामोलिया जमशेदपुर को मुंबई में आयोजित एक प्रतिष्ठित कार्यक्रम में शहर के सर्वश्रेष्ठ हॉस्पिटल के रूप में मान्यता दी गई है। इस संबंध में हॉस्पिटल के फैसिलिटी डायरेक्टर विनीत राज ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञाप्ति जारी कर बताया कि यह सम्मान असाधारण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह पुरस्कार हमारी समर्पित टीम के सामूहिक प्रयासों, मजबूत नेतृत्व और जिस समुदाय की हम सेवा करते हैं, उस भरोसे का प्रतिबिंब है। हम अपने असाधारण कर्मचारियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं, जिनके समर्पण और कड़ी मेहनत ने इस मील के पत्थर को हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि यह स्वास्थ्य देखभाल के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। यह उपलब्धि हमारे समुदाय के निरंतर समर्थन और हमारे स्वास्थ्य सेवा के अथक प्रयासों के बिना संभव नहीं होती।

## भगवान विश्वकर्मा के पांचवें वार्षिकोत्सव पर महाआरती का भव्य आयोजन

**गम्हरिया।** विश्वकर्मा समाज गम्हरिया की ओर से प्रखंड के जगन्नाथपुर, पूंजीडुंगरी में स्थित मंदिर में भगवान श्री विश्वकर्मा के पांचवे प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस मौके पर विभिन्न प्रकार के धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया जिसमें काफी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। जाएगा। इसकी तैयारी पूर्ण कर ली गई है। इस मौके पर प्रातःकाल में प्रसिद्ध पंडितों की मौजूदगी में भगवान विश्वकर्मा की विधि-विधान से पवित्र मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना की गई। तत्पश्चात सन्ध्या काल मे बनारस से आए कई प्रसिद्ध पंडितों द्वारा भगवान विश्वकर्मा की महाआरती का आयोजन किया गया। इस महाआरती में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी थी। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक अरविंद सिंह उपस्थित थे।

# जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी का प्रथम दीक्षांत समारोह 1 मार्च को

## छात्राओं को सफेद सलवार सूट और लाल दुप्पटे का ड्रेस कोड




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर वीमेन्स यूनिवर्सिटी के प्रथम दीक्षांत समारोह की रूपरेखा कुलपति प्रो० डॉ० अंजिला गुप्ता के निर्देशन में तय कर ली गई है । दीक्षांत समारोह 1 मार्च 2024 को दिन के 11 बजे से यूनिवर्सिटी के सिदगोड़ा कैंपस में भव्य तरीके से आयोजित किया जायेगा। इस अवसर पर झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित होकर उत्कृष्ट छात्राओं को स्वर्ण पदक एवं डिग्री प्रदान करेंगे। राज्यपाल महामहिम श्री सी ० पी० राधाकृष्णन द्वारा (सत्र 2021 - 2023 ) स्नातकोत्तर मानविकी, समाज विज्ञान, विज्ञान, वाणिज्य, बी०एड० एवं बीपी एड में उच्चतम अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को स्वर्ण पदक प्रदान किया जाएगा । इस आयोजन की सफलता के लिए माननीय कुलपति के निर्देश में विभिन्न कमिटियों का गठन किया गया है जो पूरे उत्साह के साथ अपने -अपने कार्यो का निष्पादन कर रहे हैं । दीक्षांत समारोह का आयोजन वीमेन्स यूनिवर्सिटी के सिदगोड़ा कैंपस में करने का निर्णय लिया गया है। विश्वविद्यालय की नई बिल्डिंग का निर्माण रुसा द्वारा एचआरडीसी की मदद से किया गया है। वर्ष 2022 में प्रो डॉ अंजिला गुप्ता ने प्रथम कुलपति का पद ग्रहण किया।

# विंटेज और क्लासिक कार तथा बाइक रैली आज से



चाईबासा से अपनी विंटेज कार और बाइक लेकर जमशेदपुर पहुंचे सिंह बंधु।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर विंटेज और क्लासिक कार एवं बाइक रैली का बहुप्रतीक्षित तीसरा संस्करण कल गोपाल मैदान में शुरू होने वाला है, जिसमें 150 से अधिक गाड़ियां शहर के गौरवशाली अतीत और जीवंत वर्तमान के बीच से एक रोमांचक यात्रा का के जरिये लोगों का उत्साह बढ़ाएंगे। पहले दिन (24 जनवरी) को, विंटेज कारों और बाइक को गोपाल मैदान में दोपहर 3:00 बजे से शाम 6:00 बजे के बीच जनता के देखने के लिए प्रदर्शित किया जाएगा, जबकि दूसरे दिन (25 फरवरी) को मुख्य अतिथि और अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा कार एवं बाइक का निरीक्षण किया जाएगा और सुबह 8:30 बजे रैली को औपचारिक रूप से झंडी दिखाकर रवाना किया गया। टाटा स्टील के कॉरपोरेट सर्विसेज के वाईस प्रेसिडेंट चाणक्य चौधरी फ्लैग-ऑफ समारोह के मुख्य अतिथि होंगे।

# 25 फरवरी को अयोध्या हिल पर होगा मैराथन फॉर ट्राइबल्स

पूर्वी सिंहभूम से शामिल होंगे पद्मश्री जानुम सिंह सोय, पद्मश्री जमुना टुडू एवं पद्मश्री चामी मुर्मू

**कुशल एजुकेशनल फाउंडेशन कर रहा है आदिवासी विभूतियों का जमावड़ा**




संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते नरेश अग्रवाल। साथ में अशोक भालोटिया, संदीप मुरारका, कमल अग्रवाल व अन्य।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** कुशल एजुकेशनल फाउंडेशन पुरुलिया द्वारा आगामी 25 फरवरी को अजोध्या हिल पर मैराथन फॉर ट्राइबल्स का आयोजन किया जा रहा है। मैराथन के लिए लगभग एक हजार धावकों ने पंजीकरण करवा लिया है। पंजीकरण शुल्क 499 रुपये है, जबकि आदिवासियों के लिए यह पंजीकरण निःशुल्क है। पंजीकरण करवाने वाले धावकों को एक किट प्रदान की जायेगी जिसमें टी शर्ट के साथ अन्य कई सामग्रियां होंगी। सभी धावकों के लिए सुबह के नाश्ते की व्यवस्था भी की गई है। मैराथन तीन श्रेणीयों में संपन्न होगी। पांच किलोमीटर, दस किलोमीटर एवं इक्कीस किलोमीटर की इस मैराथन में प्रथम पुरस्कार 51000 रुपये, 21000 रुपये एवं 5000 रुपये होगा। सभी धावकों को पूर्णता मैडल एवं ऑनलाइन प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। मैराथन पौराणिक अयोध्या हिल पहाड़, पुरुलिया, पं बंगाल पर संपन्न होगी। इसमें प्रत्येक किलोमीटर पर जुम्बा, ढ़ोल, नगाड़ा, पंजाबी नृत्य, छऊ नृत्य, संताल नृत्य, लाइव पेंटिंग इत्यादि मनोरंजक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। अयोध्या पहाड़ आदिवासी उन्नयन संघ के सहयोग से आयोजित इस मैराथन के रास्ते में विभिन्न स्थानों पर पानी, ग्लूकोज, फर्स्ट एड, एम्बुलेंस, फल इत्यादि के स्टॉल लगाए जा रहे हैं।

**मुख्य न्यायाधीश अपरेश कुमार सिंह और कलाकार रणविजय सांगा करेंगे फ्लैग ऑफ :** कुशल एजुकेशनल फाउंडेशन के चेयरमैन नरेश अग्रवाल के मार्गदर्शन में आयोजित पुरुलिया मैराथन की शुरूआत प्रातः सात बजे होगी जिसे त्रिपुरा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश अपरेश कुमार सिंह और मुंबई के विख्यात टीवी कलाकार रणविजय सांगा झंडा दिखाकर रवाना करेंगे। मैराथन फॉर ट्राइबल्स को पुरुलिया की विभिन्न संस्थाओं एवं स्थानीय क्लबों का भरपूर सहयोग एवं समर्थन प्राप्त हो रहा है क्योंकि कुशलपल्ली अयोध्या के लगभग दो सौ परिवारों को प्रत्यक्ष रोजगार प्रदान कर रहा है।

आयोजन समिति के अशोक चौधरी ने जानकारी दी कि 25 फरवरी को संध्या 5 बजे से कुशलपल्ली रिसोर्ट में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसमें विश्वविख्यात नृत्यांगना पद्मश्री गुलाबो सपेरा कालबेलिया नृत्य की प्रस्तुति देंगी। वे अपने समूह के पंद्रह कलाकारों के साथ राजस्थान से आ रही हैं। जंगल महल क्षेत्र में पहली बार ऐसा भव्य आयोजन हो रहा है। विश्व फलक पर कालबेलिया नृत्य की पहचान स्थापित करने वाली आदिवासी नृत्यांगना गुलाबो सपेरा 165 देशों में कार्यक्रम कर चुकी हैं। साथ ही पुरुलिया छऊ नृत्य एवं मुंडारी व संताली नृत्य भी प्रदर्शित किये जाएंगे। एक नेत्रहीन आदिवासी व्यक्ति का मनमोहक बांसुरी वादन होगा। इसी सांस्कृतिक संध्या बेला में मैराथन के विजताओं के मध्य पुरुस्कार वितरण किया जाएगा।

## खबर एक नजर में

### जिला शिक्षा अधीक्षक ने किया पदभार ग्रहण

**कोडरमा।** जिला शिक्षा अधीक्षक सह प्रभारी जिला शिक्षा पदाधिकारी के रूप में विनय कुमार सिंह ने निवर्तमान डीएसई नयन कुमार से पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के उपरांत जिले के नए डीएसई सह डीईओ श्री सिंह ने कहा कि जिले के सरकारी स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के साथ-साथ विद्यालयों में बेहतर शैक्षणिक वातावरण तैयार करवाने का हर सम्भव प्रयास किया जाएगा। गौरतलब हो कि कोडरमा के निवर्तमान डीएसई सह डीईओ नयन कुमार का स्थानांतरण पाकुड़ हो जाने के बाद गिरिडीह से कोडरमा स्थानांतरित डीएसई सह प्रभारी डीईओ विनय कुमार सिंह ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया।

### जनता दरबार का आयोजन, उमड़ी फरियादियों की भीड़

**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया, जिसमे दूरदराज से आये ग्रामीणों ने बारी-बारी से अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए, उपायुक्त से आवश्यक कार्रवाई करने की मांग किया। शुक्रवार को आयोजित जनता दरबार में भूमि बंदोबस्ती कर किराया निर्धारित करने, अनुकम्पा पर नियुक्ति, भूमि विवाद आदि से सम्बंधित मामले आये। उपायुक्त ने ग्रामीणों से बारी बारी से उनकी समस्याओं को सुना और जल्द समाधान करने का आश्वासन देते हुए उनके आवेदनों को सम्बंधित पदाधिकारियों को प्रेषित कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम दो मार्च तक

**कोडरमा।** फाइलेरिया उन्मूलन हेतु 10 फरवरी से 25 फरवरी तक मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम क्रियान्वित है, जिसमें जिला अंतर्गत अब तक कुल लक्षित आबा इसदी 727001 में से कल 568971 लोगों को फाइलेरिया की दवा खिलाई गई, जिसका प्रतिशत 7826 है। जिले में शत प्रतिशत लोगों को दवा सेवन कराने हेतु शुक्रवार को एनसीसी 45 बटालियन कोडरमा के छात्रों द्वारा बागीटांड़ स्टेडियम से मंडल कोडरमा बाजार बजरंगबली मंदिर तक रैली के माध्यम से लोगों को दवा सेवन हेतु जागरूक किया गया। वहीं सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार द्वारा बताया गया कि कार्यक्रम के दौरान वंचित लोगों को दवा सेवन कराने हेतु कार्यक्रम की अवधि विस्तार करते हुए 2 मार्च तक कार्यक्रम चलाया जाएगा। इसलिए आम जनों से अपील है कि कार्यक्रम के दौरान फाइलेरिया रोगी दवा अवश्य सेवन करें एवं फाइलेरिया जैसे इलाज बीमारी से अपना बचाव करें। मौके पर एनसीसी के विभिन्न जवान, स्वास्थ्य विभाग के जिला भीबीडी पदाधिकारी डॉ.मनोज कुमार, शंभू कुमार, ललन कुमार राणा, सुनील कुमार पंडित, सुनील कुमार, विक्रम कुमार व अन्य कर्मी मौजूद थे।

### शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत स्कूलों में नामांकन को लेकर डीसी ने लांच किया पोर्टल

**कोडरमा।** जिले के मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत प्रारंभिक कक्षा के 25 प्रतिशत सीटों पर नामांकन को लेकर उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा शुक्रवार को आरटीई पोर्टल लॉन्च किया गया। वहीं उन्होंने कहा कि इस पोर्टल के माध्यम से आरटीई के तहत अभिभावक अपने बच्चों का इच्छुक स्कूलों में नामांकन को लेकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। डीसी ने बताया की ऑनलाइन के माध्यम से प्राप्त आवेदनों से ही मेघा सूची अथवा लॉटरी के जरिये नामांकन हेतु बच्चों का चयन किया जाएगा।

### अवैध बालू खनन व परिवहन कर रहे ट्रैक्टर मालिक पर मामला दर्ज

**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना में अंचल अधिकारी परमेश्वर कुशवाहा ने लिखित आवेदन देकर अंचल क्षेत्र के सकलदेव सिंह, अनिल सिंह एवं सुनील सिंह सभी साकिन मरकच्चो कोटवार मुहल्ला थाना मरकच्चो के विरोध में मामला दर्ज कराया है। दिये गये आवेदन में कहा है कि उक्त लोगों के द्वारा गृह रक्षको एवं अधोहस्ताक्षरी चालक के साथ हाथापाई एवं पथराव कर ट्रैक्टर से बालू डंप कर ट्रैक्टर को भाग ले गए। उन्होंने यह भी बताया कि 23 फरवरी सुबह 6:30 बजे अंचल क्षेत्र में भ्रमण के दौरान तुरिया मोहल्ला के समीप अवै रूप से बालू का खनन एवं परिवहन कर रहे ट्रैक्टर को पकड़ा गया। तत्पश्चात ट्रैक्टर मालिक सकलदेव सिंह, सुनील सिंह एवं अनिल सिंह के द्वारा उनके गृह रक्षकों पर हमला कर दिया, जिसमें गृह रक्षक सुनील कुमार, राजेंद्र प्रसाद यादव, कृष्ण दास एवं वाहन चालक राजकमल के साथ पथराव किया गया। जिसमें सरकारी वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं थाना प्रभारी अब्दुल्ला खान ने मामला दर्ज करते हुए कारवाई शुरू कर दी है।

### तीन वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म का आरोप पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज

**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत दक्षिणी पंचायत के भोजपुर गांव में तीन वर्षीय नाबालिक बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। जिसे लेकर पीड़िता के पिता ने मरकच्चो थाना में आवेदन देकर की न्याय की गुहार लगाया है। मामला गुरुवार शाम 5 बजे की बताई जा रही है। दिये गये आवेदन में बताया कि मेरे बच्ची घर के बाहर खेल रही थी, वही पड़ोस के ही एक नाबालिक 14 वर्षीय लड़का ने बहला फुसलाकर कर मेरी बेटी के साथ दुष्कर्म किया और उसे भूत का भय दिखाकर घर में किसी को नहीं कहने को बोला। उस वक्त मेरी नाबालिक बेटी डर गई, जब उसका पेट दर्द करने लगा तो वह अपनी मां को सारी बात बतायी, इसके बाद रात्रि 9 बजे मरकच्चो थाना में आवेदन दिया।

### वारंटी को भेजा गया जेल

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बाघीटांड न्यू कॉलोनी निवासी संतोष यादव पिता रामानी यादव को कोडरमा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार कोडरमा थाना कांड संख्या 51/21 जीआर (ई) नंबर 49/21 अजमांतीय अभियुक्त संतोष यादव को शुक्रवार को गिरफ्तार कर कानूनी प्रक्रिया के बाद जेल भेज दिया है।

### नवजात बच्ची का शव बरामद

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत परतांगो जंगल में झाड़ियों से शुक्रवार को एक नवजात बच्ची का शव फेंका हुआ बरामद किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार नवजात बच्ची का शव को झाड़ियों में देख ग्रामीणों ने इसकी सूचना डोमचांच थाना पुलिस को दिया, जिसके बाद डोमचांच पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर नवजात बच्ची के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं बताया जाता है कि नवजात लगभग दो तीन दिन का है। डोमचांच पुलिस पूरी मामले की जांच में जुट गई है।

### जाकिर नगर कब्रिस्तान में एसएसपी ने किया पानी घर का उद्घाटन

**जमशेदपुर।** आज संध्या के 5 बजे जाकिर नगर कब्रिस्तान में स्वर्गिय जुबैदा खातून की याद में चौथे शीतल पानी घर का उत्घाटन सीनियर एसपी किशोर कौशल और अलकबीर प्लॉयटेक्निक कॉलेज के प्रिंसिपल वारिस सर्वर इमाम ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर करीम सिटी कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर एवं अध्यक्ष राजनीति विज्ञान विभाग के डॉक्टर अनवर शाहाब,आजादनगर थाना प्रभारी राकेश कुमार सिंह,हाजी मोहम्मद इलियास खा,कब्रिस्तान कमिटी के अध्यक्ष मुख्तार शफी मिस्टर भाई,सचिव अनवारूल हक,हाजी आजाद अंसारी खास तौर से उपस्थित थे। सभी अतिथियों का स्वागत ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के सदस्यों द्वारा पुष्प गुच्छ देकर किया गया। इस शीतल पानी घर को निर्मित करने का मुख्य उद्देश्य यहां आने जाने वाले लोगों के बीच गर्मियों के दिनों में राहगीरों को पानी उपलब्ध करना है। आज के इस कार्यक्रम को कामयाब बनाने में ट्रस्ट के ट्रस्टी सैयद आसिफ अख्तर,अध्यक्ष मतिनुल हक अंसारी,आजादनगर थाना शांति समिति के सेक्रेटरी मुख्तार आलम खान,शाहिद परवेज,मोइनुद्दीन अंसारी,नादिर खान,मासूम खान,फिरोज आलम,अफताब आलम,इरशाद खान एवं ताहिर हुसैन ने मुख्य भूमिका निभाई।

## स्पीड न्यूज

### श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का होगा भव्य आयोजन



पांडू पलामू। पांडू प्रखंड के ग्राम मुसीखाप यज्ञशाला मैदान में श्री 1008 श्री धर्म ध्वजाचार्य जी महाराज के सानिध्य में संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन आगामी सात मार्च से किया जायेगा। जो 24 घंटा के अखंड कीर्तन के पश्चात नौ मार्च को कलश यात्रा और कथा का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम की पूर्णाहुति एवं भव्य भंडारा का आयोजन 15 मार्च को किया जाएगा। इस कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक कई विद्वानों को आने की सूचना प्राप्त हुई है। इस कार्य को लेकर सभी लोग तैयारी में लगे हैं।

### क्षेत्र की जनता को शत प्रतिशत सरकारी लाभ दिलायेंगे : प्रमिला देवी



चैनपुर पलामु। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 31 में वैष्णवी एचपी गैस के माध्यम से प्रथम पार्षद सह जोन अध्यक्ष प्रमिला देवी एंव सांसद प्रतिनिधि भोला पाण्डेय ने संयुक्त रूप से उज्वला गैस वितरण किया। मौके पर प्रथम पार्षद प्रमिला देवी ने कहा कि अपने क्षेत्र का ग्रामीण जनता के लिए दिन-रात लगे रहते हैं। हमारे क्षेत्र की जनता को सरकारी लाभ मिले और चुनाव में किया हुआ वादा को भी तेजी से पूर्ण कर सके इसे लेकर प्रयासरत हैं। प्रधानमंत्री आवास व सड़क योजना एंव विभिन्न प्रकार के जन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने का प्रयास कर रहे हैं। अपने क्षेत्र की जनता के विश्वास पर मैं खरा उतरी हूं। आगे भी उनका दुआ आशीर्वाद रहा तो अपने क्षेत्र की जनता का विश्वास को कभी टूटने नहीं दूंगी। सांसद प्रतिनिधि भोला पाण्डेय ने कहा कि सांसद बीडी राम ने ठाना है अपने लोकसभा क्षेत्र की जनता का समस्याओं को दूर भगाना है। मौके पर लाभुक अजमेरी बीवी, राधिका देवी, रिंकू देवी, सोनी देवी, रीमा देवी, आरती, जेपी गुप्ता, धीरज जायसवाल, मेजर पासवान, जीतू, रिशु आदि शामिल थे।

### भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा का अनावरण विश्रामपुर प्रखंड में कल


विश्रामपुर पलामू। राष्ट्रीय नाई महासभा द्वारा विश्रामपुर प्रखंड के ग्राम लालीमाटी में 25 फरवरी को भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर के प्रतिमा का अनावरण किया जायेगा। इसकी जानकारी देते हुए आयोजक दिनेश ठाकुर ने बताया कि प्रतिमा अनावरण के मुख्य अतिथि झारखंड के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह विश्रामपुर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, नाई महासभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ सीके ठाकुर, राष्ट्रीय सचिव मुकेश ठाकुर होंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय नाई महासभा के उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, सचिव राजेश्वर ठाकुर, जिलाध्यक्ष प्रो बच्चन ठाकुर, लातेहार जिलाध्यक्ष दशरथ ठाकुर, गढ़वा जिलाध्यक्ष गुप्तेश्वर ठाकुर समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। उन्होंने नाई समाज के साथ ही साथ कर्पूरी ठाकुर में आस्था रखने वाले लोगों से आग्रह किया है कि 25 फरवरी को 11 बजे विश्रामपुर प्रखंड के लालीमाटी हरेपा रोड पहुंचकर अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित करें।

### तरहसी : रविदास जयंती पर निकाली गयी भव्य शोभा यात्रा



तरहसी पलामू। पांकी प्रखंड के केल्हवा पंचायत के ग्राम बोरोदिरी में रविदास जयंती के उपलक्ष में भव्य शोभायात्रा निकाला गया। इस भव्य शोभायात्रा का शुभारम्भ पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता के विधायक प्रतिनिधी और केल्हवा पंचायत के मुखिया प्रत्याशी रौशन सिंह ने किया। मौके पर ग्रामीण, पूजा कमिटी के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, सचिव, संचालक और सभी सदस्य शामिल होकर भव्य शोभायात्रा को सफल बनाया।

### पाटन थाना में प्रभारी का पदस्थापना की जाये : रामानंद पांडेय



पाटन पलामू। पाटन थाना में प्रभारी नियुक्त नहीं किये जाने पर पाटन बीससुत्री अध्यक्ष रामानंद पाण्डेय ने प्रशासन के प्रति नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि पाटन थाना में लगभग एक सप्ताह से थाना प्रभारी का पद रिक्त पड़ा हुआ है अभी तक कोई भी थाना प्रभारी का पदस्थापना नहीं किया गया है जिससे जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । उन्होंने कहा कि पलामू जिला के लगभग सभी थानों में प्रभारी को नियुक्त कर दिया गया है लेकिन क्या कारण है कि पाटन थाना में प्रभारी का नियुक्त नहीं किया गया। उन्होंने पलामू एसपी रीष्मा रमेसन से अविलंब पाटन थाना में प्रभारी पदस्थापित करने की मांग की है। कहा कि अगर एक सप्ताह के अन्दर पाटन थाना में प्रभारी का पदस्थापना नहीं किया जाता है, तो पलामू एसपी से मिलकर प्रभारी नियुक्त करने के लिए ज्ञापन देंगे। उन्होंने कहा कि पाटन थाना में नये थाना प्रभारी का पदस्थापना होनी चाहिए।

### शिक्षिका सह कवयित्री अनुपमा तिवारी के पति के निधन पर शोकसभा



मेदिनीनगर। शिक्षिका सह कवयित्री अनुपमा तिवारी के पति अनुग्रह उपाध्याय उर्फ नन्हकू उपाध्याय का हृदय गति रुक जाने से आकस्मिक निधन हो गया। स्व उपाध्याय की पत्नी अनुपमा तिवारी आकाशवाणी डालटनगंज में उदघोषिका तथा सेक्रेट हार्ट स्कूल की शिक्षिका हैं। वह एक जानी-मानी कवयित्री हैं तथा 'अनुपम स्कूल ऑफ आर्ट एंड कम्युनिकेशन' नामक कला संस्था का संचालन भी करती हैं। उनके पति के निधन पर परिमल प्रवाह ने संस्कृत महाविद्यालय मेदिनीनगर में शोकसभा का आयोजन कर श्रद्धांजलि दी तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की। शोकसभा में संस्था के अध्यक्ष रमेश सिंह, सचिव विजय शंकर मिश्र,हरिवंश प्रभात, श्रीधर द्विवेदी, परशुराम तिवारी, राकेश कुमार, अनुज कुमार पाठक, रीना प्रेम दूबे, राम प्रवेश पंडित, धनंजय कुमार पाठक, सिद्धेश्वर सिंह,विजय पाठक द्विज, प्रियरंजन पाठक, कृष्ण मुरारी पाण्डेय, राजीव दूबे, प्रेम प्रकाश दूबे व विजय कुमार ठाकुर सहित कई लोग मौजूद थे।

### विश्वकर्मा वैदिक महायज्ञ का आयोजन, पूर्णाहूति आज



मोहम्मदगंज पलामू। कथा में आ जाने भर से पुण्य के भागी होकर जीवन धन्य हो जाता है। कथा सुनने और उसका पालन करने से तीनों लोक के पुण्य का फल मिलता है। उक्त बातें जबलपुर (मध्य प्रदेश)से मोहम्मदगंज(भीमनगर)में आयोजित विश्वकर्मा सह शिवलिंग स्थापना वैदिक महायज्ञ के तीसरे दिन के प्रवचन कार्यक्रम में पूज्या दीदी मानस मोहिनी शिरोमणि दुबे ने कही। उन्होंने कहा कि जननी और जन्मभूमि स्वर्ग से भी बढ़कर होता है, जिसका सदैव सम्मान करना चाहिए। जबलपुर (मध्यप्रदेश)से ही पधारे पंडित हरिदत्त शास्त्री ने कहा कि श्रीराम कथा जहां भी होता है, वहां रामभक्त हनुमान जी भी कथा श्रवण करने के लिए उपस्थित रहते है। बक्सर (बिहार)से पधारे अरुण शास्त्री ने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा के लिए सभी को धर्म, जाती से ऊपर उठकर कार्य करना चाहिए। मेदिनीनगर से पधारे पंडित महेश्वर शर्मा ने कहा कि मानव जीवन मे सभी कार्य के अपने अपने क्षेत्र है, वैसे ही ईश्वर एक है, भगवान भोलेशंकर देवाधिदेव देव है, भगवान विश्वकर्मा देव शिल्पी है,कोई भी निर्माण, संरचना बाबा विश्वकर्मा के आशीर्वाद से निर्विघ्न पूरा हो जाता है। प्रवचन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सुरेन्द्र विश्वकर्मा, धर्मेन्द्र विश्वकर्मा, गौरीशंकर सिंह, कामेश्वर सिंह, विमलेश विश्वकर्मा, अनिल विश्वकर्मा, द्वारका प्रसाद, कामता मेहता, अरविंद शर्मा, दिलीप मुन्ना सिंह सहित यज्ञ समिति के लोग लगे हुए है।

# एक्सीडेंट प्रोन एरिया में एंबुलेंस सेवा उपलब्ध हो : शशि रंजन

### उपायुक्त ने की जिला सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में शुक्रवार को सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय के सभागार में आयोजित इस बैठक में उपायुक्त रंजन ने जिला परिवहन पदाधिकारी जितेंद्र कुमार यादव से बीते महीनों में हुए सड़क दुर्घटनाओं की जानकारी ली। डीटीओ ने बताया कि जनवरी 2023 से लेकर अबतक जिले में कुल 276 सड़क दुर्घटना हुई है। जिसमें 225 लोगों की मृत्यु हुई है। इस दौरान उपायुक्त ने जिले में हो रही सड़क दुर्घटनाओं में कैसे कमी लाया जाये इस पर चर्चा की। बैठक में उपायुक्त ने हिट एंड रन मामलों की भी समीक्षा की,बताया गया कि जनवरी 2023 से लेकर अबतक कुल 16 लोगों के बीच हिट एंड रन के तहत मुआवजा का भुगतान किया गया है। वहीं 15 मामले बीमा कंपनी के स्तर से पेंडिंग है। इसी तरह 2023 से अबतक गुड समैरिटन स्कीम के तहत कुल दो लोगों को लाभान्वित किया गया है जिसमें में आज एक लाभुक को उपायुक्त ने 5 हजार का चेक सौंपा।

### जिले में चिन्हित किये गये 11 एक्सीडेंट प्रोन एरिया

एक्सीडेंट प्रोन एरिया में एंबुलेंस आवश्यकतानुसार उपलब्ध करवाने के निर्देश बैठक में उपायुक्त रंजन ने डीटीओ व सिविल सर्जन को आपस में बेहतर समन्वय बनाते हुए जिले में चिन्हित किये गये कुल 11 एक्सीडेंट प्रोन एरिया में आवश्यकतानुसार एंबुलेंस उपलब्ध करवाने के निर्देश दिये। इसी तरह उन्होंने जहां आवश्यकता है वहां साइनएज लगाने की बात कही। उन्होंने डीटीओ को हर माह सड़क सुरक्षा की बैठक कराने के निर्देश दिये। उन्होंने रोड सेफ्टी मैनेजर को पीडब्लूडी के कार्यपालक अभियंता, संबंधित पुलिस उपाधीक्षक के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए एक्सीडेंट प्रोन एरिया में सड़क दुर्घटना होने के क्या कारण है, इसे कैसे कम किया जा सकता है इस विषय पर डिटेल रिपोर्ट अगली बैठक में प्रस्तुत करने पर बल दिया। इसी तरह आईआरएडी सॉफ्टवेयर में डाटा एंट्री हेतु सभी संबंधितों को सक्रिय रहकर जिले में हो रही सड़क दुर्घटनाओं का एंट्री ससमय करने के निर्देश दिये। इसके लिये उन्होंने सिविल सर्जन को सभी प्राइवेट अस्पतालों से भी डेटा अपलोड करवाने के निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त उन्होंने अन्य कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये। इसके अलावे उन्होंने लगातार हेलमेट चेकिंग व ट्रिपल राइडिंग अभियान चलाने के निर्देश दिये। बैठक में उपरोक्त के अलावे हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार, छत्तरपुर एसडीओ, उत्पाद अधीक्षक सुधीर कुमार, सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी रणबीर सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार, एनएच एवं निर्माण विभाग के प्रतिनिधि, सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह, सड़क सुरक्षा मैनेजर विनीत कुमार व आईटी असिस्टेंट डब्लू उपस्थित थे।

# पंचायत कार्यकारिणी में वार्ड सदस्यों का अहम योगदान : सीओ

खबर मन्त्र संवाददाता



सतबरवा पलामू। प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में शुक्रवार को वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का उदघाटन अंचलाधिकारी कृष्ण मुरारी तिर्की, उप प्रमुख कामाख्या नारायण यादव तथा थाना प्रभारी रघुराई कोटराय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की ने कहा कि पंचायत कार्यकारिणी में वार्ड सदस्यों का अहम योगदान होता है। इनके समर्थन मिलने से मुखिया को शक्ति मिलती है जबकि असहमति प्राप्त होने पर मुखिया शक्ति विहीन हो जाता है। प्रशिक्षक पंचायती राज विभाग के अनूप तिवारी ने सभी वार्ड सदस्यों को शक्ति तथा कर्तव्य के बारे में जानकारी दी। मास्टर प्रशिक्षण सह ब्लॉक कोऑर्डिनेटर रोशन रंजन पाठक ने बताया कि कूल 92 वार्ड सदस्यों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में वार्ड सदस्य अनिल सिंह, अनीता देवी, सुनीता देवी, सुनीता लकड़ा, नीतू देवी, गायत्री कुंवर, अशोक कुमार इस्तेखार अंसारी, शीला देवी, आशिक अंसारी, सोनी देवी समेत सभी वार्ड सदस्य मौजूद थे।

# हुसैनाबाद एसडीएम ने प्रचार प्रसार के लिये मुख्यमंत्री वृद्धा पेंशन रथ को किया रवाना

खबर मन्त्र संवाददाता



हुसैनाबाद पलामू। समाजिक कल्याण विभाग विभाग के द्वरा चलाये जा रहे मुख्यमंत्री वृद्धा पेंशन जागरूकता रथ को अनुमंडल पदाधिकारी ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह रथ अनुमण्डल के सभी प्रखंड में भ्रमण करेगा। ताकि मुख्यमंत्री राज्य वृद्धा पेंशन योजना को सुचारू रूप से क्रियान्वयन हेतु प्रचार प्रसार हो सके। रथ को रवाना करते हुए एसडीएम आईएस आशीष गंगवार ने कहा कि यह रथ को सभी पंचायत सचिवालय तक रथ पहुंचकर फोटो व वीडियो बनाकर अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को समर्पित करेंगे। उन्होंने कहा कि रूट के अनुसार रथ प्रखंड के सभी पंचायत में भ्रमण कर लोगों को जागरूक करेगा। मोहम्मदगंज में 20 फरवरी 21 फरवरी 2024 तक, पंसा, रामबांध, लटपौरी, कोलहुआ सोनबरसा, मोहम्मदगंज, भजनियां एवं गोराडीह, हैदर नगर प्रखंड क्षेत्र में 22 फरवरी से 23 फरवरी 2024 तक परता, खगड़ा, चौकड़ी, हैदर नगर पूर्वी, हैदर नगर पश्चिम, बभंडी, बरडंडा, मोकहर कल, इमामनगर बरेव, सडेया, बिलासपुर एवं कुकही पंचायत का भ्रमण करेगा। वही हुसैनाबाद प्रखंड में 24 से 26 फरवरी तक बडेपुर, बनियादी, बराही, महुआरी, दंगवार, बेल बीघा, लोटनीयां, दरुआ बनी, ऊपरी काल, भैरवपुर, जमुना, कुरमीपुर, झरगाडा, पथरा खुर्द, बुधुआ, मजुरहा, डंडिला, महूदंड, कोसी, बनी काला, पतरा, पोल्डीह, देवरी खूर्द, एवं देवरी कला का भ्रमण किया जाएगा। साथ ही 27 फरवरी 2024 को हुसैनाबाद नगर पंचायत के एक से 16 वार्ड का भ्रमण कर अधिक से अधिक 50 वर्ष से ऊपर उम्र वाले लोगों को जागरुक कर वृद्धा पेंशन योजना का लाभ दिलाना सुनिश्चित करेंगे।

# जपला से बच्चों को लेकर डीएवी नबीनगर जा रही बस पलटी, घायल खतरे से बाहर

### ग्रामीणों ने घायल बच्चों को अस्पताल भेजवाया

खबर मन्त्र संवाददाता





### डीएवी प्रबंधन की लापरवाही उजागर, बस में क्षमता से अधिक बच्चे थे सवार

अभिभावकों का आरोप है कि दो बस के बच्चों को एक ही बस में ठूंस कर ले जाया जा रहा था। बस का ड्राइवर शराब के नशे में था। खबर मिलते ही सभी बच्चों के अभिभावक घटनास्थल पहुंच कर बच्चों का हाल जाना। जिन बच्चों को अस्पताल भेजा गया था। उनकी स्थिति खतरे से बाहर है। नबीनगर पुलिस घटना स्थल पहुंच कर बस को कब्जे में ले लिया है। जबकि चालक भागने में कामयाब रहा। घटना की खबर मिलते ही हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने तत्काल कार्यकर्ताओं को नबीनगर भेज कर पूरी घटना की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इस मामले की जांच कर सभी दोषी लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए। एनसीपी के अनुमंडल अध्यक्ष विनय पासवान, युवा अध्यक्ष हरी सिंह, सचिव हंसराज सिंह व अजय चंद्रवंशी की नबीनगर अस्पताल भेज कर वस्तु स्थिति की जानकारी ली है।

हुसैनाबाद पलामू। जपला से डी ए वी नबीनगर बिहार जा रही स्कूल बस चालक के स्पीड नियंत्रण नहीं कर पाने के कारण शुक्रवार को सुबह पलट गई। इस घटना में बस पर बैठे दर्जनों बच्चे घायल हो गये। ग्रामीणों के मदद से सभी बच्चों को नबीनगर अस्पताल पंहुचाया गया। इस घटना में बच्चों को मामूली चोट आई हैं जो खतरे से बाहर हैं। सभी का इलाज नबीनगर में चल रहा हैं। सूत्रों की माने तो नबीनगर औरंगाबाद बिहार में संचालित डीएवी पब्लिक स्कूल में हुसैनाबाद बाजार व आस पास के दर्जनों से ज्यादा बच्चे उस स्कूल में पढ़ने जाते हैं। शुक्रवार को नित्यदिनों की तरह सुबह करीब 8:30 बजे जपला सभी बच्चों को लेकर बस जैसे ही बिहार के नबीनगर थाना क्षेत्र के काशी तेंदुआ पार कर रही थीं तभी तभी एक टेम्पू आ रही थीं इस दौरान स्कूली बच्चों भरा बस पलट गई। इस दुर्घटना में जपला शहर के पीयूष पाल, अनोखी जिंदल, कुणाल राज, अंकित कुमार सिंह, आयुष सिंह, स्नेहाल कुमार, आर्यन पाठक, ऋचा कुमारी, लक्ष्मी लता, अंकुश पाल, सौमिक कुमार, आर्यन सिंह, नवाब अली, करी अनन्या, सरिया, राज, अश्वीनी कुमार कुल 16 बच्चे घायल हो गये। घटना से सभी अभिभावकों में दहशत है।

# विधायक के जिला प्रतिनिधि ने किया तालाब निर्माण का शिलान्यास





तरहसी पलामू। पांकी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पांकी प्रखंड के ग्राम उचहारा में डी एम एफ टी मद से तालाब निर्माण कार्य का शिलान्यास पांकी विधायक के जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, सुधीर तिवारी, अखिलेश चंद्रवंशी कार्तिक सिंह विकास कुमार वर्मा, राकेश कुमार वर्मा उर्फ सोनू ने विधिवत पूजा-अर्चना कर और नारियल फोड़कर किया। वहीं पांकी ग्राम करार में डी एम एफ टी मद से पिपराही आहर कायाकल्प कार्य का शिलान्यास जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, सुधीर तिवारी, अखिलेश चंद्रवंशी कार्तिक सिंह विकास कुमार वर्मा, राकेश कुमार वर्मा उर्फ सोनू, अमलेश ठाकुर ने किया। मौके पर जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता ने कहा कि विधायक डा शशिभूषण मेहता के नेतृत्व में पांकी विस क्षेत्र में विकास की गति तेज हुई है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को योजना का लाभ मिले व क्षेत्र का सर्वांगीण विकास के लिए विधायक संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि पांकी विस क्षेत्र में सड़क, पुल-पुलिया, स्वास्थ्य केंद्र समेत कईं योजनाएं संचालित है। जिसका लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है।

# ट्रैक्टर से टकराकर बाइक सवार की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता



मृतक सूरज कुमार शहरी क्षेत्र के सतगावां निवासी अजय साव का पुत्र है, वह इंटर का परीक्षार्थी था

हरिहरगंज पलामू। थाना क्षेत्र के कटैया मोड़ स्थित एनएच 139 पर अज्ञात ट्रैक्टर से टकराकर सूरज कुमार नामक युवक की मौत हो गई।

मृतक शहरी क्षेत्र के सतगावां निवासी अजय साव का पुत्र है। वह इंटर का परीक्षार्थी था। यह दुर्घटना गुरुवार की देर रात की है। बताया जाता है कि मृतक सूरज कुमार अपने किसी परिचित की पल्सर बाइक जेएच 03 एएल 7059 से कौआखोह की ओर जा रहा था। तभी उक्त स्थान पर एक अज्ञात ट्रैक्टर से अनियंत्रित बाइक की टक्कर हो गई। इससे सूरज कुमार का चेहरा बुरी तरह जख्मी हो गया। वहीं सर में गंभीर चोट आई। टक्कर इतना जोरदार था कि बाइक का आगे का भाग चकनाचूर हो गया। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस गश्ती दल तत्काल दुर्घटना स्थल पर पहुंचकर घायल युवक को सीएचसी लाई। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। दुर्घटनाग्रस्त बाइक को पुलिस थाना ले आई है।

अंत्यपरीक्षण के बाद शव का अंतिम संस्कार शुक्रवार को बटाने नदी घाट पर कर दिया गया।

### नये थाना प्रभारी ने स्थानीय लोगों संग की बैठक



छतरपुर पलामू। छतरपुर के नये थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने थाना परिसर में स्थानीय लोगो के साथ बैठक कर लोगों से परिचय प्राप्त किये। बैठक में थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने कहा कि किसी भी कार्य करने के लिए आम लोगो की सहयोग जरूरी होता है। साथ ही एक बेहतर समन्वय भी होनी चाहिए। कोई भी काम हो बिना झिझक मिले और अपनी बात रखे हर वक्त आप सभी के लिए हूं। मौके पर इंस्पेक्टर द्वरिक राम, एसआई राजेश रंजन, एएसआई जयप्रकाश तिवारी, पूर्व उपप्रमुख रंजीत जयसवाल उर्फ फंटूश, समाज सेवी अरबिंद गुप्ता, पुखराज राम, जगदीश रजक, गणेश सिंह, टिंकू ठाकुर, पंकज बरई, अमित कुमार, जीतू यादव समेत लोग उपस्थित थे।

### नये थाना प्रभारी ने लापता लड़की को किया बरामद

छतरपुर पलामू। छतरपुर थाना अंतर्गत कुंडौली ग्राम निवासी कामता सिंह की पुत्री घर से कोचिंग जाने को कह कर घर से गई और एक दिन बीतने के बाद भी घर वापस नहीं आए। वहीं लड़की के पिता कामता सिह ने छतरपुर थाना में गुमशुदगी का लिखित आवेदन देकर खोजने की गुहार लगाई। वहीं नए थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह को इसकी जानकारी मिली। इसके बाद नये थाना प्रभारी ने योगदान देने के कुछ घंटे बाद ही कार्रवाई करते हुए गुमशुदगी लड़की को सुल्तानी घाटी बटाने मोड़ के समीप से सकुशल बरामद किया और परिजनों को बुलाकर उन्हें जिम्मा किया। सूचना मिला कि बटाने मोड़ के समीप एक लड़की घूम रही है तो जिसे दलबल के साथ जाकर उसे थाना लाया और पूछताछ करने पर पाया कि लड़की कुंडली ग्राम की कामता सिंह की पुत्री है।

### पिकअप और बाइक की टक्कर, दो युवक घायल



मोहम्मदगंज पलामू। थानान्तर्गत मोहम्मदगंज-जपला मुख्य पथ पर सोनबरसा पेट्रोल पंप के समीप बाइक और पिकअप वैन में आपने सामने की जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें बाइक में बैठे दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने 108 एंबुलेंस से इलाज के लिए हैदरनगर स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां स्थिति को गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद एमएमसीएच मेदनीनगर रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार घायल युवक हैदरनगर थाना क्षेत्र के पंसा निवासी सुरेंद्र मेहता का पुत्र मिथलेश कुमार व सतेंद्र पाल का पुत्र रजनीश कुमार है। परिजनों ने बताया की बाइक से मैट्रिक की परीक्षा देने मोहम्मदगंज जा रहा था। सोनबरसा पेट्रोल पंप से बाइक में पेट्रोल लेकर निकलने के क्रम में पिकअप वाहन से टक्कर हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद एएसआई बिपिन ठाकुर ने घटना स्थल से दुर्घटनाग्रस्त पिकअप वाहन और बाइक को जब्त कर थाना ले गए।

### अशोक चुनाव प्रभारी व अनिल सह प्रभारी मनोनीत



पाटन पलामू। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के निर्देशानुसार पाटन प्रखंड का चुनाव प्रभारी अशोक पासवान एवं सह प्रभारी अनिल सिंह को बनाया गया है। दोनों पदाधिकारियों को जिम्मेवारी मिलने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हर्ष जताते हुए कांग्रेस के आलाकमान को बधाई दी है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि नवमनोनीत पदाधिकारीद्वय को चुनाव प्रभारी बनाये जाने से पाटन प्रखंड में पार्टी काफी मजबूत होगा। साथ ही आगामी चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी की जीत होगी।

# संत गाडगे के विचारों का अनुकरण करें : कामेश्वर बैठा

हुसैनाबाद में मनी संत गाडगे महाराज की 148वीं जयंती

खबर मन्त्र संवाददाता



हुसैनाबाद पलामू। अनुमण्डल के कपूरी मैदान में स्वच्छता अभियान के जनक, सामाजिक परिवर्तन के सिपाही व महान समाज सुधारक संत गाडगे महाराज जी की 148 वी जयंती समारोह आयोजित मनाई गई। मौके पर पलामू संसदीय क्षेत्र के पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा एवं राजद के प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद के पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव, भाजपा नेता विनोद सिंह आदि कई लोगों ने दिप्रज्वलित व बहुजन समाज के महापुरुषों के तस्बीर पर पुष्पार्चन कर की। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा निवृत शिक्षक छेदी बैठा एवं संचालन किसान नेता कृष्णा बैठा ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद बैठा ने कहा संत गाडगे बाबा का जन्म महाराष्ट्र के अमरावती जिले के शेणगांव अंजनगांव में 23 फरवरी 1876 को हुआ था। वे बचपन से ही आधयात्मिक व समाज के विचारक थे। उन्होंने समाज के लोगों में शिक्षा जगाने का कार्य किया था। उनके जीवनी को समाज के लोगों को अनुकरण करना चाहिए। वहीं पूर्व विधायक यादव ने कहा कि वे अपने कीर्तनों के माध्यम से समाज के पाखंड और परंपरा की आलोचना करते थे। वही भाजपा नेता डॉ कर्नल संजय सिंह, रामेश्वर राम, नवीनगर नगर पंचायत के उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार, राजकुमार रजक, सुदर्शन बैठा, पूर्व मुखिया विजय प्रसाद यादव, अजय गुप्ता, चंदन रजक, सुदेश्वर राम, लालधन ठाकुर, पुनीत राम आदि उपस्थित थे।

# माता शबरी जयंती पर लगेगा मेला, तैयारी में जुटी समिति



चैनपुर पलामू। प्रखंड अंतर्गत लिधकी पूर्व ग्राम में 24 फरवरी को माता शबरी जयंती के शुभ अवसर पर भव्य मेले के आयोजन किया जाएगा। मेला में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें रामाशीष अकेला (बिहारी) एवं विनय बिहारी (पलामू) के बीच शानदार दोगोला कार्यक्रम होगा। ग्रामीणों ने एक बैठक का आयोजन किया जिसमें सरेख राम अध्यक्ष, जयकुमार राम सचिव, रामदास राम कोषाध्यक्ष चुने गए, समिति में विनय राम, बैजनाथ राम, उदेश राम, सुनील राम, राहुल राम, अमन राम, मुकेश राम, बाबुधन राम, अमन राम, गोविंद राम, आलोक राम, विशाल राम, श्यामनारायण राम, जोखन राम, रोहित राम, दीपक राम, बबलू राम सहित समस्त ग्रामीण मेला की तैयारी हेतु मेहनत कर रहे हैं।

# हुसैनाबाद : एनपीयू की मनमानी से हजारों छात्र परेशान चालीस किलोमीटर दूर बनाया परीक्षा केंद्र

### कांग्रेस नेता ने की एनपीयू प्रशासन से छात्र हित में अनुमंडल क्षेत्र में केंद्र बनाने की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

हुसैनाबाद पलामू। नीलाम्बर पिताम्बर विश्वविद्यालय के मनमानी और तानाशाही रैवैया से छात्र हैं परेशान, गरीब व मध्यम वर्गीय परिवार के छात्र, छात्राओं को 40 किलोमीटर दूर परीक्षा देने जाना पड़ेगा। जहां 20 किमी आने जाने का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा।

इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए कांग्रेस के प्रदेश सचिव व हुसैनाबाद कांग्रेस के युवा नेता धनंजय तिवारी ने एनपीयू कुलपति व परीक्षा नियंत्रण से ए के डिग्री सिंह कालेज जपला का परीक्षा केंद्र को स्थान अनुमण्डल मुख्यालय में रखने की मांग है। जिससे यहां के गरीब व माध्यम वर्गीय परिवार बच्चों का आर्थिक और मानसिक शोषण ना हो। उन्होंने कहा कि जब सरकार बेटियों के पढ़ने के सुलभ सुबिधा के कारण प्रत्येक अनुमण्डल क्षेत्र में उच्च डिग्री की व्यवस्था की हैं, तो फिर हुसैनाबाद का बच्चियों और बच्चों को 40 किलोमीटर आना और 40 किलोमीटर जाने में एक व्यक्ति 200 रुपये का अतिरिक्त बोझ उठाना पड़ेगा, जो नियम संगत छात्र विरोधी हैं।

### क्या है मामला



एनपीयू के द्वरा संचालित ए के सिंह डिग्री कॉलेज में अध्यनरत विभिन्न संकायों में स्नातक के विद्यार्थियों की सेमेस्टर की परीक्षा समय समय पर होम केंद्र में ली जाती थी लेकिन 1 फरवरी से होने वाली जपला का परीक्षा केंद्र गुलाबचंद प्रसाद डिग्री कालेज छतरपुर कर दिया गया है। जबकि अनुमण्डल में उंटारी,मोहम्मदगंज, हैदरनगर, हुसैनाबाद, पिपरा, हरिहरगंज पांच प्रखण्ड के हजारों विद्यार्थियों का ऊंच शिक्षा ए के सिंह डिग्री कॉलेज से मिलती हैं । जपला के विभिन्न प्रखण्ड और गांव से छतरपुर की दूरी कम से कम चालीस किलोमीटर है। दूसरी समस्या यह है कि जपला से छतरपुर आने जाने का समुचित साधन नहीं है। छतरपुर से आखिरी बस 4 बजे तक ही है। जबकि परीक्षा का समय 2 बजे से 4 बजे तक निर्धारित है। संपन्न परिवारों के बच्चे बच्चियां तो निजी वाहन से आना जाना कर लेंगे। मगर कॉलेज के अधिकांश गरीब विद्यार्थियों को आना जाना या वहां रहना काफी मुश्किल होगा। अधिकांश गरीब विद्यार्थी परीक्षा से वंचित रह सकते हैं। कांग्रेस नेता धनंजय तिवारी ने नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के वाइसचांसलर से एके सिंह कालेज जपला के विद्यार्थियों की परेशानी को देखते हुए परीक्षा केंद्र जपला के ही इंटर उच्च विद्यालय या बीएड कालेज में करने की मांग की हैं।

# पंसस की बैठक में खराब जलमीनार का मुद्दा उठा

खबर मन्त्र संवाददाता



पाटन पलामू। पाटन पंचायत समिति की बैठक पाटन सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पाटन प्रमुख शोभा देवी ने की और संचालन पाटन बीडीओ अमित कुमार झा ने किया। बैठक में उप प्रमुख अमरेश वर्मा, पन्द्रहवीं वित्त कोर्डिनेटर चितरांगद कुमार, बड़ा बाबू मृत्यंजय सिंह, बीपीआरओ अहमद अंसारी, मनरेगा बीपीओ निर्मल कांत ठाकुर, मवेशी डॉ मनीषा कुमारी, आवास कोडिनेटर शीवम कुमार जायसवाल, अजीत कुमार मिश्रा, पंचायत समिति सदस्य संगीता कुमारी, प्रेमलता देवी, अर्चना देवी, राजु उपाध्याय, मंजु देवी, उपेन्द्र पासवान, राजकुमारी देवी, गुबेश कुमार, सीआई परवेज आलम, कृषि पदाधिकारी संतोष कुमार, भीएलडबलु अजीत मिश्रा, जन्म मृत्यु प्रमाणपत्र ओपरेटर कुंदन चौबे उपस्थित थे। बैठक में जलमीनार खराब पड़े होने का मुद्दा उठाया गया। पंचायत समिति सदस्यों ने कहा कि पाटन प्रखंड के लगभग सभी पंचायतों में जलमीनार खराब पड़ी हुई है। गर्मी के मौसम को देखते हुए अविलंब सभी जलमीनार बनवाने की जरूरत है। इस पर पाटन बीडीओ अमित कुमार झा ने तीन दिन के अन्दर खराब पड़े जलमीनार की सुचि सौंपने का निर्देश दिया। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी अनुपस्थित पाये गये। देर से बैठक में आने वाले पदाधिकारी को पाटन बीडीओ ने फटकार लगाई। वहीं अगले बैठक से समय पर पहुंचने का निर्देश दिया। बुढ़ी बुका में मुख्यमंत्री पशुधन योजना द्वारा गाय देने की मांग पंचायत समिति के द्वारा किया गया। बैठक में उप प्रमुख अमरेश वर्मा ने वितिय वर्ष 2022/23 एवं 2023-24 में जिला से कितना खाद्यान्न पाटन एफसीआई को मिला एवं कितना खाद्यान्न पीडीएस डीलर को दिया गया इसकी रिपोर्ट देने की मांग की गई। बैठक में पाटन बीडीओ ने प्रखंड परिसर में बेकार पड़े भवनों को भाड़े पर लगाकर आय अर्जित करने की सलाह पंचायत समिति सदस्य को दिया। वहीं पाटन बीडीओ ने पंचायत समिति मद से प्रखंड परिसर की घेराबंदी पार्क एवं चबुतरा निर्माण करने के लिए प्रस्ताव रखा। पाटन प्रमुख शोभा देवी ने स्वास्थ्य विभाग के द्वारा मोतियाबिंद एवं नसबंदी अभी तक कितना किया गया उसकी विस्तृत रिपोर्ट देने के लिए स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियों को निर्देश दिया।

## स्पीड न्यूज

### टासरा रोहड़ाबांध ग्रामीण संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष बने अशोक सिंह

**सिंदरी।** सेल की महत्वाकांक्षी परियोजना टासरा ओपन कास्ट प्रोजेक्ट में एमडीओ की तर्ज पर कार्य करने आई केटीएमपीएल के खनन कार्य के बाद यूनियनों का दबदबा कायम के लिए लगातार संगठन धरातल पर आ रही है। मंगलवार को टासरा रोहड़ाबाँध रैयत संघर्ष समिति में सदस्यों की लिस्ट जारी होने के बाद गुरुवार को टासरा रोहड़ाबाँध ग्रामीण संघर्ष मोर्चा कमेटी का गठन किया गया। बैठक में ग्रामीणों की राय भी ली गई और उनसे जुड़े समस्याओं पर भी चर्चा की गई। कमेटी के सदस्यों में अशोक सिंह को अध्यक्षए उपाध्यक्ष मनोज सिंह व अशोक सिंहए सचिव संतोष सिंहए सहसचिव अभिषेक सिंह व अंशु सिंहए कोषाध्यक्ष मुकेश सिंहए संगठन सचिव सूरज देव सिंह व डाबला मलिक शामिल हैं। वहीं कमेटी के कार्यकारिणी सदस्यों में गौरी शंकर शिव सिंह कपिल महतो संजय मंडल पप्पू सिंह रमेश सिंह देव सिंह मितू सिंह कालिया सिंह सागर बाउरी अमित सिंह रोहित महतो कन्हैया सिंह विक्की सिंह सुंदर सिंह विजय सिंह मुकेश शर्मा आदि लोगों का चयन सर्वसम्मति से किया गया है।

### झामुमो के उपवास में शामिल हुए धनबाद के कार्यकर्ता

**सिंदरी।** झारखंड राज्य की राजधानी राँची सहित विभिन्न जिलों में निवर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की रिहाई को लेकर एकदिवसीय उपवास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसको लेकर झाकोमयू नेता मलय चंद्र महतो ने बताया कि शुक्रवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति धनबादए झारखण्ड कोलियरी मजदूर यूनियन धनबादए महानगर समिति धनबादए तमाम वर्ग संगठन प्रखंड समितिए पंचायत समितिए वार्ड समितिए धनबाद जिला से हजारों की संख्या में पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को केन्द्र सरकार के इशारे पर केन्द्रीय जांच ऐजेंसी ईडी के द्वारा गिरफ्तारी के विरोध में रिहाई के लिए उपवास कार्यक्रम हेतु रांची रवाना हुए। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में शामिल होकर एक दिन का उपवास रखा गया। इसमें राज्य के सभी जिलों से कार्यकर्ताओं का हुजूम रांची पहुंचा था।

### वाम जनवादी संघर्ष समिति ने फूंका केंद्र सरकार का पुतला

**सिंदरी।** किसान आंदोलन के समर्थन और इसमें युवा शुभकरण सिंह की हत्या के खिलाफ देशव्यापी आव्हान पर शुक्रवार को मजदूर किसानों ने काला दिवस मनाया। इसको लेकर वाम जनवादी संघर्ष समिति ने सूर्यदेव सिंह चौक पर शुक्रवार की शाम मोदी सरकार का पुतला दहन किया। वक्ताओं ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा लोकतांत्रिक अधिकारों के हनन की कठोर शब्दों में आलोचना करते हैं। वक्ताओं में सीपीआई एम सिंदरी बलियापुर लोकल कमेटी सचिव विकास कुमार ठाकुर शाखा सचिव गौतम प्रसाद राजीव मुखर्जी वरिष्ठ मासस नेता सुरेश प्रसाद दशरथ ठाकुर सीपीआई एमएल के विमल कुमार रवानी सागर मंडल सुभाष मंडल परसबनिया पंसस रोहित महतो सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

# हर्ल गेट पर झामुमो की आर्थिक नाकेबंदी शुरू

## बिजली और मेडिकल सुविधा रहेगी बहाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सिंदरी।** हर्ल सिंदरी मुख्य द्वार पर बीते 18 महिनों से चार सूत्री मांगों को लेकर बैठे झामुमो कार्यकताओं ने मुख्य द्वार को शुक्रवार से अनिश्चितकालीन आर्थिक नाकेबंदी शुरू कर दी है। इसमें जरूरी सुविधाओं को मुहैया कराने की छूट भी दी गई। इससे देश के प्रति समर्पित हर्ल सिंदरी खाद कारखाना को नुकसान हो रहा है। भारत यूरिया बनाने के लिए कृतसंकल्पित हर्ल प्रबंधन ने इसे विकास की दिशा में रोड़ा बताया है। समाचार लिखे जाने तक हर्ल प्रबंधन और झामुमो नेताओं के बीच वार्ता के लिए बलियापुर अंचलाधिकारी सुदीप एक्का धरनास्थल पहुंच गए थे।

झामुमो धनबाद महानगर उपाध्यक्ष रामू मंडल ने बताया कि बीते 23 जनवरी को हर्ल सिंदरी प्रबंधन को पत्र देकर चार सूत्री मांगों पर सकारात्मक पहल के लिए आग्रह किया गया था। इनमें स्थानीय व विस्थापितों को 75 प्रतिशत संविदा और स्थायी क्षेत्रों में नियोजनए कार्यरत श्रमिकों को न्यूनतम मजदूरीए कार्यरत श्रमिकों को स्थायी करने तथा आदिवासियों को यूरिया ट्रांसपोर्ट का काम देने की माँग की गई है। उन्होंने कहा कि इसपर हर्ल प्रबंधन की ओर से सकारात्मक पहल नहीं की गई है। इसको लेकर शुक्रवार से अनिश्चितकालीन आर्थिक नाकेबंदी शुरू किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि इस आर्थिक नाकेबंदी में मेडिकल सुरक्षा व्यवस्था बिजली सहित कई आपातकालीन सुविधाएं उपलब्ध रखी जा रही हैं।

### गेट जाम कर मांगें मनवाना गलत : प्रबंधन

हर्ल सिंदरी हेड सुरेश प्रमाणिक ने कहा कि गेट जाम कर मांग कर रहे लोगों की मांग जायज नहीं है। 75 प्रतिशत स्थानीय लोगों को रोजगार दिया गया है। इस तरह केमिकल फैक्ट्री के अचानक बंद होने से कोई भी आपदा आ सकती है। देश के लिए कार्यरत हर्ल के कर्मचारियों की सुरक्षा की माँग प्रशासन से करते हुए उन्होंने कहा कि हर्ल के कर्मी देश में बेहतर पैदावार के लिए श्रम दान कर रहे कर्मचारियों की सुरक्षा जरूरी है।

### जमसं टासरा अध्यक्ष सहित नौ पर केस दर्ज

**सिंदरी।** सेल की एमडीओ केटीएमपीएल कार्यालय में गुरुवार की दोपहर में हिंसक झड़प में जनता मजदूर संघ टासरा अध्यक्ष बिरजू सिंह सहित 9 नामजद आरोपियों पर गौशाला ओपी में केस दर्ज कर लिया गया है। केटीएमपीएल प्रोजेक्ट निदेशक टी रमेश ने बताया कि इस घटना में उपद्रवियों ने केटीएमपीएल के चार अधिकारियों सहित एक एसआईएस के जवान के साथ मारपीट कर घायल कर दिया था। प्रोजेक्ट कार्यालय का शीशा भी तोड़कर दहशत कायम करने की कोशिश की गई थी। प्रोजेक्ट में कोयला खनन जारी हैए परंतु कोल डिस्पैच पूरी तरह ठप्प है। केटीएमपीएल कर्मी पी बुच्ची के द्वारा गुरुवार को गौशाला ओपी को दिए लिखित शिकायत के आधार पर बिरजू सिंह डब्ल्यू सिंह भोला सिंह विजय मंडल रोहित सिंह विक्की सिंह अरविंद साव मुकेश महतो व कन्हैया सिंह सहित 20 से 25 अज्ञात लोगों पर गौशाला ओपी पुलिस ने केस दर्ज किया है। गौशाला ओपी एएसआई सह केस आइओ जयमसीह लकड़ा ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है।

## एक नजर में

### नगर थाना में नए थाना प्रभारी का योगदान



**गोड्डा।** पुलिस अधीक्षक गोड्डा नाथू सिंह मीना के आदेश पर कल गोड्डा नगर थाना प्रभारी के पद पर पुलिस निरीक्षक दिनेश कुमार मोहली ने पद भार ग्रहण किया है। प्रशासनिक अनुभव के साथ त्वरित कारवाई के लिए इन्हे जाना जाता है। उनसे मिलकर कई संगठन प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ताएस्थानीय पत्रकारों ने उन्हे शुभकामनाएं देते हुए गोड्डा नगर थाना क्षेत्र में अपराध नियंत्रण एखनन माफिया एनशे के कारोबारियों के साथ यहां की सबसे बड़ी समस्या मोटरसाइकिल चोरी एमोबाइल चोरी जैसे अपराधों की रोकथाम पर कारवाई कर क्षेत्र में शांति व्यवस्था और कानून बहाल कर भू माफियाओं पर शिकंजा कसने में सफल होंगे ऐसी उनसे आशा है।

### एसकेएमयू ने जारी बीफार्मा समेत विभिन्न 8 परीक्षाओं का परिणाम हुआ जारी

**दुमका।** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय प्रशासन ने शुक्रवार को विभिन्न 8 परीक्षाओं का परीक्षाफल घोषित किया। जिसमें बीफार्मा सेमेस्टर. 4 के परीक्षा 2022 बीफार्मा सेमेस्टर. 5 के परीक्षा 2021 बीफार्मा सेमेस्टर. 7 का परीक्षा 2021 बीपीटी सेमेस्टर. 7 के परीक्षा 2021ए बीएससी आफ्थाल्मिक तृतीय वर्ष का परीक्षा 2023 बीएससी एमएलटी तृतीय का वर्ष परीक्षा 2023एबीएससी नर्सिंग तृतीय वर्ष परीक्षा 2023 एवं बीएससी नर्सिंग चतुर्थ वर्ष फाइनल परीक्षा 2023 शामिल है। उपरोक्त सभी परीक्षाओं में शत-प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। इसकी जानकारी विश्वविद्यालय प्रवक्ता दीपक कुमार दास ने दी।

### शिक्षक संघ ने किया बकाये वेतन की मांग

दुमका। माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष बुलबुल कुमारए परीक्षा सचिव काशीनाथ महतोए परीक्षा अध्यक्ष जुलकर अंसारीए प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी नीलांबर कुमार साहाए संयुक्त सचिव अशोक कुमार यादव एवं मशगूल अंसारी ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि योजना मद में आवंटन के अभाव में शिक्षकों को लगभग 3 माह से वेतन नहीं मिल पा रहा है। जिसके कारण इन माध्यमिक शिक्षकों को घोर आर्थिक कठिनाइयों को सामना करना पड़ रहा है। जनवरी.फरवरी माह में शिक्षकों को जीवन बीमा किस्तए लोन के किस्त बच्चों के स्कूल फीसए एडमिशनए चिकित्साए आयकर आदि कई बुनियादी एवं अहम कार्यों को पूरा करना पड़ता है। लेकिन विभागीय उदासीनता के कारण हर बार आवंटन समय पर निर्गत नहीं हो पाने के चलते शिक्षकों को मानसिक तनाव से गुजरना पड़ता है। इसका दुष्प्रभाव शिक्षण अधिगम पर भी पड़ता है। अल्पसंख्यक विद्यालयों के शिक्षकों में भी आवंटन के अभाव में वेतन नहीं मिलने से क्षोभ व्याप्त है।

# पीएम विश्वकर्मा योजना का लाभ लेने का आह्वान

## कार्यशाला में सांसद ने की अपील

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** रांगाटांड स्थित रेलवे ऑफिसर्स क्लब में शुक्रवार को एमएसएमई विकास कार्यालय द्वारा पीएम विश्वकर्मा योजना पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सह सांसद धनबाद पशुपतिनाथ सिंह ने लोगों से इस योजना का लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह स्वनियोजन के साथ दूसरे लोगों को रोजगार देने वाली योजना है। केंद्र सरकार ने योजना के लिए 13 हजार करोड रुपए का बजट में प्रावधान रखा है। योजना के लिए अब तक 4 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए है। इसमें 18 तरह के परंपरागत ट्रेड का चयन किया गया है। सहायक निदेशक एमएसएमई धनबाद सह कार्यक्रम संयोजक सुजीत कुमार ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्टेकहोल्डर्स को योजना के बारे में विस्तृत जानकारी देना एवं उनके प्रश्नों का समाधान करना है। एमएसएमई धनबाद के सहायक निदेशक प्रभारी दीपक कुमार ने बताया कि पीएम विश्वकर्मा योजना में कारपेंटरए नाव बनाने वालेए अस्त्र बनाने वाले लोहार ताला बनाने वाले हथौड़ा और टूलकिट बनाने वाले सुनार कुम्हारए मूर्तिकार मोची राजमिस्त्री डलिया चटाईए झाड़ू गुड़िया और खिलौने नाई मालाकार धोबी दर्जी मछली का जाल बनाने वाले सहित 18 पारंपरिक विद्याओं में कार्य करने वाले कारीगर और शिल्पकार सम्मिलित हैं। योजना के तहत चयनित लाभार्थियों को 5 से 7 दिन का प्रशिक्षण एवं 500 रुपए प्रतिदिन की दर से स्टाइपेंड दिया जाएगा।

### सोलह वर्ष के बालक से मित्र जैसा करें व्यवहार

**सिंदरी।** पंचमुखी हनुमान मंदिर सिंदरी में श्री श्री मारुति नंदन महायज्ञ के पांचवें दिन शुक्रवार को श्रीधाम वृंदावन से आए अरविंद गगार्चार्य ने बताया कि सोलह वर्ष के बालक के साथ मित्र जैसा व्यवहार करें। उन्होंने कहा कि प्रात काल उठि के रघुनाथाए माता पिता गुरु नावहिं माता। उन्होंने बताया कि संस्कार को प्रभु श्री राम के जीवन से सीखना चाहिए। उन्होंने आज के समाज में संस्कारों के अभाव पर कटाक्ष करते हुए कहा कि माता पिता तथा गुरु को प्रणाम किया जाता है। परंतु आज के बालकों को बताना पड़ता हैए तब प्रणाम करते हैं। उन्होंने संस्कार देने के उम्रसीमा के बारे में बताया कि जन्म से 5 वर्ष तक बालक को कभी न मारें। 5 से 15 वर्ष का समय बालक में संस्कार डाले जाते हैं। इस उम्र में बालक अपराध या गलती करता है तो समझाओए न माने तो डांटोए तब भी न माने तो पीटने से अगर सुधरता हैए तो पीटना भी उचित है। परंतु वही बालक जब सोलह साल का हो जाये तो उससे मित्र जैसा व्यवहार करना चाहिए। तभी बालक में राम जैसे संस्कार आयेंगे। सभा को संबोधित करत हुऐ राष्ट्रीय बजरंग दल के राष्ट्रीय धर्म प्रचारक आशीष आनंद जी महाराज ने कहा कि एकता व अखंडता जरूरी है। यज्ञ का मतलब धर्म परिवर्तन और लव जेहाद जैसे मुद्दे से जगाना है।

# लाभुकों को योजनाओं की जानकारी दे रहे कार्यकर्ता



**दुमका।** लोकसभा भाजपा प्रधान चुनाव कार्यालय में लाभार्थी सम्पर्क अभियान कार्यशाला शुक्रवार आयोजित हुई। बैठक की जिलाध्यक्ष गौरवकांत ने की। बैठक में मुख्य रूप से कार्यशाला में प्रदेश उपाध्यक्ष सह लाभार्थी सम्पर्क अभियान के प्रदेश संयोजक राकेश प्रसाद उपस्थित हुए। कार्यशाला को संबोधित करते हुए राकेश ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश लेकर एक से 4 मार्च तक सभी लाभार्थी के पास पहुचेंगे। भाजपा कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव के पहले चरण के चुनाव में महज 46 दिन रह गये हैं। बड़ा लक्ष्य प्राप्त करने के लिए एक.एक कार्यकर्ता को तैयार रहना है। कार्यकर्ता संकल्प लें कि जीत सुनिश्चित होने तक बिना थकेए बिना रुके काम करते जाना है। उक्त बातें अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पूरे देश भर में माहौल बदल रहा है। देश का माहौल भाजपा के पक्ष में है। दुमका लोकसभा लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत 6 विधानसभा के 34 मंडल के भाजपा कार्यकताओं को इन घरों में पहुंचकर केंद्र की योजनाओं के बारे में लोगों को बताना है। कार्यकताओं के दम पर ही हम लोकसभा चुनाव जीत सकते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में 32 लाख 50 हजार लोगों को उज्वला गैस योजना से जोड़ा गया है। श्री प्रसाद ने आगे बताया कि अबकी बार 400 पारए का आंकड़ा को छू कर एक बार फिर मोदी सरकार को बनाना है।

### एसकेएमयू की परीक्षा के लिए फॉर्म भरने की तिथि घोषित

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विवि प्रशासन ने पीजी सेमेस्टर.1 और बीबीएए बीसीए सेमेस्टर.1 परीक्षा के लिए ऑनलाइन परीक्षा प्रपत्र भरने की तिथि जारी किया। इस बावत विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ राजीव रंजन सिन्हा ने शुक्रवार को अधिसूचना जारी किया है। जारी अधिसूचना के अनुसार उक्त सभी परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन परीक्षा प्रपत्र 1 से 8 मार्च तक भरा जायेगा। परीक्षा फॉर्म भरने के बाद पीजी सेमेस्टर.1 के छात्रों को 15 से 16 मार्च तक और बीबीएए बीसीए सेमेस्टर.1 के छात्रों को 9 से 11 मार्च तक भरा जाएगा।

# जर्जर समुदायिक भवन में प्रशिक्षण लेने को विवश हैं सहायता समूह की महिलाएं

## आसनबनी-1 क्लस्टर साधोबाद खरणी पंचायत सामुदायिक भवन जर्जर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार और झारखंड सरकार द्वारा महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में आजिविका संवर्धन, स्वरोजगार के क्षेत्र, पलायन रोकने जैसे महत्वपूर्ण कार्य धनबाद जिले अंतर्गत गोविंदपुर प्रखंड के मरिचो तिलैया बिराजपुर खरणी आसनबनी कुलबेड़ा आदि पंचायतों में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसायटी के माध्यम किया जा रहा है। विभागीय स्तर से आजिविका संवर्धन के लिए करोड़ों खर्च किए जाते हैं, लेकिन स्वयं सहायता समूह आसनबनी क्लस्टर-1 साधोबाद जहां छह पंचायतों के 350 समूह इसमें लगभग 3500 दुर सूदूरवर्ती महिलाओं को साप्ताहिक प्रशिक्षण दिया जाता है। विभागीय उदासीनता के कारण मरम्मति के अभाव समूह के पदाधिकारी सीआरपी और महिलाएं डर के साये में प्रशिक्षण लेने के लिए मजबूर है। सामुदायिक भवन की छत दीवार के प्लास्टर गिरते रहते हैं। खिड़की दरवाजे सब टूट चुके हैं बिजली पानी की भी सुविधा उपलब्ध नहीं है। दुर सूदूरवर्ती गांव क्षेत्र मरिचो तिलैया बिराजपुर खरणी आसनबनी कुलबेड़ा आदि छह पंचायतों से महिलाएं अपने छोटे छोटे बच्चों को भी लेकर आना पड़ता है।

### छत का प्लास्टर गिरने की रहती है संभावना

सामुदायिक भवन के प्लास्टर छज्जा गिरने की संभावनाएं बनी रहती है। ग्रामीणों और समूह के सीआरपी द्वारा सूचना मिलते हैं झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के धनबाद जिला मिडिया प्रभारी युवा क्रांतिकारी रंजीत कुमार महतो के द्वारा त्वरित संज्ञान में लेकर ग्रामीण विकास विभाग धनबाद, झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसायटी के सीईओ और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के पदाधिकारियों को स्वयं सहायता समूह आसनबनी 1 क्लस्टर साधोबाद खरणी पंचायत के सामुदायिक भवन की मरम्मति अतिशीघ्र करवाने के लिए समस्याओं से अवगत करवाया गया। युवा क्रांतिकारी रंजीत कुमार महतो ने मांग किया है कि ग्रामीण विकास विभाग के मुख्य कार्यपालक अभियंता से भवन की प्राक्कलित तैयार करके 15वीं वित्त आयोग के फंड निधि से अतिशीघ्र मरम्मति करायें ताकि किसी प्रकार के अनहोनी घटना से बचा जा सके।

### ठेकेदार के खिलाफ जल्द होगी कानूनी कार्रवाई : संदीप

**कुमारधुबी।** चिरकुंडा नगर परिषद वार्ड 16 में नेहरू रोड से झीलिया पुल तक अधूरे सड़क निर्माण को लेकर शिकायत मिलने के बाद परिषद कार्यपालक पदाधिकारी संदीप पासवान रेस हो गए हैं। उन्होंने तीन नोटिस के बाद कानूनी कार्यवाही करने का मन बना लिया है। बताते चलें कि टेंडर के अनुसार वर्ष 2022 में करीब 18 लाख की लागत से इस सड़क का निर्माण होना था। दो साल बीतने के बाद भी योजना कागज पर ही सिमट कर रह गयी है। जब गांव वालों ने इसकी पड़ताल कीए तो हास्यास्पद बात सामने आयी। संवेदक मुकेश पाण्डेय ने इस पर पर्दा डालते हुए कहा कि बालू नहीं मिलने के कारण काम शुरू नहीं हो पाया। एक सप्ताह के भीतर काम शुरू कर दिया जायेगा। वार्ड पार्षद विजय यादव ने परिषद कार्यपालक पदाधिकारी को शिकायत की है।


## झारखण्ड शिक्षा परियोजना, कोडरमा
### समग्र शिक्षा अभियान
### समाहरणालय भवन, कोडरमा

दूरभाष: 8002410681, पिन कोड–825410
jepckoderma@yahoo.co.in & jepckoderma@gmail.com
विज्ञप्ति संख्या–..............................

शैक्षणिक सत्र 2024–25 हेतु कोडरमा जिले के 03 मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों (CM School of Excellence) में C.B.S.E पाठ्यक्रम के अनुसार नामांकन हेतु आवश्यक सूचना

सूचित किया जाता है कि कोडरमा जिलान्तर्गत 03 मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों (CM School of Excellence)– 1. सी0एम0+2 उच्च विद्यालय डोमचाँच 2. सी0डी0 बालिका+2 उच्च विद्यालय, झुमरी तिलैया, कोडरमा 3. कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय, जयनगर में शैक्षणिक सत्र 2024–25 में केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (C.B.S.E) के अनुसार अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा उपलब्ध कराया जा रहा है। संबंधित विद्यालयों में नामांकन हेतु आवेदन कार्यक्रम आमंत्रित किए जाते है।

| क्र0सं0 | मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय (School of Excellence) का नाम | कक्षा जिसमें नामांकन लिया जाना है | नामांकन हेतु रिक्त सीटों की संख्या | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 01 | सी0एम0+2 उच्च विद्यालय डोमचाँच | IX | 240 | बालक एवं बालिका |
| 02 | सी0डी0 बालिका+2 उच्च विद्यालय, झुमरी तिलैया, कोडरमा | IX | 280 | बालिका |
| 03 | कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय, जयनगर | VI | 25 | बालिका |

सभी अभिभावकों/छात्र–छात्राओं को निम्नलिखित शर्तो के अधीन नामांकन के निमित आवेदन हेतु सूचित किया जाता है कि–

1. उपर्युक्त उत्कृष्ट विद्यालयों के सामने अंकित कक्षाओं में नामांकन हेतु प्रपत्र संबंधित विद्यालय एवं संबंधित विद्यालय के बेवसाईट पर प्राप्त किया जा सकता है। (सी0एम0+2 उच्च विद्यालय डोमचाँच– https://chandrawatimemorialsoekoderma.in सी0डी0 बालिका+2 उच्च विद्यालय, झुमरी तिलैया, कोडरमा–https://soecdjhumriteliaya.in कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय, जयनगर– https://kgbvsoekoderma.in/index.php)
2. प्रपत्र (आवेदन) में पूर्ण रूपेण वांछित सूचना भरकर संबंधित विद्यालय में दिनांक 05.03.2024 को अपराह्न 4:00 बजे तक जमा किया जा सकता है।
3. निर्धारित समय सीमा के बाद आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेगें।
4. नामांकन हेतु बच्चों की लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसके परीक्षाफल के आधार पर चयन किया जाएगा।
5. नामांकन से संबंधित प्रक्रिया में संशोधन/स्थगन/अन्तिम निर्णय का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
समग्र शिक्षा, कोडरमा

PR 320219 Jharkhand Education Project Council(23-24)D



## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग

### ई–अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सं0 :– 12/2023-24/RWD/EE/HAZARIBAG    दिनांक :– 22.02.2024

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है ।

1.कार्य की विवरणी :–

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेषन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राषि (रुपया में) अंक में | प्राक्कलित राषि (रुपया में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/HAZ/MMGSY/22/2023-24 | चलकुशा | दिगवार मोड से बड़ाकर नदी तक पथ निर्माण कार्य (लं0–3.500 कि0मी0) | 4,16,62,500/- | चार करोड़ सोलह लाख बारसठ हजार पॉच सौ मात्र | 9 (नौ) माह |
| 2 | RWD/HAZ/MMGSY/23/2023-24 | बरकट्ठा | बरकनगागां से गैरा भाया शमषान घाट तक पथ निर्माण कार्य (लं0–4.00 कि0मी0) | 4,97,29,800/- | चार करोड़ सन्तानवे लाख उनतीस हजार आठ सौ मात्र | 9 (नौ) माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 28.02.2024 ।
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–07.03.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक ।
4. निविदा खोलने की, तिथि, एवं समय–09.03.2024 पूर्वाह्न 11.30 बजे।
5.निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग ।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06546–265286 ।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 320140 (Rural Work Department)23-24*D


# ग्रामीण बैंकों की हड़ताल से करोड़ों का कारोबार प्रभावित

## 8 सूत्री मांगों को लेकर हड़ताल शुरू

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**गोड्डा।** झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक कर्मी शुक्रवार को 8 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर रहे। बैंक कर्मियों के हड़ताल के कारण गोड्डा क्षेत्र के 52 बैंक शाखाओं में करीब 50 करोड़ के कारोबार के प्रभावित होने का अनुमान है। ग्रामीण बैंकों के राष्ट्रीय संगठन ऑल इंडिया रीजनल रूरल बैंक एम्पलाइज एसोसिएशन अरेबिया के आव्हान पर झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक कर्मचारी संघ एवं अधिकारी संघ हड़ताल पर रहे। जेआरजीबी कर्मचारी संघ के महासचिव नितेश कुमार मिश्रा तथा अधिकारी संघ के क्षेत्रीय सचिव रुपेश रंजन के के नेतृत्व में हड़ताली बैंक कर्मियों ने अपने मांगों के समर्थन में स्थानीय गुलजारबाग स्थित क्षेत्रीय कार्यालय के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया। हड़ताली कर्मचारियों ने इस दौरान जमकर नारेबाजी की। हड़ताल के कारण गोड्डा में स्थित झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के 22 शाखाओं में ताले लटके रहे। महासचिव नितेश कुमार मिश्रा ने बताया कि आज के दिन पूरे देश में 23 राज्य तीन केंद्र शासित प्रदेश लगभग 700 जिलों में ग्रामीण बैंकों की कुल 22000 शाखाएं तथा 115000 कर्मचारी हड़ताल पर हैं। नितेश मिश्रा ने कहा कि आरआरबी की धीमी गति के विकास के लिए प्राथमिक बड़ा स्वयं प्रायोजक बैंक है। ऐसी समस्या को दूर करने के लिए सारे ग्रामीण बैंकों को मिलकर भारतीय राष्ट्रीय ग्रामीण बैंक की स्थापना की जानी चाहिए। यह हमारा पहला प्रमुख मुद्दा है। उन्होंने कहा कि बैंक में रिक्त पड़े 30000 पदों पर शीघ्र नई भरती की जाए तथा पदोन्नति नियमों में संशोधन किया जाए। अधिकारी संघ के क्षेत्रीय सचिव रुपेश रंजन ने कहा हमारी प्रमुख मांगों में प्रायोजक बैंक मुक्त राष्ट्रीय ग्रामीण बैंक की स्थापना करना पर्याप्त मानव शक्ति नियोजनए प्रोन्नति नीति में सुधारए 11 वे वेतन समझौता को पूर्ण रुप से लागू करना अनुकंपा भर्ती सभी को पेंशन ;सुप्रीम कोर्ट के निर्णय की तिथि तक तथा कंप्यूटर इंक्रीमेंट सहित कई मुद्दे शामिल हैं।

### 1975 में हुई थी ग्रामीण बैंक की स्थापना

कर्मचारी संघ के क्षेत्रीय सचिव सोनम कुमारी उप कोषाध्यक्ष कुमार गौरवए उपाध्यक्ष मुकेश साहनी तथा जिला प्रभारी धर्मेंद्र मुर्मू ने बताया कि ग्रामीणों तक बैंकिंग सेवा को पहुंचाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने सन 1975 में 2 अक्टूबर को ग्रामीण बैंकों की स्थापना की थी जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को बैंकिंग सुविधा प्रदान करने व उनकी जमा पूंजी को ग्रामीण क्षेत्र के उत्थान के लिए उपयोग करना था। लेकिन केंद्र सरकार तानाशाही रवैया अपनाकर अपनी मनमानी कर बैंकों का निजीकरण कर ग्रामीण बैंकों के लिए भी आईपीओ ला रही है। हम सभी बैंक कर्मचारी इसका विरोध करते हैं। सरकार नहीं मानी तो विरोध प्रदर्शन और तेज होगा। मौके पर कुंदन कुमार चौधरी मीतू कुमारी संजीव झा जितेंद्र कुमार सौरव कुमार चंदन भारती संजीव कुमार झा निलेश रंजन भारती समेत कई लोग उपस्थित थे।


## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,
## MINOR IRRIGATION DIVISION, KODERMA

### Very Short Tender, e-Procurement Tender Notice

Tender Reference No: - SPUF/MID/KODERMA/F2-30/2023-24
Letter no-139    Date: - 23.02.2024

**Details of Works:-**

| Group NO. | Scheme Name | Estimated Cost (In Lakh) | Time of Completion |
|---|---|---|---|
| 1. | Construction of single span Culvert on Gulariya Nala from Village-Bhitiya to Loharapath Block-Chandwara, Dist-Koderma | 2437000.00 | 03 Months |
| 2. | Construction of Culvert on the way of Asmasan Ghat at village-Alho, Panchayat-Beko, Block-Jainagar, Dist-Koderma | 2053300.00 | 03 Months |

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Date of Publication of e-Tender on Website | 27.02.2024 at 3:00 P.M |
| 2. | Last date/Time for Submission of e-Tender bids Online | 04.03.2024 up to 5:00 P.M |
| 3. | Last Date for Online Submission of Tender Fee and EMD | 04.03.2024 up to 5:00 P.M |
| 4. | Date of opening of e-Tender | 06.03.2024 at 3:00 P.M |
| 5. | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Koderma |
| 6. | Contact no. of e-Procurement officer | 9939193214 |
| 7. | E-mail of e-Procurement office | eemidkod-cemr-jhr@nic.in |

Note: - 1) Only e-Tender will be accepted.
2) Published Estimated Cost May be Increased or Decreased.
3) Mode of Submission of Online Tender/Tender Fee/EMD Through http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
Minor Irrigation Division, Koderma.

PR 320115 Minor Irrigation(23-24)#D

# ऐसे ही नहीं चमका दीप

तेज गेंदबाज अकाश दीप को जब रांची में इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट में पदार्पण का मौका मिला, तो वह चूका नहीं और अपने डेब्यू मैच में ही दीप ने चमक बिखेरी और इंग्लैंड के तीन मुख्य बल्लेबाजों का विकेट लेकर अपनी टीम को शानदार शुरुआत दिलायी। अपने बेटे को पदार्पण 'कैप' मिलते देखकर दीप की मां लाडुमा देवी भावुक हो गयी थीं। उनकी आंखों में आंसू के साथ गर्व भी दिख रहा था। इस धुरंधर गेंदबाज की कहानी भी कम रोचक नहीं है। एक समय भी था जब दीप के लिए क्रिकेट खेलना एक तरह से अपराध करने जैसा था। अपने गांव बिहार के सासाराम में परिवार से समर्थन न मिलने और उचित बुनियादी ढांचे के अभाव के बावजूद अकाश डीप ने अपने सपने का पीछा नहीं छोड़ा। उसी सपने के जुनून और मेहनत की बदौलत आज वह भारत और इंग्लैंड के बीच चौथे टेस्ट में खेलने वाली अंतिम एकादश मे जगह बना सके। पिता-भाई को खोने से लेकर, रेत का डंपर चलाने तक, आकाश दीप के लिए मुश्किल भरा रहा है टीम इंडिया में पहुंचने का सफर। जब गुरुवार को आकाशदीप ने अपनी मां को फोन कर कहा, 'मां, मैं कल भारत के लिए टेस्ट पदार्पण करना होगा और तुम्हें आना होगा। तो वह कुछ घंटों में 300 किमी की यात्रा करते हुए बिहार के रोहतास जिले के बड्डी गांव से रांची के जेएससीए स्टेडियम पहुंच गयीं। उनके साथ आकाशदीप की दो भतीजी और उनका चचेरा भाई बैभव कुमार भी दीप की चमक देखने पहुंचे हैं। बेटे के प्रदर्शन पर फक्र महसूस कर रहीं उनकी मां ने कहा, 'उसके पिता हमेशा उसे सरकारी अधिकारी बनाना चाहते थे लेकिन क्रिकेट उसका जुनून था और मैं उसका हमेशा साथ दिया। मैं उसे छुपकर क्रिकेट खेलने भेज देती थी। 'उस समय अगर कोई सुनता कि तुम्हारा बेटा क्रिकेट खेल रहा है तो वे कहते, 'ये तो आवारा मवाली ही बनेगा' लेकिन हमें उस पर पूरा भरोसा था और छह महीने के अंदर मेरे मालिक (पति) और बेटे के निधन के बावजूद हमने हार नहीं मानी क्योंकि हमें आकाशदीप पर भरोसा था। आकाशदीप के पिता रामजी सिंह सरकारी हाई स्कूल में 'फिजिकल एजुकेशन' शिक्षक थे और वह कभी भी अपने बेटे को क्रिकेटर नहीं बनाना चाहते थे। सेवानिवृत्ति के बाद उन्हें लकवा मार गया और पांच साल तक बिस्तर पर रहे। उन्होंने फरवरी 2015 में अंतिम सांस ली। इसी साल अक्टूबर में आकाशदीप के बड़े भाई धीरज का निधन हो गया। इसके बाद अब बड़े भाई की पत्नी और उनकी दो बेटियों की जिम्मेदारी भी उनके ही ऊपर थी। लाडुमा देवी की आंखों से आंसू बह रहे थे, उन्होंने कहा, 'अगर उसके पिता और भाई जीवित होते तो वे आज खुशी से फूले नहीं समाते। यह जिंदगी का सबसे यादगार दिन है। मुझे बेटे पर फक्र है। उन्होंने कहा, 'सब बोलते हैं, पढोगे लिखोगे बनोगे नवाब, खेलोगे, कूदोगे बनोगे खराब, ये तो उल्टा हो गया। पूरा परिवार पिता की मासिक पेंशन पर निर्भर था तो आकाशदीप ने क्रिकेट के जुनून को छोड़कर कमाई का साधन जुटाने पर ध्यान लगाना शुरू किया। वह छह भाई बहनों में सबसे छोटे हैं जिसमें तीन बहन बड़ी हैं। पहले आकाशदीप ने धीरज के निधन के बाद डंपर किराये पर लेकर बिहार-झारखंड सीमा पर सोन नदी से रेत बेचने का बिजनेस शुरू किया। तब वह टेनिस बॉल क्रिकेट खेलते थे और उन्हें अपने क्रिकेट के सपने को साकार करने के लिए मदद की जरूरत थी। उनके चचेरे भाई बैभव ने 'लेदर बॉल' क्रिकेट में कोचिंग दिलाने में मदद की। बैभव ने कहा, उसकी प्रतिभा को देखकर मैं उसे दुगार्पुर ले गया जहां उसका पासपोर्ट बनवाया और वह दुबई में टूनामेंट खेलने गया। फिर बेहतर मौके खोजने के लिए दोनों कोलकाता पहुंचे और केस्तोपुर में किराये के फ्लैट में रहने लगे। लेकिन जिंदगी आसान नहीं थी क्योंकि आकाशदीप को तीन क्लब यूनाईटेड सीसी, वाईएमसीए और कालीघाट ने खारिज कर दिया। बैभव ने कहा, उन्होंने एक और साल इंतजार करने तो कहा। मुझे लगा वह वापस चला जायेगा, लेकिन यूसीसी ने उसे एक दिन बुलाया और कहा कि वे किसी भी भुगतान के बिना उसे खिलायेंगे। आकाशदीप ने अपने पहले ही सत्र में कोलकाता मैदान (2017-18) में 42 विकेट झटक झटके, फिर उन्हें सीके नायडू ट्राफी में बंगाल के लिए खेलने का मौका मिला जिसने उस साल खिताब जीता।

# सामाजिक सद्भाव के अग्रदूत हैं संत रविदास



**संत-संस्कृति** और सनातन के लिए संत रविदास जयंती खास है, क्योंकि इस दिन ही संयुक्त रूप से दो पर्व एक साथ मनाये जा रहे हैं। पहली माघ पूर्णिमा और दूसरी रविदास जयंती। दोनों पर्व एक-दूसरे पूरक माने जाते हैं। समाज सुधारक संत रविदास के दिखाये रास्ते पर चलने का संकल्प लोग लेते हैं। माघ पूर्णिमा को ध्यान, स्नान, दान के लिए खास मानते हैं। आज के ही दिन अखंड भारत के महान संत रविदास का अवतरण भी हुआ था। वह स्वामी रामानंद के शिष्य और कबीरदास के गुरु भाई हैं। संत शिरोमणि रविदास भक्तिकाल के अग्रिम पंक्ति के कवि हैं। उन्हें महानतम मानुष की उपाधि भी प्राप्त थी। उनके परिवर्तनकारी उपदेशों ने समाज का भरपूर मार्गदर्शन किया। संत रविदास ने भगवान की भक्ति में समर्पित होने के साथ अपने सामाजिक और पारिवारिक कर्तव्यों का बखूबी निर्वहन किया। वह बिना भेदभाव किये आपसी सद्भाव पर जोर देते रहे।

संत रविदास का एक प्रचलित दोहा 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' आज भी प्रसिद्ध है, जिसका भावार्थ होता है शुद्ध मन और निष्ठा के साथ किये काम का अच्छा पुण्य-परिणाम मिलना। संत रविदास का जन्म चर्मकार कुल में हुआ था। वह जूते बनाने में बहुत माहिर थे। उन्होंने कभी जाति-धर्म में अंतर नहीं किया। जो भी संत या फकीर उनके द्वार पर आते थे, वह बिना पैसे लिये उन्हें अपने हाथों से निर्मित जूते भेंट करना नहीं भूलते थे। वह प्रत्येक काम पूरे मन और लगन से किया करते थे। फिर चाहे वह जूते बनाना हो, या ईश्वर की साधना करना। संत रविदास जैसे-जैसे बड़े हुए, उन्होंने अपना अधिकांश समय भगवान राम और भगवान कृष्ण की पूजा में लगा दिया। धार्मिक परंपराओं में उनकी लगन देखकर लोग उन्हें भगवान की भांति पूजना भी शुरू कर दिया था। वह लोगों की बीमारी चुटकियों में दूर कर देते थे। महापुरुषों के संदेश और उपदेश घोर कलयुग में भी हम सभी के लिए संजीवनी जैसे हैं। संत रविवाद जैसे उपदेशकों की कमी समाज को खलती है। इस रिक्तता की वजह से ही सामाजिक सौहार्द का ताना-बाना चरमराया हुआ है। समाज को सही-गलत का भाव बताने वाला और प्रेरक उपदेश देने वाला अब कोई नहीं रहा।



-डॉ रमेश ठाकुर

> 24 फरवरी को संत रविदास जयंती है। माघ मास की पूर्णिमा के दिन संत रविदास जयंती मनायी जाती है। अंधविश्वास और जातिवाद के खिलाफ आवाज उठाने वाले संत रविदास के दोहे और संदेश लोगों को सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उनका जन्म चर्मकार कुल में हुआ था। उनका मानना था कि मन चंगा तो कठौती में गंगा, यानी ईश्वर आपके मन में हैं, बस खोजने की देर है। सबका मालिक एक है। जीवन हो जायेगा उस दिन स्वर्ग, जिस दिन तुम दिल से निकाल फेंकोगे लोगों की नफरत।

रविदास का जन्म विक्रम संवत 1376 में माघ मास की पूर्णिमा तिथि को हुआ था। इनके पिता का नाम संतोख दास और माता का कर्मा देवी था। इनकी धर्मपत्नी थीं लोना दास और पुत्र का नाम श्रीविजयदास। लेकिन, इनका मन गृहस्थी में नहीं रमता था। वह समाज सुधार की अलख जगाते थे। इनके पिता इन्हें घर के काम में लगाते थे, तो ये कहते थे कि मेरा सिर्फ यही घर नहीं है, पूरा जग मेरा परिवार है। घरवालों को कभी उनकी बातें अजीब सी लगती थीं। बाल्यकाल में जब उनके पिता एक संत के पास ले गये, तो उन्होंने देखकर ही बता दिया था, ये साधारण बालक नहीं हैं। इससे संत रविदास के पिता को आभास हुआ कि उनका बेटा वास्तव में कुछ और ही है। पिता ने उसी समय संकल्प ले लिया कि उनका बेटा युग सुधार के लिए ही जन्मा है।

संत रविदास के जन्म को लेकर भी कई भ्रांतिपूर्ण तर्क हैं। धार्मिक मान्यताएं हैं कि माघ पूर्णिमा को रविदास का जन्म हुआ। उस दिन रविवार था, जिसके कारण उनका नाम रविदास रखा गया। इन्हें रैदास, रूहिदास और रोहिदास जैसे नामों से भी जाना जाता था। इनके संत बनने की भी अद्भुत कहानियां हैं। संत रविदास का पूरा जीवनकाल 15वीं से 16वीं शताब्दी के बीच (1450 से 1520 तक) के मध्य माना गया है। मान्यता है कि बचपन से ही उनके पास अलौकिक शक्तियां मौजूद थीं। कुछ घटनाएं तो यह सिद्ध भी करती हैं कि वास्तव में वह कोई अवतरित भगवान ही थे। वे जब मात्र 11 वर्ष के थे, तब उन्होंने अपने दोस्त को नया जीवन दिया था। पानी पर पत्थर को तैराना, कुष्ठ रोगियों को ठीक करने समेत उनके तमाम चमत्कारी किस्से लोगों को सोचने पर मजबूर करते थे। उन चमत्कारों को देखकर ही लोगों ने उन्हें भगवान का दूत मानना आरंभ कर दिया था। संत रविदास से संबंधित कई कहानी-किस्से हम बचपन से अपने बुजुर्गों से सुनते आये हैं। हमें उनके उपदेशों और प्रेरक बातों का अनुसरण करना चाहिए।

## खास बात

### रेलवे सौर ऊर्जा से ट्रेनों को चलाने की कर रहा तैयारी

**यदि** सब कुछ ठीक रहा, तो जल्द ही भारतीय ट्रेनें सौर ऊर्जा (सोलर एनर्जी) से दौड़ती नजर आयेंगी। पश्चिम मध्य रेलवे ट्रेनों को सौर ऊर्जा से चलाने पर काम कर रहा है। पश्चिम मध्य रेलवे के बीना रेलवे स्टेशन के समीप बने बीना सोलर प्लांट से ट्रेन संचालन की तैयारी की जा रही है। आगामी वर्षों में सौर ऊर्जा से ट्रेनें चलाने के लिए कोटा, भोपाल, जबलपुर मंडल में सोलर पावर प्रोजेक्ट पर तेजी से काम चल रहा है। पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक के मार्गदर्शन एवं प्रमुख मुख्य विद्युत अभियंता के निर्देशन में ऊर्जा बचत के लिए कारगर उपाय किये जा रहे हैं। अभी तक स्टेशन को रोशन करने में ही सौलर प्लांट का उपयोग किया जा रहा था। लेकिन, अब बड़े सोलर पावर ग्रिड तैयार कर ट्रेनों को पूरी तरह से सौर ऊर्जा से चलाने पर काम चल रहा है। आगामी कुछ वर्षों में ट्रेनों को सौर ऊर्जा से चलाने और जीरो कार्बन उर्सजन पर तेजी से कार्य चल रहा है। सौर ऊर्जा के लिए मंडल के सभी भवनों पर सोलर पैनल लगाकर बिजली तैयार की जा रही है। वर्तमान में कोटा अस्पताल, डीआरएम ऑफिस और अन्य कार्यालयों पर सोलर पैनल से विद्युत तैयार कर इसका उपयोग किया जा रहा है। श्यामगढ़, सुवासरा स्टेशन की छत व कॉलोनी में सोलर पैनल व सोलर पंप लगाये गये हैं। कोटा मंडल की ओर से ऊर्जा संरक्षण को लेकर विशेष प्रबंध किया जा रहा है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रोहित मालवीय ने बताया कि कोटा मंडल में ऊर्जा संरक्षण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। आागामी कुछ वर्षों में कोटा मंडल में सौर ऊर्जा पर काम किया जायेगा, जिससे ट्रेन संचालन भी इससे हो सके। कोटा मंडल के तुगलकाबाद स्थित इलेक्ट्रिक लोको शेड में नौ इंजनों में होटल लोड कनवर्टर स्थापित किये गये हैं। बीना स्टेशन पर भी सौर ऊर्जा से विद्युत ट्रेनों को बिजली की सप्लाई की जा रही है।

## सोशल मीडिया

खेलो इंडिया सेंटर की तर्ज पर हम लोग जनपद स्तर पर खेलो इंडिया सेंटर बना रहे हैं। हर विकासखण्ड स्तर पर खेलो यूपी सेंटर की स्थापना करेंगे।

इस बार के बजट में हम लोगों ने व्यवस्था दी है...

**- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

ये बनास काशी संकुल रोजगार के हजारों नये अवसर बनायेगा। अलग-अलग कामों में रोजगार बनायेगा। एक अनुमान है कि इस संकुल से पूरे इलाके में 3 लाख से ज्यादा किसानों की आय बढ़ेगी।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**





महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री, लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष श्री मनोहर जोशी जी का निधन अत्यंत दुःखद है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें।

**योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

# कोरोना त्रासदी और स्वास्थ्य सजगता

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

**अमेरिकन** एक्सप्रेस बैंकिंग कार्प के हालिया सर्वे में एक बात साफ हो गई है कि अब लोगों की स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता पहले से अधिक बढ़ी है। अमेरिकन एक्सप्रेस बैंकिंग कार्प समय-समय पर सर्वे कराकर लोगों के मूड को समझता रहता है। पिछले साल के अंत में कराए गए इस सर्वे में साफ हुआ है कि अब लोग युवावस्था में ही भौतिक संसाधन जुटाने, खान-पान के प्रति सजगता और हेल्दी टिप्स पर जोर देने लगे हैं। यह महत्वपूर्ण है कि कोरोना के बाद देश-दुनिया के लोगों की प्राथमिकताओं में तेजी से बदलाव आया है। एक समय था जब लोग बचत को ही प्राथमिकता देते थे। अब लोगों की प्राथमिकता में स्वास्थ्य पहले पायदान पर आ गया है। इसमें भी खासतौर से मानसिक स्वास्थ्य और एक्सरसाइज को लेकर लोग अधिक गंभीर होने लगे हैं। लोगों में वर्कआउट के प्रति रुझान बढ़ा है। जबकि एक समय था जब वर्कआउट के लिए जिम जाने को स्टेटस सिंबल माना जाता था। मजे की बात तो यह है कि 51 फीसदी लोग कसरत करने की मशीनें घर पर ही खरीद कर रखने को तरजीह देने लगे हैं। अब लोग कर्ज लेकर घर-कार आदि आधुनिक सुविधायुक्त साधनों में निवेश करने को भी प्राथमिकता देने लगे हैं। कोरोना के अनुभव के साथ आर्थिक उदारीकरण के युग में भागमभाग और अंधी दौड़ के चलते लोग कर्ज के जाल में फंसने को भी सहर्ष तैयार देखे जा रहे हैं। इसका कारण भी आज की नौकरीपेशा जिंदगी है। पति-पत्नी दोनों के ही नौकरी में होने, नौकरी के कारण घर से दूर रहकर घर बसाने और एकल परिवार के कारण रहन-सहन और हालातों में तेजी से बदलाव आ रहा है। अमेरिकन एक्सप्रेस बैंकिंग कार्प के ऑनलाईन सर्वे में सामने आया है कि 76 फीसदी लोगों की पहली प्राथमिकता स्वास्थ्य है।

## कॉर्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### मंदी से परेशानी

**मंदी** से हर कोई परेशान है। उद्योग-व्यापार बुरे दौर से गुजर रहे हैं। पहले ही हमारे यहां बेरोजगारी चरम पर है। बेरोजगारी दर पिछले छह वर्षो के अधिकतम स्तर पर है। वित्तीय क्षेत्र की ऐसी हालत कभी नहीं रही है। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष ने अपनी रिपोर्ट में भारत की मंदी को गंभीर संकट बताया है। मंदी से उबरने के लिए प्रभावी कदम शीघ्र ही उठाने होंगे। लोगों की आय बढे, इसके प्रभावी प्रयास करने होंगे।

**-कंचन, रांची**

### हमारे अधिकार-कर्तव्य

**एक** तरफ तो हम इस लोकतंत्र में अपने मौलिक अधिकारों को कभी नहीं भूलते, जरूरत पड़ने पर हम अपने मौलिक अधिकारों के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाते हैं। पर क्या इतनी सतर्कता हम सभी अपने मौलिक कर्तव्यों पर भी दिखाते हैं। नागरिकता संशोधन विधेयक पर देशभर में हुए विरोध ने करोड़ों रु पये की सरकारी संपत्ति बर्बाद की है। इस पर रोक लगना चाहिए।

**-किशन, रांची**

# खाद्य सुरक्षा और किसान कल्याण - प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की है गारंटी



**पीयूष गोयल**

**ऐसे** समय में जब युद्ध, मौसम और अस्थिरता के चलते पैदा हुई बाजार की नाजुक स्थिति की वजह से वैश्विक खाद्य आपूर्ति दबाव में है, उपभोक्ताओं और किसानों के हितों की दृष्टि से भारत में स्थितियां अपेक्षाकृत बेहतर हैं।

गुरुवार को, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य 8 प्रतिशत बढ़ा दिया है। गन्ना किसानों को पहले से ही विश्व में गन्ने का सबसे अधिक मूल्य मिल रहा है, जबकि सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि भारतीय उपभोक्ताओं को विश्व में सबसे सस्ती चीनी उपलब्ध हो।

इस प्रकार की पहलों की एक श्रृंखला है, जो किसान कल्याण को उपभोक्ता हितों के साथ जोड़ती हैं। इस महीने की शुरुआत में, प्रधानमंत्री मोदी ने प्रत्येक नागरिक को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के अपने मिशन को आगे बढ़ाते हुए 29 रुपये प्रति किलोग्राम की दर पर 'भारत राइस' का शुभारंभ करके एक बार फिर देश के नागरिकों को किफायती दरों पर खाद्यान्नों की आपूर्ति सुनिश्चित की है।

इसके लिए हम कड़ी मेहनत करने वाले हमारे किसानों को धन्यवाद देते हैं, जो अधिकांश कृषि वस्तुओं का पर्याप्त उत्पादन करके देश को आत्मनिर्भर बना रहे हैं। सरकार प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाइ) के तहत 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध करा रही है। इसके अलावा, बाकी आबादी के लिए भी खाद्य उत्पादों की बहुत ही उचित कीमत तय की गयी है।

भारत राइस, आटा, दाल- मोदी सरकार ने आवश्यक खाद्य वस्तुओं के मूल्यों में असाधारण वृद्धि से निपटने के लिए हमेशा तेजी से काम किया है। पिछले वर्ष सरकार ने 60 रुपये प्रति किलोग्राम की अत्यधिक सब्सिडी दर पर 'भारत दाल' और 27.50 रुपये प्रति किलोग्राम की कम कीमत पर 'भारत आटा' लांच किया था। इसी प्रकार केंद्रीय एजेंसियां सस्ता प्याज बेचती हैं। इन्होंने उस समय भी टमाटर की आपूर्ति की, जब इसकी कीमतें आसमान छू रही थीं। केंद्र सरकार ने कीमतों में इस अंतर का भारी बोझ उठाया। 'भारत' खाद्य पदार्थों की बिक्री तेजी से बढ़ी है और ये पदार्थ 18,000 से अधिक दुकानों पर उपलब्ध हैं।

अभूतपूर्व, तेजी - इससे पहले कभी भी केंद्र सरकार ने खुदरा बाजार में खाद्यान्न या दालें नहीं बेचीं। इनके मूल्यों पर नियंत्रण के लिए प्रधानमंत्री मोदी हमेशा निर्णायक कदम उठाते रहे हैं। पिछले वर्ष, जैसे ही बेमौसम की बारिश ने टमाटरों की आपूर्ति में बाधा डाली, तो सरकार तुरंत हरकत में आयी, जिससे टमाटर की कीमतों में वृद्धि पर रोक लगी। प्रधानमंत्री मोदी ने यह सुनिश्चित किया है कि अच्छी गुणवत्ता वाली दाल, चावल और आटे की आपूर्ति किफायती दरों पर की जाये। ये उपाय समाज के हर वर्ग की मदद के लिए बिना किसी भेदभाव के लागू किये गये हैं।

इस सरकार की एक अन्य अभूतपूर्व कार्रवाई है त्वरित बाजार उपायों के लिए कृषि-बागवानी वस्तुओं का बफर स्टॉक बनाने को एक समर्पित मूल्य स्थिरीकरण कोष बनाना। सरकार ने 27,489 करोड़ रुपये की संचयी बजटीय सहायता से प्रमुख दालों और प्याज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए भी ऐतिहासिक पहल की है। सरकार ने कड़ा संदेश देते हुए कहा कि जमाखोरी या बाजार में हेराफेरी करने की कोई भी कोशिश भारी पड़ेगी। हालांकि, कुछ महीनों में ही गेहूं की रिकॉर्ड फसल होने का अनुमान है, परंतु सरकार कोई भी जोखिम नहीं उठाना चाहती है। सरकार ने गेहूं पर स्टॉक सीमा लागू कर दी है और बाजार में गेहूं की आपूर्ति बढ़ाने के लिए भी तैयार है।

रोजाना 22 आवश्यक खाद्य वस्तुओं के खुदरा और थोक मूल्यों पर नजर रखी जा रही है। 34 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में 550 मूल्य-निगरानी केंद्रों से प्राप्त इनपुट के साथ, मूल्यों रुझानों का विश्लेषण किया जाता है, ताकि मूल्यों को कम करने के लिए बफर से स्टॉक जारी करने और जमाखोरी को रोकने के लिए स्टॉक सीमा लगाने के बारे में उचित निर्णय लिया जा सके।

सस्ती चीनी, खुशहाल किसान - नये गन्ना-पेराई सीजन की शुरुआत के बाद चीनी के एक्स-मिल मूल्यों में 3.5 से 4 प्रतिशत की गिरावट आयी, जबकि यह सुनिश्चित किया गया है कि किसानों की आमदनी अच्छी हो और उन्हें समय पर भुगतान हो। इथेनॉल-सम्मिश्रण कार्यक्रम ने उद्योग की व्यवहार्यता को बढ़ावा दिया है, जिससे मिल मालिकों को 2022-23 में लगभग 99.5 प्रतिशत गन्ना बकाया राशि का भुगतान करने में मदद मिली है। यह अब तक का सबसे कम लंबित बकाया है, जो किसान कल्याण पर पीएम मोदी के फोकस को दर्शाता है।

आयात शुल्कों में बदलाव सहित उठाये गये सक्रिय कदमों के बाद खाना पकाने के तेल की कीमतें दो साल के सबसे निचले स्तर पर हैं। पिछले साल सरसों के तेल के खुदरा मूल्य 18.3 प्रतिशत, सोयाबीन तेल 17.1 प्रतिशत, सूरजमुखी तेल 23.8 प्रतिशत और आरबीडी पामोलीन 12 प्रतिशत कम हुए हैं। सरकार गेहूं के मूल्यों पर नियंत्रण के लिए भी प्रभावी कदम उठा रही है। खुदरा और थोक बाजारों में गेहूं व आटे के अखिल भारतीय औसत मूल्य गिरावट का रुझान दर्शा रहे हैं।

भारतीय पहले - सरकार ने पर्याप्त घरेलू आपूर्ति और कम कीमतें सुनिश्चित करने के लिए गेहूं, चावल और चीनी के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है, जिससे यह सुनिश्चित हुआ है कि किसानों को लाभकारी मूल्य मिले।

**- लेखक केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण और वस्त्र मंत्री हैं।**

# हर कोई 'इसलिए' नहीं हो सकता मनोहर जोशी

**मुकुंद**

**लोकसभा** के पूर्व अध्यक्ष और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर जोशी के अवसान पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शोक जताया है। परिवार के प्रति संवेदना जतायी है। मनोहर जोशी का निधन परिवार के लिए ही नहीं, देश और संसदीय संस्कृति के लिए भी बड़ी क्षति है।

86 वर्षीय मनोहर जोशी का शिक्षक से लेकर लोकसभा अध्यक्ष तक का सफर गौरवशाली रहा। 'लोकसभा अध्यक्ष का कार्यालय' की वेबसाइट में 'भूतपूर्व अध्यक्षों' के विवरण में मनोहर जोशी के जीवन वृत्त पर उपलब्ध सामग्री उनके विविध पक्षों पर आधारित है। उनके अवसान की दुख भरी बेला में उसे दुहराना जरूरी है।

'लोकसभा अध्यक्ष का कार्यालय' की वेबसाइट में कहा गया है कि मनोहर जोशी पीठासीन अधिकारियों की इस उत्कृष्ट पंक्ति में तब शामिल हुए, जब उन्हें 10 मई, 2002 को अध्यक्ष के गरिमापूर्ण पद के लिए सर्वसम्मति से निर्वाचित किया गया। वह 4 जून, 2004 तक इस पद पर रहे। दो दिसंबर, 1937 को महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में नांदवी में जन्मे जोशी ने मुंबई में शिक्षा पायी। वे विधि में स्नातक रहे। कला विषय में स्नातकोत्तर होने के साथ जोशी मराठी, हिंदी, अंग्रेजी और संस्कृत भाषा में प्रवीण रहे। उनका विवाह अनाघा मनोहर जोशी से हुआ। उनके एक पुत्र और दो पुत्रियां हैं।

जोशी ने अपना पेशा एक

## स्मृति शेष

अध्यापक के रूप में आरंभ किया और वर्ष 1967 में राजनीतिक क्षेत्र में पदार्पण किया। शिवसेना के साथ उनका संबंध चार दशक से अधिक रहा। मुंबई शहर और वहां के नागरिकों का कल्याण सदैव जोशी की स्थायी चिंता का विषय रहा। वे वर्ष 1968-70 तक मुंबई के निगम पार्षद रहे और 1970 में स्थायी समिति (नगर निगम) के सभापति चुने गये। उन्होंने वर्ष 1976-77 के दौरान मुंबई के मेयर पद को सुशोभित किया। वे कुछ समय तक अखिल भारतीय मेयर परिषद के चेयरमैन भी रहे।

मनोहर जोशी का विधायी और संसदीय जीवन 1972 में प्रारंभ हुआ। वे महाराष्ट्र विधान परिषद के लिए निर्वाचित हुए। विधान परिषद में तीन बार कार्यकाल पूरा करने के पश्चात वर्ष 1990 में महाराष्ट्र विधानसभा के लिए निर्वाचित हुए। वे वर्ष 1995-99 के दौरान महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री रहे। तीक्ष्ण राजनैतिक दूरदर्शिता, नेतृत्व के गुण और प्रशासनिक क्षमताओं ने उन्हें कुशलता के साथ राज्य का शासन चलाने में समर्थ बनाया। पूर्व में वर्ष 1990-91 के दौरान वे राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता भी रहे। वर्ष 1999 के आम चुनाव में जोशी ने मुंबई उत्तर-मध्य लोकसभा संसदीय क्षेत्र से शिवसेना के टिकट पर चुनाव लड़ा और तेरहवीं लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए। बाद में उन्हें केंद्र सरकार में शामिल किया गया और उन्होंने भारी उद्योग और सार्वजनिक उपक्रम मंत्रालय का महत्वपूर्ण पदभार संभाला।

'लोकसभा अध्यक्ष का कार्यालय' की वेबसाइट के अनुसार, मनोहर जोशी का बहुआयामी व्यक्तित्व रहा। उन्होंने सदा राष्ट्रीय विकास के विभिन्न पक्षों पर ध्यान दिया तथा श्रम, कृषि, औद्योगिक विकास, व्यवसाय, व्यापार, आवास, पर्यावरण, रोजगार, शिक्षा से संबंधित विभिन्न मुद्दों तथा मराठी भाषा, साहित्य और संस्कृति को बढ़ावा देने का कार्य किया। लंबे समय के एक सफल प्रतिष्ठित व्यवसायी के रूप में जोशी कई प्रतिष्ठानों के अध्यक्ष तथा प्रबंध निदेशक, स्वामी, भागीदार रहे। वह औद्योगिक और कृषि क्षेत्रों को समान महत्व देने में विश्वास रखते थे। इसीलिए उन्होंने दोनों की प्रगति के लिए कड़ा परिश्रम किया।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# झरपो की महिलाओं ने डीसी से लगायी न्याय की गुहार

## इडी के समन के बाद उड़ी नींद, तीन दिन से नहीं खाया खाना

**एक दर्जन महिलाओं के खाते में तीन करोड़ 90 लाख जमा किया गया**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

टाटीझरिया। टाटीझरिया थाना क्षेत्र के झरपो भुइयां टोली में 12 महिला को ईडी द्वारा समन भेजे जाने पर रातों की नीद उड़ गई है। ये सभी महिलाएं रोजी रोटी के लिए मजदूरी कर अपना जीवन यापन करती है। जबसे इंडी द्वारा झरपो महिला को समन भेजा गया है तबसे उन बारह लोगों के हलक से निवाला भी नहीं उतरा है। बता दें, झरपो के 21 महिलाएं एक जालसाज के चक्कर में फंस गई हैं। इन सभी का खाता हजारीबाग के अलग अलग बैंकों एक्सिस बैंक,एचडीएफसी बैंक आईसीआईसीआई बैंक में अगरबत्ती, मोमबत्ती उद्योग के नाम का झांसा देकर खुलवाया गया था। बताया जा रहा है कि भराजो निवासी गुड़िया देवी पति अरुण प्रसाद ने उक्त महिलाओं को स्वरोजगार संबंधि स्कीम बताकर उनका खाता खुलवाया था। उन सभी के खाते में मिलाकर कुल 3 करोड़ 90 लाख रुपया का जमा किया गया। बाद में बैंक खाता धारको के बिना जानकारी के उक्त खातों से सभी रूपये निकाल लिये गये। मजेदार बात यह है कि इन गरीब महिलाओं के खाते में पैसा कहां से आ रहा था और कौन निकाल रहा था। ये एक पहेली बनी हुई है। यह माजरा एक वर्ष से चल रहा था।

अचानक जब ईडी का समन इनलोगों के पास आया तो सभी महिलाएं हैरत में पड़ गयी। उन्होने तुरंत इसकी जानकारी झरपो मुखिया सह बीस सूत्री अध्यक्ष शिबू प्रसाद सोनी, उपप्रमुख रवि वर्णवाल और 20 सूत्री उपाध्यक्ष महेश राम को दी। उन सभी ने महिलाओं को थाने में सूचना देने को कहा। इस बात को लेकर ठगी की शिकार महिलाओं ने टाटीझरिया थाना में प्रशिक्षु उपाधीक्षक सह टाटीझरिया थाना प्रभारी अनुभव भारद्वाज को आवेदन दिया। थाना प्रभारी ने कहा कि जब तक इसके तह तक नहीं जायेगे कुछ कहा नहीं जा सकता है। लेकिन जांच पड़ताल चल रही है। महिलाओ ने इसकी जानकारी हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय को भी दी है। उपायुक्त नैंसी सहाय ने कहा कि आवेदन के माध्यम से सच्चाई के तह तक जायेंगे। सभी बैंकों का तहकीकात किया जाएगा। ठगी कि शिकार होने वाली महिलाएं उमा देवी, पति भुनेश्वर भुइयां, बाली देवी पति राजेंद्र भुइयां,सरिता देवी पति भुनेश्वर भुइयां,सुनीता देवी पति काली रविदास, चमेली देवी पति महेंद्र भुइयां,कोलेश्वरी देवी पति नारायण सिंह,वीना देवी पति ज्ञानी भुइयां,नीतू देवी पति रामू भुइयां, संजू देवी पति गोवर्धन भुइयां, सोनिया देवी पति प्रकाश भुइयां,हेवंती देवी पति नंदू भुइयां, सोनी देवी पति स्व टिंकु वर्नवाल है।



## अनिकेत भुइंया के शव का फिर हो पोस्टमार्टम : भाजपा



**रामगढ़।** भाजपा नेता प्रकाश मिश्रा, रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबु, राजू चतुवेर्दी व रविन्द्र शर्मा ने थाना में अनिकेत भुईयां की मौत की निंदा की है। सांसद जयंत सिन्हा ने मृतक के परिजनों से फोन पर बात कर शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने एसपी से घटना की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। भुईयां नंदा होटल में काम करता था। पुलिस ने किसी मामले में पूछताछ के लिए उसे साथ ले गयी। सुबह परिवार वालों को पुलिस ने घटना की जानकारी देते हुए युवक द्वारा फांसी लगाकर मौत हो जाने की बात कही। युवक के परिवार वालों के मुताबिक युवक की मौत पुलिस की मारपीट से हुई। प्रेस वार्ता में वक्ताओं ने पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट को सार्वजनिक करने की मांग करते हुए युवक के परिजनों की उपस्थिति में शव के पुनः पोस्टमॉर्टम कराने की मांग की। कहा कि सांसद ने मामले की उच्च स्तरीय जांच हाईकोर्ट के जज से कराने की मांग की है। ताकि सच्चाई सामने आ सके।

## स्पीड न्यूज

### कुजू में अवैध कोयला के कारोबार पर लगायेंगे लगाम:दिंगबर पांडेय



**कुजू ।** कुजू ओपी में प्रभारी दिगंबर पांडेय ने योगदान दिया।उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अवैध कोयला कारोबार पर अंकुश लगाना हमारी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने क्षेत्र को अपराध मुक्त कर शांतिपूर्ण माहौल बहाल रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि पुलिस जनता के साथ हमेशा मैत्री भाव कायम कर कार्य करेगी। क्षेत्र की जनता को किसी प्रकार की समस्या होने पर बेहिचक मुझसे संपर्क कर अपनी शिकायत बता सकते हैं।

### कुजू के नये जीएम बने आरके सिन्हा

**कुजू।** सीसीएल ने आरके सिन्हा को सीसीएल कुजू महाप्रबंधक के रूप में नियुक्त किया है। जारी पत्र में 29 फरवरी को कुजू जीएम एनके सिन्हा के सेवानिवृत्त होने पर आरके सिन्हा का पदभार ग्रहण करने की बात कही गई है। सिन्हा ने कुजू क्षेत्र के सभी विभाग के मुख्य अधिकारियों व पीओ से औपचारिक मुलाकात कर परिचय प्राप्त की।

### ग्रामीणों को दी गयी इवीएम की जानकारी



**रामगढ़।** लोकसभा चुनाव को लेकर शुक्रवार को रामगढ़ जिला अंतर्गत विभिन्न प्रखंडों के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं के द्वारा डमी ईवीएम के माध्यम से ग्रामीणों को निर्वाचन प्रक्रिया के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान आंगनवाड़ी सेविका एवं सहायिकाओं के द्वारा ग्रामीणों को लोकतंत्र में मतदान के महत्व के प्रति भी जागरूक किया गया एवं सभी ग्रामीणों को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान बिना किसी प्रलोभन अथवा डर के स्वतंत्र व निष्पक्ष रूप से अपना मतदान करने के प्रति जागरूक किया गया।

### मांडू में मुखिया संघ ने दिया धरना



**मांडू।** मांडू प्रखंड मुख्यालय परिसर में शुक्रवार को मांडू प्रखंड मुख्य संघ ने धरना दिया। धरना के बाद 11 सूत्री मांग पत्र बीडीओ संजय कुमार कौनगाड़ी एवं सीओ मोदस्सर नजर मंसूरी को सौंपा। मांग पत्र में पंचायती राज व्यवस्था को लागू करने,अबूआ आवास या प्रधानमंत्री आवास जैसे योजनाओं को ग्राम सभा से पारित कर सूची बनाने को प्राथमिकता देने,मनरेगा में काम करने वाले मजदूरों का बकाया मजदूरी 10 दिनों के अंदर मजदूर के खाते में भुगतान करने,मनरेगा मजदूर को 100 दिनों काम को बढ़ाकर 200 दिन करने,ग्राम सभा के द्वारा सत्यापित सभी तरह के मनरेगा योजनाओं को क्रियान्वित करने, जाति, आवासीय, आय और मृत्यु प्रमाण पत्र जैसे सारे प्रमाण पत्र पंचायत सचिवालय से 15 दिनों के अंदर निर्गत करने सहित 11 मांग शामिल हैं। मौके पर मुखिया राजेंद्र प्रसाद बड़का चुम्मा, करण कुमार बेदिया बुमरी, गिरधारी महतो केदला नॉर्थ ,बैजनाथ राम माण्डू डीह, अनीता देवी मांडू चट्टी व अन्य मौजूद थे।

### सड़क दुर्घटना में महिला घायल



**रजरप्पा।** एनएच .23 रामगढ़ बोकारो मार्ग स्थित चितरपुर बेसिक स्कूल के समीप भगवती मन्दिर के चाहरदीवारी सेरामगढ़ की ओर से आ रही तेज कार डिवाइडर से टकराकर भगवती मंदिर के चाहरदीवारी से टकरा गईं जिससे चाहरदीवारी क्षतिग्रस्त हो गईं। साथ ही बुरी तरह से कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। कार में सवार महिला घायल हो गई। घायल महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेजवाया। घायल महिला एवं कार में सवार लोगों को चंद्रशेखर पटवा एवं अन्य लोगों ने मदद की।

### करमा परियोजना का जीएम ने किया निरीक्षण



**कुजू।** करमा परियोजना का सीसीएल कुजू क्षेत्र के नए महाप्रबंधक आरके सिन्हा ने शुक्रवार को निरीक्षण किया। इस दौरान मौजूद अधिकारियों व मजदूरों तथा श्रमिक नेताओं से मुलाकात की। इससे पूर्व यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के शाखा सचिव जय नंदन महतो के द्वारा बुके देकर स्वागत किया गया। महाप्रबंधक ने कहा कि हर हाल में कुजू क्षेत्र को मिले लक्ष्य को प्राप्त करना है। जिसको पूरा करने में आपका सहयोग जरूरी है। मौके पर पीओ पवन कुमार, अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ के कुजू कोलियरी सचिव तेजनाथ महतो तेजू के अलावे कई लोग मौजूद थे।

# देश के आर्थिक विकास में वैश्य समाज की भूमिका महत्वपूर्ण : अरुण साहू

**मिलन समारोह में केशरवानी समाज ने महिला सशक्तिकरण व सामाजिक एकजुटता पर दिया विशेष जोर**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बरही।** केशरवानी आश्रम में 30 वां केसरवानी मिलन समारोह नगर कमिटी के द्वारा मिलन समारोह हुआ। प्रदेश अध्यक्ष संतोष केशरी व तैलिक वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साहू शामिल हुए। झारखंड प्रदेश केसरवानी समाज के पूर्व महामंत्री भगवान केशरी, व्यवसायिक प्रकोष्ठ के मुख्य संरक्षक सह व्यवसायी संघ के अध्यक्ष कपिल केशरी, राजेश केशरी उर्फ मेवालाल, तरुण सभा के पूर्व महामंत्री आशीष केशरी, डॉ निशा केशरी मौजूद थे। अध्यक्षता बलराम केशरी अध्यक्ष व संचालन राजेश केशरी व सेजल केशरी ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम की शुरूवात गोत्राचार्य महर्षि कश्यप के चित्र पर माल्यार्पण कर व फीता काटकर किया गया। झारखंड प्रदेश केसरवानी समाज के प्रदेश अध्यक्ष संतोष केशरी ने कहा कि सम्मेलन आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य संगठन को मजबूत व समाज में उपेक्षित वर्गों को सहयोग कर समाज में सम्मान दिलाना हैं।

उन्होंने कहा कि संगठन को पंचायत स्तर से राज्य व केंद्र में भागीदारी को मजबूत करनी हैं। अरुण साहू ने कहा कि ऐसे सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करने से सामाजिक एकता देखने को मिलती है। उन्होंने कहा कि देश के आर्थिक विकास में वैश्य समाज की महत्वपूर्ण भूमिका है। श्री साहू ने कहा कि वैश्य समाज को संगठित होना की जरूरत है।वैश्य समाज का हमेशा से ही देश की दशा और दिशा बदलने में महत्वपूर्ण योगदान रहता है। मौके पर नगर केसरवानी वैश्य महिला सभा अध्यक्षा जयंती देवी, कोषाध्यक्षा उर्मिला केशरी, महामंत्री रेखा देवी, रेणु देवी, गिरजामनी देवी, उर्मिला केशरी संतोष केशरी सहित अन्य सैकड़ों महिला पुरुष मौजूद थे।

## हेमंत सोरेन की रिहाई के लिए अनुष्ठान शुरू



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** झामुमो के केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया के नेतृत्व में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की रिहाई को लेकर शुक्रवार से उरीमारी के पहाड़ी शिव मंदिर में सात दिवसीय अनुष्ठान शुरू हुआ। अनुष्ठान के आचार्य उमेश पाठक, पुरूषोत्तम मिश्रा, सुरज पांडेय, शंकर पांडेय, प्रमोद पांडेय, जेपी पांडेय ने पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भगवान शिव सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं की विशेष पूजा-अर्चना सहित कई धार्मिक अनुष्ठान कराये। अनुष्ठान के दौरान ऊं नमः शिवाय, जय मां दुर्गे सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजायमान होता रहा। संजीव बेदिया ने कहा कि हेमंत सोरेन जब रिहा होंगे तो राज्य में विकास की नई गाथा लिखी जायेगी।

## मजदूरों के हितों की रक्षा करूंगी : निशि



**भुरकुंडा।** समाजसेवी निशि पांडेय को जनता मजदूर संघ में शामिल होने एवं केंद्रीय उपाध्यक्ष का दायित्व मिलने पर शुक्रवार को जनता मजदूर संघ बरका-सयाल एरिया कमेटी ने स्वागत किया। निशि पांडेय ने कहा कि राजनीतिक एवं समाजसेवा के क्षेत्र से लोगों के सुख-दुख में हमेशा खड़ी रहती हूं, अब ट्रेड यूनियन जनता मजदूर संघ के बैनर से कोयला क्षेत्र के मजदूरों, पतरातू, बड़कागांव, एवं केरेडारी प्रखंड में एनटीपीसी सहित अन्य कंपनियों में कार्यरत संगठित एवं असंगठित हजारों मजदूरों के हितों की रक्षा करूंगी।

# अंबा प्रसाद ने गरीब परिवार को ब्रह्मभोज के लिए दिया राशन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** विधायक अंबा प्रसाद ने भुरकुंडा नीचे धौड़ा निवासी गरीब परिवार को ब्रह्मभोज के लिए खाद्य सामग्री उपलब्ध कराया है। ज्ञात हो की भुरकुंडा पंचायत के नीचे धौड़ा निवासी सुखला तुरी की पत्नी कौशल्या देवी का पिछले 15 फरवरी को अपने आवास पर हो निधन गया था। इस बावत पीड़ित सुखला तुरी ने ब्रह्मभोज के लिए विधायक अंबा प्रसाद से सहयोग मांगा था। इस पर तत्काल पहल करते हुए विधायक अंबा प्रसाद के अपने सहयोगी के हाथों ब्रह्मभोज के लिए खाद्य सामग्री भेजवाया। शुक्रवार को विधायक प्रतिनिधि राजकिशोर पांडेय उर्फ राजू पांडेय ने गरीब परिवार को खाद्य-सामग्री सुर्पुद करते हुए आगे भी हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा की विधायक अंबा प्रसाद सभी के सुख-दुख में हर सहयोग के लिए तत्परता से कार्य करती हैं। उन्होंने पीड़ित परिवार से कहा की कोई भी दिक्कत हो तो बे-झीझक बताएं समस्या का समाधान किया जायेगा। मौके पर गायत्री तुरी, प्रकाश तुरी, विक्कू रजक आदि मौजूद थे।

## पीवीयूएन के उप महाप्रबंधक ने सड़क का किया शिलान्यास



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** शुक्रवार को चांदनी चौक से मस्जिद कॉलनी तक सड़क निर्माण का पीवीयूएन के उप महाप्रबंधक मानव संसाधन पुरुषोत्तम लाल, सीएसआर के संतोष कुमार, बी रस्प्पन व पल्लव आंनद के उपस्थित में मुखिया निधि सिंह व जयप्रकाश सिंह ने कहा कि यह सड़क गुणवत्ता पूर्ण बनेगी। सड़क बन जाने से आवागमन में सभी ग्रामीणों को काफी सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया की इस कार्य के साथ-साथ मुखिया द्वारा अनुशंसित कई अन्य और विकास योजनाओं को जल्द पूर्ण किया जायेगा। जय प्रकाश सिंह ननकी ने कहा कि पीवीयूएनएल प्रबंधन के सहयोग से दर्जनों विकास कार्य किए जा रहे हैं। पंचायत में चारों तरफ हर्ष व उत्साह का माहौल है।

# भुरकुंडा ओपी और बासल थाना में नये प्रभारी ने संभाला कामकाज

**▶▶ अपराधियों पर नकेल कसी जायेगी : अभिषेक कुमार**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा ओपी में गुरुवार की शाम नए ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार ने योगदान दिया। इस दौरान ओपी परिवार ने नए ओपी प्रभारी को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। मौके पर अभिषेक कुमार ने कहा की ओपी क्षेत्र की विधि-व्यवस्था को लेकर पुलिस की टीम सदैव चैकस रहेगी। साथ ही रात्रि में गस्ती पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा की पुलिस-पब्लिक के रिश्ते को मजबूत कर क्षेत्र में शांतिपूर्ण व्यवस्था बनाए रखना मेरा उद्देश्य होगा। श्री कुमार ने कहा क्षेत्र को शांतिपूर्ण रखने में आमलोगों का भी सहयोग लेकर अपराधियों पर नकेल कसी जाएगी। अपराध पर अंकुश लगाना पहली प्राथमिकता होगी। अभिषेक 2018 बैच के सब इंस्पेक्टर हैं। इससे पूर्व वे लातेहार जिला के छिपादोहर थाना में पदस्थापित थे।



भुरकुंडा के ओपी प्रभारी अभिषेक ।

## अपराध पर लगायेंगे अंकुश : कैलाश कुमार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बासल (रामगढ़)।** बासल थाना में गुरुवार शाम नए थाना प्रभारी कैलाश कुमार ने पदभार ग्रहण किया। पुलिस ने नए थाना प्रभारी को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। कैलाश कुमार ने कहा कि बासल क्षेत्र की विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पुलिस की टीम हमेशा पैनी नजर रखेगी। साथ ही रात्रि में गस्ती पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा की पुलिस-पब्लिक के रिश्ते को मजबूत कर क्षेत्र में शांतिपूर्ण व्यवस्था बनाए रखना मेरा उद्देश्य होगा। श्री कुमार ने कहा क्षेत्र को शांतिपूर्ण रखने में आमलोगों का भी सहयोग लेकर अपराधियों पर नकेल कसी जाएगी। अपराध पर अंकुश लगाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। कैलाश कुमार 2012 बैच के सब इंस्पेक्टर हैं। इससे पूर्व वे देवघर और साहेबगंज जिला के कई थानों में योगदान दे चुके हैं। वहीं इससे पूर्व वे पांच वर्ष शिक्षा विभाग में भी योगदान दिये हैं।



बासल थाना प्रभारी कैलाश कुमार।

## एक नजर में

### बाबा संत गाडगे जी महाराज की जयंती मनी



**बरही।** अब्दुल कलाम पार्क में अखिल भारतीय धोबी महासंघ प्रखंड इकाई के स्थानीय सदस्यों ने बाबा संत गाडगे जी महाराज की 148वीं जयंती मनाई।अनुवाईयों ने उनके तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर उनका जन्म दिवस मनाया। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता सुरेंद्र रजक ने कहा कि राष्ट्र संत गाडगे बाबा स्वच्छता अभियान के जनक होने के साथ महान समाज सुधारक थे। उन्होंने अपने जीवन में सामाजिक कुरीतियों, अंधविश्वास के खिलाफ संघर्ष किया। शिक्षा के प्रति जन जागरूकता भी उनके मुहिम का हिस्सा था। संत गाडगे का मुख्य उपदेश था कि भले ही घर का बर्तन बिक जाए, रोटी हाथ में लेकर खाना पड़े, लेकिन बच्चों को शिक्षा अवश्य दिलाएं। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता सुरेन्द्र रजक, राम प्रसाद राम प्रखण्ड अध्यक्ष एबीडीएम, बरही), नागेश्वर कु .रजक प्रखण्ड सचिव एबीडीएम बरही, जगदीश रजक, रमेश रजक, महेश रजक, तिलक रजक आदि लोग शामिल हुए।

### सीओ से मिला सांसद प्रतिनिधि व मुखिया संघ

**इचाक।** नये अंचलाधिकारी राम प्रसाद गुप्ता से मिले सांसद अन्नपूर्णा देवी के शिक्षा विभाग के सांसद प्रतिनिधि ओम प्रकाश मेहता एवं मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष सकेंद्र मेहता ।ओम प्रकाश मेहता एवं सकेंद्र मेहता ने इचाक अंचल क्षेत्र में पिछले कई वर्षों से पेंडिंग काम पर भी ध्यान आकृष्ट करवाया। उन्होंने कहा कि पिछले सीओ की कार्यशैली से इचाक प्रखंड के लोग क्षुब्ध थे। दाखिल खारिज की बात हो या फिर ऑनलाइन का मामला हो या रसीद निर्गत की मामला के साथ साथ साधारण कार्य के लिए भी लोगों को वर्षों तक कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ता था। उनके जाने के बाद अब इचाक प्रखंड की जनता को आपसे काफी उम्मीद जगी है की नए सीओ के नेतृत्व में जो वर्षों से लंबित मामले है अब इसका निष्पादन होगा। सीओ रामजी प्रसाद गुप्ता ने कहा कि इचाक प्रखंड के सभी जनप्रतिनिधियों बुद्धिजीवियों और सभी के सहयोग से मामला को निष्पादन करने का काम करेंगे और जनता के हित में हमेशा खरा उतरने का काम करेंगे।

### प्रमंडलीय पंचायत प्रशिक्षण का समापन



**हजारीबाग।** सबकी योजना सबका विकास अभियान के तहत ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2024–25 को लेकर चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन प्रमंडलीय प्रशिक्षण संस्थान हजारीबाग में किया गया। इसमें मुख्य रूप से जिला पंचायत राज पदाधिकारी, डीपीएम एवं राज्य से आए हुए मास्टर ट्रेनर आदि के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में हजारीबाग प्रमंडल के जिले रामगढ़, चतरा, बोकारो,धनबाद, कोडरमा, हजारीबाग जिला के मुखिया को प्रशिक्षण दिया गया ताकि वह जिला संसाधन दल के प्रशिक्षक के तौर पर कार्य कर सके। चार दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन शुक्रवार को हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत सभी प्रशिक्षुओ को सदर प्रखंड के सखिया पंचायत का भ्रमण कराया गया। मौके पर जिला सह प्रखंड संसाधन दल को बताया गया कि 15वें वित्त आयोग व मनरेगा योजनाओं से गांव में बेहतर जानकारी देकर सरकारी योजनाओं के प्रति उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें जागरूक करें, ग्राम पंचायत का विकास तब तक संभव नहीं है जब तक की ग्राम सभा में योजनाओं को पारित कर योजनाओं का चयन नहीं किया जाए। वहीं प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद जिला सह प्रखंड संसाधन दल अपने जिले में जाकर ग्रामीणों को प्रशिक्षण देकर ग्रामसभा से जीपीडीपी अंतर्गत योजनाओं का चयन किया जाएगा। मौके पर स्टेट से नामित मास्टर ट्रेनर अरशद अंसारी, सुजीत नायक, सुनील कुमार इत्यादि उपस्थित रहे।

### कई बेटियों को सदर विधायक ने दिया लहंगा



**कटकमसांडी।** सदर विधायक मनीष जयसवाल ने बहनों को उपहार स्वरूप लहंगा दिया। विधायक प्रतिनिधि स्वयं बहनों के बीच जाकर लहंगा भेंट किया। कटकमसांडी के विभिन्न गांवों में 5 से अधिक बेटियों को उनके विवाह के लिए उपहार स्वरूप लहंगा भेंट किया। जायसवाल की ओर से कटकमसांडी विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा ने लोगों को लहंगा अपने हाथों सौंपा। लहंगा पाने वालों में कंडसार के प्रिया भारती, निशा कुमारी, पूजा कुमारी,सुमन कुमारी, रेखा कुमारी, संगीता कुमारी,आदि शामिल है। परिजनों ने सदर विधायक मनीष जसवाल के प्रति खूब आभार प्रकट किया है।विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा ने कहा की क्षेत्र के विकास के लिए विधायक हमेशा कटिबद्ध हैं ।पिछले वर्ष की भांति इस बार भी लहंगा वितरण का कार्यकर्म किया जा रहा है। मौके पर उपस्थित कटकमसांडी भाजपा पूर्वी मंडल अध्यक्ष जीवन प्रसाद मेहता, कटकमसांडी प्रखंड के महामंत्री राकेश कुमार सिंह,लुपुंग पंचायत के पूर्व मुखिया दिलीप कुमार रवि, युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष दीपक मेहता, विकाश मेहता,एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### बड़कागांव में झामुमो का प्रखंड स्तरीय बैठक कल

**बड़कागांव।** झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड स्तरीय बैठक 25 फरवरी को पश्चिमी पंचायत भवन में किया जाएगा। उक्त आशय को लेकर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह जिला सचिव झारखंड श्रमिक संघ संजय कुमार सिंह ने बताया कि प्रखंड कमेटी का विस्तार एवं आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक किया जाएगा । ताकि पार्टी की संगठन को मजबूत किया जा सके।

### जल्द शुरू होगा ऑक्सीजन प्लांट : सीएस



**हजारीबाग।** मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में पीएम केयर फंड से अधिस्थापित दो पीएसए ऑक्सीजन प्लांट चालू कराने को लेकर शुक्रवार को सदर विधायक मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने सिविल सर्जन डॉ. सरयू प्रसाद सिंह से मिले। सविल सर्जन डॉ. सरयू प्रसाद सिंह ने रंजन चौधरी को आश्वस्त किया कि पीएसए प्लांट के सप्लाईयर से बात हुई है जल्द ही इसे सुचारू कर लिया जाएगा। ऑक्सीजन प्लांट से ऑक्सीजन सप्लाई होने से कई प्रकार के जरूरतमंद मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी।

### दारू : उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कोयं में तीन बच्चों को पढ़ाने के लिए दो शिक्षक

**दारु।** प्रखंड क्षेत्र के जिनगा पंचायत के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कोयं में तीन बच्चों को पढ़ाने के लिए दो शिक्षक नियुक्त है। एक ओर जहाँ प्रखंड क्षेत्र के कई विद्यालयों मे बच्चे अधिक है और शिक्षक की घोर कमी है वहीं इस विद्यालय मे 14 बच्चों का नामांकन है पर यहाँ पढ़ने के लिए सिर्फ तीन से पाँच बच्चे ही आते है। दैनिक अखबार के एक पत्रकार जब शुक्रवार को विद्यालय पहुंच कर बच्चों के सम्बन्ध मे जानकारी जाननी चाही तो तो शिक्षक महादेव राणा पत्रकार को ही अपना कार्यक्षेत्र समझाने लगे और फोटो और विडिओ लेने से मना करने लगे। विद्यालय की इस दुर्दशा के बारे मे प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जवाहर प्रसाद ने बताया की इस विद्यालय मे मात्र 14 बच्चे नामांकित है जिनमे से बहुत ही कम बच्चे विद्यालय आते है और शिक्षक के द्वारा अधिक संख्या मे बच्चों की उपस्थिति दिखाया जाता ऐसी जानकारी उन्हे भी मिली है।इस विद्यालय की जल्द ही जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## स्पीड न्यूज

### कुआं में डूबकर हुई युवक की मौत, गांव में पसरा मातम



मौत की सूचना से दुखी ग्रामीण।

**लोहरदगा।** जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत बदला नवाटोली के समीप कुंआ में गिरकर युवक की मौत हो गई। ग्रामीणों की मदद से कुंआ से युवक का शव निकाला गया। जिसके बाद पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेज दिया गया। वही सूचना मिलने पर मौके पर सेन्हा थाना पुलिस पहुंच जांच में जुट गई। मृतक युवक की पहचान निरहू निवासी गुलाम अंसारी पिता यासीन अंसारी के रूप में हुई है। बताया जाता है युवक अहले सुबह लोहरदगा कृषि बाजार के लिए अपने पशुओं के साथ घर से निकला था और रास्ते में पशु भागने लगे इसी को रोकने के क्रम में युवक कुवां में गिरकर डूब गया। जिसके बाद सूचना पाकर परिजन और ग्रामीणों मौके पर पहुंचे और कुवाँ से शव को निकाला गया। वही पुलिस शव को कब्जे में लेकर सदर अस्पताल लोहरदगा में पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को शव सौंप दिया। असमय युवक के मौत से निरहू गांव में परिजनों में मातम पसरा हुआ है लोगो ने युवक के मौत पर संवेदना व्यक्त किया है ।

### साप्ताहिक बाजार आई आदिवासी बच्ची के साथ दुष्कर्म

**कुडू/लोहरदगा।** कुडू थाना क्षेत्र में एक बार फिर आदिवासी नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। मामला कुडू थाना क्षेत्र का है। जहा पीड़िता के परिजनों ने अपने बयान में बताया की पीड़िता कुडू बाजार आई थी उसके बाद वो घर ही नही पहुंची। काफी खोजबीन के बाद भी पता नही चला। शुक्रवार को जांगी गांव के पास झाड़ियों में बेसुध पड़ी नाबालिक को ग्रामीणों ने देखा। नाबालिग के परिजनों को खबर मिली तो वो पीड़िता को लेकर कुडू थाना पहुंचे। पुलिस ने लड़की को मेडिकल जांच करा कर मामले की छानबीन कर रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि जल्द ही दोषियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

### लाभुक को मिले बकरी की मौत से भेंडर का खुला पोल



**सेन्हा लोहरदगा।** मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत भेंडर के द्वारा लाभुको के बीच गुरुवार को पशुपालन परिसर में वितरण किया गया। परंतु एक लाभुक को योजना का लाभ इस प्रकार प्रदान हुआ जो योजना के नाम पर खाना पूर्ति किया गया। यह मामला लोहरदगा जिले के सेन्हा प्रखंड अंतर्गत बक्सीडीपा निवासी संगीता देवी नामक लाभुक का मामला है। विदित हो कि बकरी मिलने के उपरांत दूसरे दिन ही एक बकरी मर गई। जिसे जानकारी देते हुए बक्सीडीपा निवासी लाभुक संगीता देवी ने बताया कि 6200 रुपया देकर मुख्यमंत्री पशुधन योजना के अन्तर्गत गुरुवार को 4 बकरी और 1 बकरा मिला था।जो दूसरे दिन शुक्रवार को ही एक बकरी मर गई.तथा दूसरी बकरी मरने की स्थिति में है। साथ ही कहा कि भेंडर सादाब कुरैसी से फोन पर बात कर जानकारी देने पर टाल मटोल करने लगा।इसकी जानकारी तब हुआ जब संगीता देवी मृत बकरी को ले कर पशुपालन अस्पताल का चक्कर लगा रही थी। आखिर कार सरकारी योजना का पैसा बंदर बांट में किसी संलिप्ता है और किसके इशारे पर सरकारी योजना में भेंडर मनमानी तरीके से अपनी आय वृद्धि कर मालामाल हो रहें है।

### झारखंड मुक्ति मोर्चा बसिया प्रखंड कमेटी ने निकाला न्याय यात्रा

**गुमला।** जिले के बसिया प्रखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड कमेटी के द्वारा शुक्रवार को न्याय पद यात्रा 20 सूत्री अध्यक्ष सुकरात उरांव के नेतृत्व में निकाला। यह न्याय पदयात्रा तेतरा पंचायत से शुरू होकर कोनबीर पंचायत के चर्च गेट तक गई। पदयात्रा का नेतृत्व कर रहे सुकरात उरांव ने कहा कि यह न्याय पदयात्रा केंद्र सरकार के दमनकारी नीति के खिलाफ निकाली गई है। मोदी सरकार के द्वारा झूठे मुकदमे कर हमारे नेता हेमंत सोरेन को जेल में डाला गया है। जब तक हेमंत सोरेन को जेल से बाहर नहीं निकल जाएगा तब तक आंदोलन जारी रहेगी। न्याय पदयात्रा में मोदी सरकार होश में आओ, सरना आदिवासी और ईसाई आदिवासी को लड़ना बंद करो, हेमंत सोरेन जिंदाबाद के भी नारे लगाए गये । पदयात्रा में सैकड़ो की संख्या में झामुमो कार्यकर्ता और आदिवासी महिलाएं एवं पुरुष शामिल थे।

### रविदास जयंती व शब ए बारात को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

● आपसी प्रेम सौहार्द के साथ पर्व मनाए : सीओ



बैठक में मौजूद लोग।

**भंडरा।** भंडरा थाना परिसर में शुक्रवार को संत रविदास जयंती व शब ए बारात को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए सीओ दुर्गा कुमार ने क्षेत्र से आए सभी सभ्रांत व्यक्तियों से आह्वान किया कि रविदास जयंती एवं शब ए बारात का पर्व बड़ी ही शांतिपूर्वक संपन्न कराने में पुलिस का प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने प्रखंड वासियों से शांतिपूर्वक सबे ए बारात व रविदास जयंती के पर्व को संपन्न कराने निर्देश दिए। थाना प्रभारी अरबिंद सिंह ने कहा कि थाना क्षेत्र के सभी पर्व त्योहार आपसी प्रेम सौहार्द पूर्वक मनाए। पुलिस प्रशासन जनता की सेवा में चौबीस घंटे सातो दिन सदा तत्पर रहेगी। बैठक में एसएसआई लाल महतो, बालकृष्ण सिंह, आफताब आलम, रामजी प्रसाद, रंजन उरांव, बीना देवी, अब्दुल रऊफ, गुलाम अंसारी, नीरज चोपड़ा, सुहैल अमीन सहित कई लोग मौजूद थे ।

## सभेकर होटल में खुला लोकसभा स्तरीय कार्यालय, पांच विधान सभा क्षेत्र के कार्यकर्ता व पदाधिकारी हुए शामिल

# चार सौ पार के संकल्प के साथ भाजपा का चुनावी कार्यालय का हुआ उदघाटन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** लोक सभा चुनाव में भाजपा 370 और एनडीए 400 पार के संकल्प के साथ शुक्रवार को भाजपा जिला का चुनावी कार्यलय का उदघाटन सिसई रोड स्थित होटल सभेकर में पूजा अर्चना व फीता काटकर जनसंघी कार्यकर्ता भगवान दास, ब्रिजबिहारी प्रसाद, जिला अध्यक्ष शिवप्रसाद साहू, लोकसभा प्रभारी मनोज सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय, सांसद सुदर्शन भगत, पूर्व स्पीकर दिनेश उरांव ने किया। उदघाटन समारोह में लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के पांचो विधानसभा क्षेत्र गुमला, सिसई, बिशुनपुर, लोहरदगा,मांडर से भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। मौके पर लोकसभा चुनाव प्रभारी मनोज सिंह ने कहा बिना



चुनाव कार्यालय का फीता काटकर उदघाटन करते सांसद, जनसंघी व भाजपा के नेता।

किसी भेदभाव के समाज के सभी वर्गों के लिए समानता का कार्य केंद्र की भाजपा सरकार में हुआ है। हर किसी को लाभ मिला है। भाजपा को जिताना है हर घर तक जाना है। अंत्योदय का संकल्प भाजपा ने पूरा किया है। जनसंघ काल के वयोवृद्ध नेता भगवान दास ने कहा पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवनी को आत्मसात करें। इन महापुरुषों का जीवन-दर्शन एकात्मक मानववाद को बढ़ावा देता है। भाजपा कार्यकताओं को कार्य करने की प्रेरणा देता है। वहीं जनसंघ नेता बृज बिहारी प्रसाद ने कहा कि लोहरदगा में जब जनसंघ का झंडा लगा तो हाहाकार मच गया। पंडित सुरेशदत्त शर्मा, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी लोहरदगा




उदघाटन के बाद भाजपाईयों को संबोधित करते वरिष्ठ नेता।

पहुंचे थे। धर्म-समाज-देश का बीड़ा उठाया, लोग जुटते गये कारवाँ बनता गया और भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनी। सांसद सुदर्शन भगत ने कहा तीसरी बार मोदी जी देश का प्रधानमंत्री बनगें और 400 का टारगेट देवतुल्य कार्यकताओं के बदौलत पूरा होगा। अपने बुथ को जीतें,यही लक्ष्य हो। कार्यक्रम में स्वागत भाषण जिला अध्यक्ष शिवप्रसाद साहू व धन्यवाद ज्ञापन लोहरदगा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने किया। जबकि संचालन जिला महामंत्री मिसिर कुजूर ने की। वहीं आगामी 27 फरवरी को करौंदी रथ बगीचा में लोकसभा का कार्यशाला आयोजित है। जहां केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ मनसुख मनडाविया का आगमन हो रहा है। जहां विकसित भारत का आधार समृद्ध लाभार्थी परिवार के लोग जुटेंगे। कार्यकताओं का महाजुटान होकर लोहरदगा लोकसभा के जीत का शंखनाद करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शशिभूषण मेहता, गंगोत्री कुजूर, विनय कुमार लाल, मुनेश्वर साहु, सन्नी टोप्पो, भिखारी भगत, राज किशोर महतो, किरण बाड़ा, अशोक उरांव, निर्मल गोयल, आफताब आलम लाडले, प्रवीण मेहता, यशवंत सिंह, दिनेश्वर प्रसाद, सुजीत नंदा, प्रदीप प्रसाद, विनोद कुमार, जगनारायण सिंह, गायत्री देवी, अमरमणि उरांव, सोनमणी उरांव, राधेश्याम कुशवाहा, नेसार खान, रविन्द्र सिन्हा, पायल तिवारी, हरिहर कुमार, रामावतार भगत, खुशमन नायक, रंजीत सोनी, चितरंजन मिश्रा आदि प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## डालसा सचिव ने पीएलवी सदस्यों के साथ की समीक्षा बैठक

# पीएलवी सदस्य लोगों की मदद कर उनका हक दिलायें : निर्मला बरला

खबर मन्त्र संवाददाता



पीएलवी सदस्यों को बैठक में निर्देश देती डालसा सचिव।

**गुमला।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव श्रीमती निर्मला बरला ने शुक्रवार को पीएलवी सदस्यों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में सचिव ने सीी पीएलवी सदस्यों को अपने-अपने क्षेत्र पर अच्छी तरह कार्य करने का निर्देश दिया। ताकि गरीब, असहाय वर्गों को लाभ दिलाया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रखंड, थाना, बाल कल्याण समिति आदि जगहों पर आपको सेवा के लिए लगाया गया है। आप लोगों को सरकार की योजना बेटी बचाओ बेटी पढाओ, महिला सशक्तिकरण, वाहन दुर्घटना, डायन बिसाही प्रतिषेध अधिनियम, साइबर क्राइम, बच्चों से संबंधित कानून आदि की जानकारी दें। स्कूलों में लीगल लिटरेसी क्लास का आयोजन कर बच्चों को मूल अधिकार एवं कर्तव्य तथा अन्य कानूनी जानकारी दें। गरीब असहाय लोगों का ब्लॉक, थाना आदि जगहों पर मदद करें। उसके कार्य संबंधित पदाधिकारी से मिलकर उनका कार्य करने में उनका मदद करें। जरूरत पड़ने पर डीएलएसए में आवेदन दें ताकि हम भी उनका मदद कर सकें। मानव तस्करी, बाल विवाह पर भी नजर रखें और समाज को इसके लिए जागरूक करें। स्थाई लोक अदालत के सदस्य श्री शंभू सिंह ने कहा कि लोगों को अस्थाई लोक अदालत के बारे में भी पीएलवी सदस्य अवगत कारवें ताकि लोग अपना मामला हमारे कोर्ट में निशुल्क दर्ज कर सके और अपने मामले का निपटारा तुरंत करा सके। जिसमें समय और पैसे की बचत होती है। उन्होंने कहा कि पीएलवी डीएलएसए का महत्वपूर्ण अंग है जो लोगों को न्याय व हक दिलाने में अहम भूमिका निभाते हैं। बैठक में मुख्य रूप से डीएलएसए कर्मचारी प्रकाश पांडे, पीएलवी मंगलेश्वर उरांव, दीपक कुमार, नीलम लकड़ा, अमृता कुमारी, बुकसाय उंराव, लक्ष्मण मोची, विष्णु रौतीया, घुरना नायक, सोमनाथ उरांव आदि उपस्थित थे।

### गांवो का विकास आजसू पार्टी की प्राथमिकता : नीरू शांति भगत

**लोहरदगा।** जिले के सदर प्रखंड लोहरदगा के हरमू पंचायत एवं जूरिया पंचायत का दौरा आजसू पार्टी की केंद्रीय महासचिव सह पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत की पत्नी नीरू शांति भगत के द्वारा किया गया। इस दौरान गांव के लोगों से चर्चा की गई एवं समस्याओं से रूबरू होते हुए नीरु शांति भगत ने कहा गांव का विकास ही आजसू पार्टी की पहली प्राथमिकता है क्योंकि गांव का विकास होगा तभी जिले का और राज्य का विकास होगा।

इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व केंद्रीय सचिव सह लोहरदगा प्रखंड प्रभारी कवलजीत सिंह, प्रखंड अध्यक्ष रुपेश आईन्द, जूरिया पंचायत अध्यक्ष विजय उराँव, नगर कार्यकारी अध्यक्ष संदीप भगत, उदय चंद्र मुखर्जी, रामू उरांव, जरकश साहू, कर्मदेव उरांव, सुरेंद्र महली, लीलावती कुजूर, सीता मिँज, रानी कुमारी, सोहदरा देवी, मंगरी उरांव, लगन महली, रीना मिंज, बीना उरांव, विनय उरांव, अनीता उरांव, सीतामुनि उराव, पिंकी उरांव, संध्या उराव, सीताराम उरांव, मनीता लकड़ा, करमिला उरांव सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

## बसिया प्रखंड कार्यालय परिसर में चलंत लोक अदालत का हुआ आयोजन

# गरीबी के कारण वकील नहीं रख पाने वाले लोगों को डालसा देती है विधिक सहायता : जितेंद्र

खबर मन्त्र संवाददाता



लोगों को शिविर में कानून की जानकारी देते अधिवक्ता।

**गुमला।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला के द्वारा शुक्रवार को बसिया प्रखं में चलंत लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से लीगल एड डिफेंस काउंसिल के श्री जितेंद्र सिंह, श्रीमती इंदु पांडे, पीएलबी घूरन उरांव उपस्थित थे । मौके पर श्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोगों को प्रशासन एवं न्याय प्रशासन से जोड़ती है और उन्हें हर संभव मदद प्रदान करती है । उन्होंने कहा की जो लोग केस लड़ने के लिए वकील अपने पैसे से नहीं रख पाते हैं। उनको सरकार की ओर से वकील का व्यवस्था दिया जाता है। पीड़ित लोगों को मुआवजा देने का कार्य भी करती है। श्री सिंह ने बाल मजदूरी किशोर न्याय अधिनियम के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। श्रीमती इंदु पांडे ने डायन बिसाही के संबंध में विस्तृत रूप से लोगों को जानकारी दी तथा महिला उत्पीड़न से संबंधित कानून की भी उन्होंने लोगों को जानकारी दिया। उन्होंने कहा कि स्थाई लोक अदालत में किसी तरह का कोई फीस नहीं लगता है और यह अदालत प्रत्येक कार्य दिवस पर खुला रहता है। बैंक लोन और छोटे-छोटे मामलों के लिए जो अन्य कोर्ट में नहीं गए हो स्थाई लोक अदालत में आकर अपने वादों का निपटारा निशुल्क तौर पर कम समय में करवा सकते हैं। उन्होंने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और मानव तस्करी और बाल विवाह से होने वाले बुराइयों को भी विस्तृत रूप से बताया।

# पीएम विश्वकर्मा योजना पर आधारित सेमिनार सह जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

खबर मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा।** जिला मुख्यालय स्थित न्यू टाउन हॉल में शुक्रवार को पीएम विश्वकर्मा योजना पर आधारित सेमिनार सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त दिलीप कुमार सिंह शेखावत व अन्य अतिथियों द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। जिसके बाद सभी अतिथियों को हरा-भरा पौधा व अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त दिलीप कुमार सिंह शेखावत ने कहा कि आज का यह कार्यक्रम हमारे जिले के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है क्योंकि हमारा देश ऐसा देश है जहां लघु उद्योग में बहुत सी आबादी निर्भर करती है, चाहे, बांस से बने समान हो, मिट्टी से बनी समान हो, जाल बनाने वाला हो अथवा अन्य, जिसे बढ़ावा देने की जरूरत है। जिसके लिए देश के प्रधानमंत्री ने देश के अंदर रह रहे हुनर मंद को पहचान कर उसे आगे बढ़ाने के लिए यह योजना लाई गई है चाहे राजमिस्त्री हो, नाई हो या कोई अन्य। इसके लिए सीएससी में आवेदन होने के बाद जो चयनित होते



उद्घाटन करते अतिथि।



संबोधित करते डीडीसी।

हैं उन्हें हम प्रशिक्षण देंगे जिसके बाद स्कीम के माध्यम से सुविधा दी गई है जिसके माध्यम से बहुत कम ब्याज में बैंकों से ऋण दिया जाएगा ताकि लघु उद्योग को बढ़ावा मिल सके। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है कि ज्यादा से ज्यादा लोग योजना से जुड़कर जो आज 5 हजार कमा रहा वह आने वाले समय मे ज्यादा आर्थिक उपार्जन कर सके। आज जो छोटा उद्योग है वह आने वाले समय में बड़ा हो सके। भारत एक ऐसा देश है जहां कोई भी निर्माण किया जाता है उसके उपभोक्ता बहुत हैं। जिसका मतलब है कि हमारे देश मे व्यापार के लिए बहुत बड़ा मार्केट है। जैसे बंबू का उपयोग आप देखेंगे कि बड़े बड़े होटल और रिशोर्ट में भी उपयोग होता है। इसका मतलब साफ है कि हमलोग अगर उद्योग को बढ़ावा देंगे तो झारखंड ही नही पूरे देश मे व्यापार किया जा सकता है। मौके पर सेमिनार में जिले के अलग अलग जगह से आये सीएससी संचालकों द्वारा ऑनलाइन पंजीयन भी किया गया। उद्घाटन सत्र में अतिथि के रूप में रघुबर सिंह, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र, मयंक जे कंडुलना, निदेशक, आर-सेटी, लोहरदगा एवं निशांत सिंह, अधिकारी, एलडीएम कार्यालय, लोहरदगा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर), झारखंड के सहायक प्रबंधक सत्येंद्र कुमार ने इस योजना में रजिस्ट्रेशन करने की प्रक्रिया, पात्रता एवं मिलने वाले लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। कार्यक्रम में सीएससी की ओर से एक ऑन द स्पॉट रजिस्ट्रेशन शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें कई पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों का इस योजना के तहत पंजीकरण भी किया गया।

लोहरदगा जिले के लगभग 250 से ज्यादा शिल्पकारों और कारीगरों ने इस जागरूकता कार्यक्रम में शामिल होकर पीएम विश्वकर्मा योजना के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त किया। एम.एस.एम.ई.-विकास कार्यालय, रांची के प्रमोद कुमार तथा एमएमएलकेयुवीबी, लोहरदगा के डीईसी, अंजन बारा एवं बीईसी, सीएससी जिला समन्वयक सुधीर कुमार, मो. आसिफ अहमद,मिर्तुंजय तिवारी आदि ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में संपूर्ण सहयोग किया।

## एक नजर में

### सीओ ने बीएलओ व सुपरवाइजर संग की बैठक

● क्षेत्र के मतदाता को जानरूक कर मतदान प्रतिशत बढ़ाये : सीओ



बैठक करते सीओ।

**भंडरा।** प्रखंड सभागार में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी दुर्गा कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को बीएलओ व बीएलओ सुपरवाइजर के साथ बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में लोहरदगा व विशुनपुर विधान सभा क्षेत्र के बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर की बैठक की गई। बैठक में मुख्य रुप से सभी बीएलओ को निर्देश दिया गया कि अगर उनके मतदान केंद्रों में किसी युवा मतदाताओं का नाम आज भी मतदाता सूची में दर्ज नहीं है तो उन्हें शीघ्र दर्ज करें। मृत मतदाता एवं दोबारा प्रविष्ट मतदाता का नाम मतदाता सूची से विलोपित करें एवं अपने मतदान क्षेत्र में घूम-घूमकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करें। जिससे मतदान का प्रतिशत आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में बढ़ाया जा सके। बैठक के दौरान सभी बीएलओ को डमी ईवीएम एवं वीवीपीएटी का सेट दिया गया उसे ले जाकर अपने मतदान केंद्र क्षेत्र में लोगों को दिखाकर वोटिंग की प्रक्रिया को बताने का निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य धर्मदास भगत, सुमित्रा देवी, माया देवी, बबिता देवी, आदि दर्जनों बीएलओ व बीएलओ सुपरवाइजर उपस्थित थे।

### शब ए बारात को लेकर हुई शांति समिति की बैठक



शांति समिति की बैठक को संबोधित करते बीडीओ।

**कुडू लोहरदगा।** शब ए बारात का त्योहार प्रखंड क्षेत्र में अमन तथा भाईचारा भरे माहौल में मनाने को लेकर शुक्रवार को थाना परिसर में बीडीओ सह प्रभारी सीओ प्रवेश कुमार साव की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में शब ए बारात को लेकर शांति समिति के सदस्यो ने विभिन्न तरह के आयोजन की जानकारी दी । बीडीओ सह प्रभारी सीओ प्रवेश कुमार साव ने कहा कि इबादत का त्योहार शब ए बारात के मौके पर प्रखंड क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जायेंगे। इबादत के मौके पर खलल डालने वालों की खैर नहीं होगी। सभी संवेदनशील स्थानों पर पुलिस तथा प्रशासन की नजर रहेगी। बैठक मे थाना प्रभारी कुलदीप राज टोप्पो प्रखंड प्रमुख मुन्नी देवी उपप्रमुख ऐनुल अंसारी, ओमप्रकाश भारती, कलीम खान, सबरेज आलम, अरविंद यादव, राजू अग्रवाल, यदुनंदन तिवारी, कमरूल इस्लाम, मनान अंसारी, शमशेर खान कुडू थाना के लवकुश सिंह, कुन्दन कुमार, शामिल उरांव, संजय सिंह, सुकू सोरेन, राजकुमार बैठा, रामसुरत तिवारी, अवधेश उरांव, वारिश अंसारी, नसीम खान, मातिन अंसारी, जाहिद खान, मुमताज खान, समसुल अंसारी, हलीम अंसारी, रोजामत अंसारी, लाल बैजनाथ सहित अन्य शामिल थे।

### रोहतासगढ़ धार्मिक तीर्थयात्रा के लिए लोग हुए रवाना



रोहतासगढ़ रवाना होते लोग।

**गुमला।** वनवासी कल्याण केन्द्र गुमला के तत्वावधान में जनजाति सुरक्षा मंच एवं मूली पड़हा गुमला के नेतृत्व में लगभग 150 तीर्थ यात्री जनजाति समाज की धरोहर रोहतासगढ़ के लिए शुक्रवार को रवाना हुए। ज्ञातव्य हो कि विगत 18 वर्षों से अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के नेतृत्व मे माघी पूर्णिमा के पावन अवसर पर जनजातीय समाज की परंपरा रीति रिवाज के धार्मिक अनुष्ठान, पूजा पाठ को लेकर रोहतास गढ़ में दो दिवसीय भव्य मेला का आयोजन किया जाता रहा है। इस रोहतासगढ़ तीर्थयात्रा के माध्यम से लोग अपने पुर्वजों की धरोहर तथा अपनी धर्म, संस्कृति, पूजा पद्धति, पहचान इत्यादि जानकारी हासिल करते हैं। इस अवसर पर वनवासी कल्याण केन्द्र गुमला के जिला संगठन मंत्री खेदू नायक, जनजाति सुरक्षा मंच गुमला जिला संयोजक सह मूली पड़हा गुमला के बेल श्री राजबेल उरांव, दीवान श्री राजू उरांव, असनी पंचायत की मुखिया श्रीमती गौरी किंडो, श्री सोमेश्वर उरांव उपस्थित थे।

### स्वीप कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी सेविकाओं ने ली मतदान प्रक्रिया में भाग लेने की शपथ

**भंडरा।** स्वीप कार्यक्रम का उद्देश्य मतदाताओं को मतदान के महत्व से अवगत कराना है। आसन्न लोकसभा चुनाव में ग्रामीण क्षेत्रों के मतदाता सामने आये, ताकि मतदान प्रतिशत में वृद्धि हो। इस क्रम में शुक्रवार को प्रखंड मुख्यालय में मतदाता जागरूकता का शपथ ग्रहण किया गया। इस दौरान अंचलाधिकारी व प्रखंड विकास पदाधिकारी ने आंगनबाड़ी सेविकाएं को शपथ दिलाया। इस दौरान सेविकयो ने समाज के प्रबुद्ध नागरिकों को अपने मत का दान करने के लिए और चुनाव में अपनी भागादारी सुनिश्चित करने कें लिए प्रेरित करने की बात कही। जागरूकता संबंधित पम्पलेट का वितरण कर अधिक से अघिक लोगो को मतदान की उपयोगिता का संदेश दिया गया। मौके पर लोगों ने शपथ ली कि हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मयार्दा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

# डीसी, एसपी से वार्ता के बाद ढिबरा स्क्रैप मजदूर संघ का 12वें दिन धरना समाप्त

## ढिबरा नीति को लेकर प्रशासन सरकार को भेजेगी पत्र

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** ढिबरा स्क्रैप मजदूर संघ का धरना 12वें दिन शुक्रवार को समाप्त हो गया। शुक्रवार को आंदोलनकारियों और प्रशासन के बीच वार्ता के बाद ढिबरा स्क्रैप मजदूर संघ ने शिव वाटिका में प्रेस वार्ता कर धरना समाप्त करने की घोषणा की। समाहरणालय में डीसी मेघा भारद्वाज और एसपी अनुदीप सिंह, एसडीओ रिया सिंह की उपस्थिति में ढिबरा संघ के नेताओं के बीच बिंदुवार वार्ता हुई। प्रशासन ने ढिबरा को लेकर कानूनी अड़चन सरकार के स्तर से शीघ्र ही दूर कर लेने का भरोशा दिलाया। वहीं संघ के मांगो को लेकर एवं कोडरमा में जीवनयापन का मुख्य साान ढिबरा पर सकारात्मक पहल तेज करने को लेकर सरकार को पत्र लिखने का आश्वासन ढिबरा मजदूरों को दिया गया। शिव वाटिका में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए ढिबरा स्क्रैप मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष कृष्णा सिंह घटवार ने कहा कि आंदोलन की जीत हुई है। ढिबरा मजदूरों की एकजुटता ने ढिबरा व्यवसाय का जिंदा रखने में कामयाब हुई है। संघ की प्रमुख मांगो में ढिबरा नीति को लागू करने और कोडरमा में ढिबरा खरीद-बिक्री और भंडारण को लेकर कानूनी स्तर से समाधान निकालने की थी, जिसपर प्रशासन ने सकारात्मक पहल की है और भरोशा दिलाया है कि भविष्य में कानूनी तरीके से ढिबरा व्यवसाय को पटरी पर लाया जाएगा। श्री घटवार ने कहा कि प्रशासन से वार्ता काफी सकारात्मक रही है, जिसके आधार पर ढिबरा मजदूरों के हित में आंदोलन को समाप्त कर दी गयी है। उन्होंने कहा कि ढिबरा मजदूरों के घर में रोजी रोटी की समस्या सबसे बड़ी समस्या है, इस समस्या का हल सरकार और प्रशासन को ही करना है। संघ ने ढिबरा आंदोलन में सहयोग और समर्थन करने वाले सभी साथियों का ह्रदय से आभार व्यक्त किया है। वहीं धरना में चट्टानी एकता प्रदर्शित कर आंदोलन को ऐतिहासिक बनाने वाले ढिबरा मजदूरों, गोदाम संचालको के प्रति आभार व्यक्त किया है। आंदोलन की जीत पर ढिबरा मजदूरों ने संघ के अध्यक्ष कृष्णा सिंह घटवार को माला पहनाकर नारेबाजी की। प्रेस वार्ता में संघ के सचिव राजकिशोर सिंह, कलीम अंसारी, मो. इस्लाम, बिनोद यादव, मनोज यादव, दिनेश यादव, विकास कुमार, नंदलाल सिंह, राजकुमार लाल, विपिन राय, वीरेंद्र सिंह, कारू तुरीया आदि मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज़

### 27 फरवरी तक सभी सदस्यों का नवीकरण कार्य पूरा करने का निर्णय



**सिमरिया।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी अंचल परिषद की बैठक डांक बंगला में कॉ० हेमवन्ती देवी की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में संयुक्त वाम मोर्चा के संयोजक कॉ अर्जुन कुमार,अंचल मंत्री कॉ गयानाथ पाण्डेय, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष जवाहर विश्वकर्मा मुख्य रूप से उपस्थित हुए। बैठक में विभिन्न एजेंडा को लेकर अंचल मंत्री ने कार्य रिपोर्ट पेश किया। बैठक में कहा गया कि ब्रांच से लेकर अंचल के सभी सदस्यों का नवीकरण 27 फरवरी तक कर लेना है। बैठक में भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी महिला समिति के गठन को लेकर तिथि निर्धारित की गई। जिसमे 25 फरवरी को एदला गांव में, 28 फरवरी को ईचाक खुर्द गांव में, तीन मार्च को देल्हो चाडरम में, चार मार्च को सिकरी में, सात मार्च को खपिया में, दस मार्च को बगरा में और बारह मार्च को पत्थलगड्डा प्रखंड के कुब्बा गांव में बैठक किया जाएगा। बैठक में अखिल भारतीय किसान सभा का जिला सम्मेलन 20 मार्च को सिमरिया किसान भवन में होना तय किया गया, जबकि सम्मेलन की तैयारी को लेकर 16 मार्च को डांक बंगला में बैठक करने का निर्णय लिया। मौके दशरथ ठाकुर, महावीर राम, पिन्टु भुईया, दिनेश्वर साव, रामसागर सिंह, महावीर रजक, गेन्दो राणा, दशरथ महतो, विनोद उरांव,रामेश्वर उरांव, बैजनाथ यादव, संतोष कुमार दांगी, राम कुमार साहू समेत कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सिमरिया थाना के नए थानेदार बने चंदन कुमार



**सिमरिया।** सिमरिया थाना में नए थाना प्रभारी के रूप में चंदन कुमार ने गुरुवार को प्रभार ग्रहण किया। प्रभार ग्रहण करने के बाद नव नियुक्त थाना प्रभारी ने बताया कि थाना क्षेत्र में भय मुक्त और शांतिपूर्ण वातावरण स्थापित करना उनका पहला प्राथमीकता है। अपराध और उग्रवाद पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाएगा। साथ ही पोस्ता की खेती करने वाले को किसी भी रूप में छोड़ा नहीं जाएगा। अपराध उग्रवाद और पोस्ता की खेती के संरक्षण देने वाले भी लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। आगे उन्होने युवाओं को अफीम के नशे दूर रहने की अपील किया है कहां है अफीम शरीर, परिवार और खेत को नष्ट करने वाला जहरीला पौधा है। उन्होंने आगे कहा कि जनसहयोग के बिना पुलिस का कोई भी कार्य पूर्ण रूप से नहीं हो पाता है। इसलिए वे सभी लोगों से पुलिस पब्लिक के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करेंगे। ज्ञात हो कि थाना प्रभारी विवेक कुमार के ट्रांसफर के बाद चंदन कुमार ने नए थाना प्रभारी के रूप में अपना योगदान दिया है।

### पत्थर माइंस में पोस्टर चिपकाते दो नक्सली समर्थक गिरफ्तार



**चतरा।** चतरा पुलिस को नक्सलियों के खिलाफ एक बार फिर बड़ी कामयाबी मिली है। वशिष्ठनगर जोरी थाना क्षेत्र में संचालित करमाली माइंस में पोस्टर साट रहे दो नक्सली को पुलिस ने पर्चा के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सली प्रतिबंधित टीएसपीसी नक्सली संगठन के एरिया कमांडर सहेंद्र गंझू का सहयोगी बताया जाता है। गिरफ्तार नक्सली सहयोगी के पास से सात हस्तलिखित टीएसपीसी नक्सली संगठन का पोस्टर व विभिन्न कंपनियों का दो मोबाइल फोन जप्त किया गया। फिलहाल, पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है। सदर एसडीपीओ संदीप सुमन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर डीएसपी मुख्यालय रोहित कुमार रजवार के नेतृत्व में गठित प्रशिक्षु डीएसपी वसीम रजा व वशिष्ठनगर जोरी थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की। गिरफ्तार नक्सली समर्थकों ने पूर्व में भी एरिया कमांडर के इशारे पर हाईवा गाड़ी में आगजनी कर इलाके में दहशत फैलाया था ।

### मनरेगा कुआं का चाल धंसा, मजदूर घायल



**सिमरिया।** प्रखंड के पगार गांव में शुक्रवार को एक निमार्णाधीन कुआं का चाल धंस गया जिसमें एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल मजदूर त्रिभुवन साव इसी गांव का रहने वाला है। घायल मजदूर को अन्य मजदूरों और ग्रामीणों की सहायता से आनन-फानन में सिमरिया रेफरल अस्पताल लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर किया गया है। घटना के बाबत मिली जानकारी के अनुसार गांव के कपूरवा देवी पति कुलेश्वर साव के खेत में मनरेगा योजना तहत कुआं की खुदाई चल रहा था। खुदाई में आधा दर्जन से अधिक मजदूर लगे हुए थे। खुदाई के दौरान अचानक कुआं का चाल धंस गया जो खुदाई कर रहे मजदूर के ऊपर गिरा। जिससे मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों का कहना है कि मनरेगा योजना के संचालन स्थल पर प्राथमिक उपचार की मेडिकल किट सहित अन्य सुविधाओं की व्यवस्था विभाग की ओर से किया जाना होता है किंतु स्थल में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं की जाती जिसके कारण दुर्घटना होने पर तात्कालिक कोई उपचार नहीं हो पाता। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे में दूर दराज क्षेत्र में ऐसी घटना घटने पर मजदूर की जान भी जा सकती है।

## ग्रिजली कॉलेज में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के सचिव अविनाश कुमार सेठ एवं महाविद्यालय के उप निदेशिका डॉ. संजीता कुमारी ने रिबन काट कर संयुक्त रूप से किया। उक्त आयोजन के प्रथम दिन महाविद्यालय के अध्यक्ष मनीष कपसीमे ने गन फायर कर खेलकूद को गति दिये। वहीं महाविद्यालय के बीएड.सत्र 2023-2025 के सभी प्रशिक्षुओं ने एनएसएस. ताली बजाकर एवं हाउस वाइज पास्ट प्रस्तुत कर महाविद्यालय के अध्यक्ष एवं सचिव को स्वागत किया। वहीं आउट डोर खेलकूद में 200 एवं 100 मीटर दौड़, चम्मच रेस, बिस्कुट रेस, सुई धागा रेस, गोला फेंक, टेक द कप आदि आयोजित किया गया, जिसमें पुरुष 200 दौड़ में प्रथम सदाकत अंसारी, द्वितीय बैजनाथ महतो एवं तृतीय अजीत यादव रहे। वहीं सचिव अविनाश कुमार सेठ एवं अध्यक्ष मनीष कपसीमे ने कहा कि खेलकूद हमारे जीवन का अनमोल रत्न है। साथ ही सभी प्रशिक्षुओं एवं महाविद्यालय के सभी सदस्यों को वार्षिक खेलकूद आयोजन की बधाई दिया।

# बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक संपन्न

## अनुपस्थित पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगने का प्रस्ताव पारित

खबर मन्त्र संवाददाता




**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड सभागार में शुक्रवार को बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक हुई। जिसमें प्रखंड में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों को उपस्थित होना था, मगर बैठक से कई विभागों के पदाधिकारी अनुपस्थित रहे। अनुपस्थित विभाग के पदाधिकारियों के विरुद्ध स्पष्टीकरण मांगने का प्रस्ताव पारित किया गया। जिसपर बीडीओ सौरभ कुमार ने सदस्यों को अगली बैठक में सभी विभागों के पदाधिकारियों का उपस्थित रहने का आश्वासन दिया। बैठक में बीस सूत्री अध्यक्ष विजय सिंह ने वर्ष 2022-23 में मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत कितने लाभुकों को गाय दिया गया, उसके लिए एक जाचं कमिटी का गठन किया गया। इस कमिटी में बीस सूत्री के दो सदस्य पंचायत सेवक तथा विधायक प्रतिनिधि रहेंगे, जो जाचं कर अगली बैठक में रिपोर्ट देंगे। वहीं सदस्य ब्यूटी कुमारी ने प्रखंड के अबुआ आवास की सूची उपलब्ध कराने की मांग की। इसके आलावे सदस्य तारणी सिंह ने ग्राम शिवपुर में बिरजू मुसहर के घर से दरोगी रविदास के घर तक रोड अतिक्रमण मुक्त कराने का प्रस्ताव रखा। बैठक की अध्यक्षता बीस सूत्री अध्यक्ष विजय सिंह एवं संचालन बीडीओ सौरभ कुमार ने किया। बैठक में विधायक प्रतिनिधि सह जिप सदस्य प्रतिनिधि धनंजय यादव, एमओ विजय शंकर, मनुववर अंसारी, गणेश राय के आलावे प्रखंड सह अंचल कर्मी मौजूद थे।

## अबुआ आवास में अनियमितता बरते जाने को लेकर बीडीओ को आवेदन

**गिद्धौर।** प्रखंड के अंतर्गत बारिसाखी पंचायत में अबुआ आवास में घोर अनियमता बरती जा रही है। जिसे लेकर लाभुक आरती देवी पति उपेंद्र पान्डेय ने प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव को आवेदन दिया है। आवेदन में बताया गया गया है कि सुखी संपन्न परिवार को आवास के लिए चयनित कर जियो टैग किया गया है। वहीं जो लाभुक आवास लेने योग्य है उसे नजर अंदाज किया गया है। प्रखंड के द्वारा चयन करने के लिए टीम गठित की गई थी। जिसमें पंचायत सेवक,मुखिया, स्वयंसेवक शामिल थे। आगे लिखा है कि स्वयंसेवक द्वारा सगे संबंधी लोगों का चयन कर सत्यापित किया गया है। जिससे बेघर असहाय मजदूर गरीब लोगों को अबुआ आवास नहीं मिल पा रहा है। जो व्यक्ति 30000 देगा उसी का अबुआ आवास मिलेगा। जिसे जांच कर गरीब की मदद हो और बेघर को घर मिल सके प्रशासन से गुहार लगा रही है। मुखिया प्रतिनिधि व उप मुखिया बताया कि जो भी आरोप लगाया गया है वह बिल्कुल निराधार है।

## आरपीवाई बीएड कॉलेज में अंगदान पर संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** रमेश प्रसाद यादव शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में शुक्रवार को अंगदान कार्यक्रम पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शैक्षिक कार्यक्रम प्रभारी संजीव कुमार सहित सहायक प्रायापकों ने मां सरस्वती की छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर व द्वीप प्रज्वलित कर किया। वहीं मंच संचालन प्रशिक्षु माधुरी कुमारी ने किया। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ.संजीव कुमार ने कहा कि हमारे देश में परमार्थ को इतना उपर रखा गया है कि दूसरों के सुख के लिए लोग अपना सर्वस्व दान देने में भी संकोच नहीं करते। हमें बचपन से शिवि और दधीचि जैसे देह-दानियों की गाथाएं सुनाई जाती हैं। मेडिकल साइंस के इस दौर में अंगदान किसी को जीवन देने का एक बहुत बड़ा माध्यम बन चुका है। यह जीवन के लिए उपहार है। अंगदान कर हम कई लोगों को जीवनदान दे सकते हैं। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहायक प्राध्यापक राजेश पांडेय ने अंगदान की महत्ता को बताते हुए कहा कि किसी भी दान में अपना स्वार्थ नही बल्कि दूसरों का हित है। आज हमारा विज्ञान इतना तरक्की कर चुका है कि यदि किसी व्यक्ति का कोई अंग खराब हो गया तो उसे बदला जा सकता है। मौके पर मो. सेराज, मनोज विश्वकर्मा, अनिल कुमार, सैयद खुर्शीद अली, हरचरण सिंह, सहित शिक्षकेत्तर कर्मचारी मिथलेश कुमार, राजकुमार यादव, कुंदन कुमार, सहित प्रशिक्षुगण मौजूद थे।

# पत्रकार को जान से मारने का धमकी, युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** जिले में विकास योजना में धांधली की खबर दिखाने के बाद टीवी चैनल के पत्रकार को जान से मारने का धमकी देने वाले युवक को पुलिस ने धर दबोचा है। आरोपी पप्पू प्रतापपुर थाना क्षेत्र के बभने पंचायत अंतर्गत महुगांई गांव का रहने वाला है। एसडीपीओ संदीप सुमन ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि विगत 18 फरवरी को टीवी चैनल के पत्रकार कुमार चंदन ने मनरेगा कार्य में बरती जा अनियमितता से संबंधित खबर अपने चैनल में प्रसारित किया था। इससे नाराज संवेदक पप्पू यादव ने पत्रकार को फोन कर जान से मारने का धमकी दिया था। इस संबंध में पत्रकार ने थाना में उसके खिलाफ मामला दर्ज कराया था। मामला दर्ज करने के बाद एसडीपीओ के नेतृत्व में प्रतापपुर थाना पुलिस की टीम का गठन किया गया था। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पप्पू यादव को उसके घर से गिरफ्तार किया है। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार पप्पू यादव का पुराना अपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ प्रतापपुर थाना में आईटी एक्ट, एससी-एसटी एक्ट व गरीबों के खाते से अवैध निकासी कर लाखों रुपये गबन करने का पूर्व से मामला दर्ज है। जिनमे से गबन के एक मामले में आरोपी ने न्यायालय से बेल लें लिया था। जबकि दो अन्य मामलो में वह फरार चल रहा था। पुलिस को उसकी सरगर्मी से तलाश थी। छापामारी टीम में एसडीपीओ के अलावा प्रतापपुर पुलिस निरीक्षक अमरदीप, थाना प्रभारी कासिम अंसारी, एएसआई वीरेन्द्र तिवारी व दुर्गाचरण बिरुआ समेत जिला बल के जवान शामिल थे।


**शपथ पत्र**

में स्वेता कुमारी पिता गुजर महतो निवास स्थान कोदवे गरिकला हजारीबाग जिला हजारीबाग झारखंड 825311 का निवासी हूं शपथ पूर्वक ब्यान करती हूं कि मेरा जानकारी में सत्य एवं सही है

1 यह है कि मैं भारतीय नागरिक हूं एवं उपरोक्त पते का निवासी हूं 2 यह है कि मेरा मैट्रिक के सभी प्रमाण पत्र में नाम स्वेता कुमारी दर्ज है जो की सही एवं सत्य है

3 यह है कि मेरा आधार नंबर 4181 4356 9405 में मेरा पुकार नाम मुनिता कुमारी दर्ज हो गया है

4 क्या है कि मैं स्वेता कुमारी एवं मुनिता कुमारी दोनों नाम एक ही व्यक्ति महिला का नाम है जो कि मैं स्वयं हूं

5 यह है कि मैं यह शपथ पत्र अपना आधार नंबर 4181 43 5694 05 में सही नाम है स्वेता कुमारी दर्ज करवाने हेतु दे रहा हूं

6 यह है कि उपरोक्त वर्णित सभी बातें मेरे जानकारी में सत्य एवम सही है

आज दिनांक 23 फरवरी 2024 ई को रांची में शपथ लिया हूं।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमंडल, हजारीबाग।**
पत्रांकः— 249 हजारीबाग/दिनांकः— 23/02/2024

**निविदा रद्द संबंधि सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक 229 दिनांक 20.02.2024 के द्वारा निर्गत अति अल्पकालीन ई – निविदा आमंत्रण सूचना संख्या WRD/MID/HAZARIBAG/F2-25/2023-24 पी0आर0न0— 319789 (Minor Irrigation) 23-24*D द्वारा प्रकाशित निविदा को अपरिहार्य कारण वश अगले आदेश तक रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल,
हजारीबाग।
PR 320185 Minor Irrigation(23-24)D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालिय**
**लघु सिंचाई प्रमंडल, हजारीबाग**
पत्रांकः— 247 हजारीबाग/दिनांकः— 23 / 02 /2024

**निविदा रद्द संबंधि सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक 227 दिनांक 20.02.2024 के द्वारा निर्गत अति अल्पकालीन ई – निविदा आमंत्रण सूचना संख्या WRD/MID/HAZARIBAG/F2-23/2023-24 पी0आर0न0— 319787 (Minor Irrigation)23-24(D) द्वारा प्रकाशित निविदा को अपरिहार्य कारण वश अगले आदेश तक रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
PR 320183 Minor Irrigation(23-24).D लघु सिंचाई प्रमंडल,हजारीबाग

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**NATIONAL HIGHWAY DIVISION,**
**SOUTH OF THE PTC GROUND, HAZARIBAGH-825301**
**E-Mail ID- nhdivisionhazaribagh@gmail.com**

**Very-very Short Notice Inviting Quotation**

**Quotation Ref. No. NH/HAZARIBAGH/2023-24/17 Dated : 22.02.2024**
**Name of work: Hiring of Commercial Vehicles of Two Nos. of Innova (latest top model) and One No. of Bolero (latest model) on monthly hire basis for the O/o Executive Engineer, National Highways Division, Hazaribagh officials.**
**Time Period:**One year likely to be extendable up to a maximum period for Two (02) years and on same terms and conditions.

Sealed Quotation are hereby invited from established, experienced and reputed individuals, firms/ Organizations and other agencies having adequate experience in execution of such works.

The blank BOQ and terms & conditions for the above may be obtained from the office of the undersigned on any working day from 24.02.2024 on 11:00 AM office hours by submitting a copy of online receipt towards payment of cost of document of Rs. 500/- (Rupees Five Hundred only/-) on NTRP Portal- https://bharatkosh.gov.in/Ministry Info.aspx through Pay & Account Office Code : 034756- PAO(NH)- Kolkata and Drawing & Disbursing Office (DDO) Code : 202122-Regional Officer, Ministry of Road Transport Highways.

The duly filled quotation in sealed envelope can be submitted in the office of the undersigned up to 03:00 PM on 04.03.2024. The quotation will be opened on 04.03.2024 at 03:30 PM in the presence of intending quotationers or its authorized representatives, who choose to remain present.

This office reserves the right to reject all Quotations and cancel the Quotations without assigning any reasons.

Executive Engineer
PR 320252 (Road)23-24*D National Highways Division, Hazaribagh Ph: 9905573705

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता, प्रमण्डल , सिमडेगा**

**अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेन्ट सूचना**
**(जिला पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा अंतर्गत)**
**(तृतीय आमंत्रण)**

निविदा सूचना संख्या - 07/2023-24 (3rd Call) दिनांक – 23.02.2024

| क्र० सं० | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (रू० में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू० में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of solar based RCC Mini water supply scheme of capacity 8000 liter water tank with 2HP submersible DC pump 1800 wp solar panel with 200x165x200mtr depth HYDT as source with Rising / Distribution pipe line stand post,01unit piayu with soak pit renovation of existing toilet etc at Bhanwar pahar tourist place of Nawatoli Panchayat of Block Kolebira, District Simdega. | 13,15,504.00 | 26,500.00 | 2,500.00 | 03 माह |
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 26.02.2024 समय 05.00 बजे अपराहन् तक | | | |
| 3 | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | 04.03.2024 समय 04.00 बजे अपराहन् तक | | | |
| 4 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई– गवर्नेस,झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.23 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 04.03.2024 समय 04.00 बजे अपराहन् तक | | | |
| 5 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय :– | 05.03.2024 समय 04.00 बजे अपराहन् | | | |
| 6 | तकनीकी बिड खोलने का स्थान :– | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, सिमडेगा। | | | |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, सिमडेगा। | | | | |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन नं० :– | 06525-350233 | | | |
| 9 | ई– प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन सं० | 9431501512 | | | |

नोट – केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
अधिक जानकारी के लिए वेवसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
PR 320205 Drinking Water and Sanitation(23-24)#D पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, सिमडेगा

# इनामी नक्सली मनोहर परहिया ने एरिया कमांडर के साथ किया सरेंडर

## बरवाडीह के भाजपा नेता जयवर्धन सिंह हत्याकांड समेत कई मामलों में शामिल रहा है मनोहर परहिया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** झारखंड सरकार के आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति नई दिशा से प्रभावित होकर जेजेएमपी के जोनल कमांडर मनोहर परहिया उर्फ विमलेश परहिया अपने एक अन्य साथी एरिया कमांडर दीपक कुमार भुइयां उर्फ कुंदन के साथ सरेंडर कर दिया है। मनोहर पर सरकार द्वारा 10 लाख का इनामी घोषित है। दोनों नक्सलियों ने शुक्रवार को लातेहार एसपी कार्यालय में पलामू आईजी राजकुमार लकड़ा, सीआरपीएफ पलामू जोन के पुलिस उपमहानिरीक्षक पंकज कुमार, पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के समक्ष आत्म समर्पण किया। सरेंडर करने के बाद दोनों नक्सलियों को माला, बुके व शॉल देकर स्वागत किया। साथ ही मनोहर परहिया को 10 लाख रुपए का प्रतीकात्मक चेक सौंपा गया। सरेंडर करने वाला मनोहर परहिया (अमवाटिकर, छिपादोहर) व दीपक कुमार भुईयां (चापीकला, पांकी, पलामू) का रहने वाला है। पलामू आईजी राजकुमार लकड़ा ने कहा कि सीआरपीएफ व जिला पुलिस के संयुक्त नेतृत्व में दोनों नक्सलियों का सरेंडर करना बड़ी उपलब्धि है। आगामी होने वाला चुनाव की दृष्टि से भी यह बड़ी सफलता है। उन्होंने सरेंडर करने वाले सभी पुलिस पदाधिकारी को बधाई देता है। एसपी अंजनी अंजन ने कहा कि पिछले दो वर्षों से लगातार सीआरपीएफ, कोबरा, झारखंड जगुवार व जिला पुलिस के द्वारा नक्सलियों के विरुद्ध अभियान चलाई जा रही है। जिससे पुलिस को कई उपलब्धि भी मिली है। अभियान का ही नतीजा है कि 10 लाख की इनामी मनोहर परहिया अपने एक दस्ता सदस्य एरिया कमांडर के साथ सरेंडर किया है। उन्होंने कहा कि मनोहर परहिया छिपादोहर वाले क्षेत्र में काफी सक्रिय रहा है। उसके सरेंडर करने से क्षेत्र में घटनाएं कम होगी। मौके पर आसूचना झारखंड सेक्टर के कमांडेंट रवि शंकर मिश्रा, 11वीं बटालियन के कमांडेंट वेद प्रकाश त्रिपाठी, 214 बटालियन के द्वितीय कमांडेंट अभिनव आनंद आदि मौजूद थे।



आत्मसमर्पण के बाद बुके देते आईजी व अन्य, प्रतीकात्मक चेक सौंपते पदाधिकारी, मनोहर परहिया व दीपक भुईयां।

### भाजपा नेता जयवर्धन सिंह हत्याकांड में रहा था शामिल

सरेंडर करने वाला मनोहर परहिया भाजपा नेता जयवर्धन सिंह हत्याकांड में भी शामिल रहा है। 20 नवंबर 2022 को पुलिस को जेजेएमपी उग्रवादी के बीच मुठभेड़ में तीन नक्सली ढेर हुए थे। उस घटना में भी शामिल रहा है। 28 सितंबर 2021 को लातेहार के सलैया जंगल में सुरक्षाबलों के साथ जेजेएमपी के उग्रवादियों के साथ मुठभेड़ हुई है। इसमें बीएसएफ के डिप्टी कमांडेंट राजेश कुमार शहीद हो गए हैं। इस मुठभेड़ में भी मनोहर शामिल रहा था।

### मनोहर 2004 में भाकपा माओवादी में बाल दस्ता में हुआ था शामिल

बता दें कि सरेंडर करने वाला 10 लाख के इनामी जेजेएमपी के जोनल कमांडर मनोहर परहिया 2004 में भाकपा माओवादी के बाल दस्त में शामिल हुआ था। तब उसकी उम्र 13-14 साल की थी। मनोहर वहां करीब 6 साल यानी वर्ष 2010 तक रहा। इसके बाद भाजपा माओवादी छोड़कर 2011 में जेजेएमपी संगठन में शामिल हो गया। शामिल होने के दो साल बाद सब जोनल कमांडर बनाया गया। उपेंद्र सिंह खरवार के 2018 में सरेंडर करने के बाद उसे जोनल कमांडर बनाया गया। वहीं एरिया कमांडर दीपक कुमार भुईयां मनोहर परहिया के कहने पर 2018 में जेजेएमपी नक्सली संगठन में शामिल हुआ था। सरेंडर करने वाला मनोहर परहिया पर विभिन्न थानों में कुल 13 केस हैं। छिपादोहर और लातेहार थाना क्षेत्र में तीन-तीन, बालूमाथ, मनिका, बरवाडीह, तरहहसी, लेस्लीगंज, सतबरवा व गारू थाना में आर्म्स एक्ट, 17 सीएलए एक्ट के तहत एक-एक मामला दर्ज है। जबकि दीपक कुमार भुइयां पर छिपादोहर थाना में आर्म्स एक्ट व 17 सीएलए एक्ट का एक मामला दर्ज है।

### जंगल के रास्ता में भटक गए थे, सामाजिक कार्य करेंगे : मनोहर

सरेंडर करने के बाद मनोहर परहिया ने कहा कि लंबे समय से जंगल की रास्ता में भटक गए थे। इसके बाद लगा कि सरकार की आत्म समर्पण नीति का लाभ उठाते हुए मुख्य धारा में लौट आए। इसके बाद पुलिस पदाधिकारी से संपर्क कर सरेंडर करने का मन बनाया। उन्होंने कहा कि 2004 में भाकपा माओवादी के बाल दस्त में शामिल हुए थे। 2011 में जेजेएमपी के दस्त में शामिल हुआ। जहां 13 साल तक रहा। उन्होने कहा कि आत्मसमर्पण के बाद मुख्य धारा पर लौटकर सामाजिक कार्य करेंगे। वहीं दीपक कुमार भुईयां ने कहा कि मनोहर परहिया के कहने पर 2018 में शामिल हुए थे। अब मुख्य धारा में लौटकर परिवार व समाज के साथ रहेंगे। मनोहर का दो बेटा व एक बेटी है। जबकि दीपक का दो बेटा है। सरेंडर के दौरान दोनों नक्सलियों के परिवार, माता-पिता व परिजन मौजूद थे। जिसके चेहरे पर खुशी थी।

### बाइक सवार ने दूसरे बाइक में मारी टक्कर एक घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ रांची मुख्य पथ एनएच 22 पर शुक्रवार को एक अनियंत्रित बाइक सवार ने दूसरे बाइक सवार को पीछे से टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बसंत यादव 22 वर्ष पिता बनवारी यादव ग्राम हेमपुर थाना बालूमाथ निवासी अपने घर से शेरेगड़ा ग्राम जा जा रहा था। इसी दौरान मकईयाटांड ग्राम के पास एक अनियंत्रित बाइक सवार ने पीछे से उसके बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर अलीशा टोप्पो द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स किया गया।

# श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर के वार्षिकोत्सव पर हुआ भव्य भक्ति जागरण, कलाकारों ने बांधा समां

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर, लातेहार के 31 वें वार्षिकोत्सव का तीन दिवसीय कार्यक्रम मंदिर परिसर में आयोजित भगवती जागरण के साथ संपन्न हो गया। भगवती जागरण का उदघाटन मंदिर समिति के संरक्षक महेंद्र प्रसाद गुप्ता, अभिनंदन प्रसाद, राजधनी प्रसाद यादव, अमरेश प्रसाद गुप्ता, विनोद कुमार साहू, सुरेंद्र प्रसाद शौंडिक, अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता उर्फ भोला ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इससे पहले जागरण के मुख्य यजमान पंकज कुमार गुप्ता व संतोष कुमार पिंटू सप्तनीक के द्वारा अखंड ज्योत प्रज्जवलित की गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ धनबाद से आये गिरजा किशोर के द्वारा गाये गये गणेश वंदना से किया गया। इसके बाद मंडली के कलाकारों ने एक से बढ़ कर भजन सुना कर लोगों को रात भर भक्ति सागर में गोते लगाये। मशहूर भजन गाये सरोज कुमार लक्खा ने जब फुर्सत मिले तो एक बार भजन गाया तो लोग भाव विभोर हो गये। उन्होने तू कितनी प्यारी है तू कितनी भोली है भजन गा कर लोगों की आंखे नम कर दी। इसके बाद सरोज ने तेरी अंगुली पकड़ कर चला, ममता के छाये में पला गीत गा कर लोगों को अपने माता पिता के प्रति किये जाने वाले दायित्वों का बोध कराया। मंडली की पूजा प्रियंका ने भी कई मनमोहक गीत गाये। इसके अलावा ग्रुप की रजनी मेहरा ने भी कई भजन गाये और लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में यूपी से दिवाकर एवं ग्रुप के कलाकारो ने एक से बढ़ कर एक झांकियां प्रस्तुत की। उन्होने वीर हनुमान, शिव तांडव नृत्य व महिषासुर मर्दनी समेंत कई झांकियां प्रस्तुत कर लोगों खुब प्रभावित किया। कार्यक्रम के आयोजन में उपाध्यक्ष शशिभूषण पांडेय, कन्हाई अग्रवाल व बद्री प्रसाद, सचिव आशीष टैगोर, सह सचिव रंजीत कुमार व रविंद्र प्रजापति, ओमप्रकाश प्रसाद, राजू रंजन सिंह, अजीत सिन्हा, उमेश प्रसाद गुप्ता, राजीव कुमार, अशोक दास, दीपक विश्वकर्मा, उज्जवल कुमार छोटू, सतीष प्रसाद, आकाश जायसवाल, प्रदीप प्रसाद, राजेश पाठक, पारितोष ठाकुर व सुनील प्रसाद आदि का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम में वार्षिकोत्सव में तन मन व धन से सहयोग करने वाले लोगों को चुनरी भेंट कर सम्मानित किया गया।


कार्यक्रम में प्रस्तुती देते कलाकार।

### समिति ने आभार प्रकट किया

श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर के 31 वें वार्षिकोत्सव में तन मन व धन से सहयोग करने वाले नगर वासियों के प्रति समिति के द्वारा आभार प्रकट किया गया। संरक्षक अभिनंदन प्रसाद व विनोद कुमार साहू तथा अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि सामुहिक सहयोग से ही कोई बड़ा आयोजन सफल होता है। उन्होने समिति के सभी सदस्यों को भी आयोजन को सफल कराने पर धन्यवाद दिया।

## एक नजर में

### चलती पैसेंजर ट्रेन से उतरने के क्रम गिरी वृद्धा, दोनो पैर कटा, स्थिति गंभीर, रिम्स रेफर


घायल वृद्धा।

**चंदवा।** बरकाकाना-बरवाडीह रेलखंड अंतर्गत टोरी जंक्शन प्लेटफार्म नंबर 3 पर शुक्रवार की सुबह डाउन बरवाडीह-गोमो पैसेंजर ट्रेन के चपेट में आने से एक वृद्धा के दोनो पैर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। घायल वृद्धा के पास मिले आधारकार्ड के अनुसार उसकी पहचान ललिता देवी पति बासु उरांव लबरपुर बतातकला लातेहार के रूप में हुई। ट्रेन के चपेट में आने के बाद गम्भीर रूप से घायल हुए वृद्धा को टोरी स्टेशन अधीक्षक रंजीत कुमार, आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी दीपक कुमार की अगुवाई में रेल प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा पहुंचाया, जहां डॉक्टर नीलिमा कुमारी की देखरेख में प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए वृद्धा को बेहतर इलाज के लिए रिल रेफर कर दिया गया। डॉक्टर ने बताया कि महिला का एक पैर कट गया है वहीं दूसरी पैर भी बुरी तरह से जख्मी हुयी है। जानकारी के अनुसार वृद्धा लातेहार से टोरी आ रही थी, किसी कारणवश ट्रेन रुकने पर वह स्टेशन पर नहीं उतर पाई, ट्रेन खुलने के बाद उसे ज्ञात हुआ कि ट्रेन टोरी स्टेशन पार कर रही है, जिसके बाद वृद्धा चलती ट्रेन से उतरने की कोशिश की, इसी दौरान हादसा हुआ। इधर घटना की सूचना वृद्धा के परिजनों को दे दी गई थी।

### रांची विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में गोल्ड मेडल से सम्मानित होंगे कन्हैया अग्रवाल

- मास्टर्स ऑफ कॉमर्स में रांची यूनिवर्सिटी का टॉपर है कन्हैया अग्रवाल
- 15 मार्च को आयोजित होगा दीक्षांत समारोह


कन्हैया अग्रवाल

**चंदवा।** रांची विश्वविद्यालय का 37 वां दीक्षांत समारोह आगामी 15 मार्च को आयोजित होगा। जिसमें चंदवा प्रखंड के सरोज नगर निवासी स्व. विश्वनाथ अग्रवाल के पुत्र कन्हैया अग्रवाल को मास्टर ऑफ कॉमर्स में अव्वल स्थान लाने के लिए गोल्ड मेडल प्रदान कर सम्मानित किया जायेगे। कन्हैया अग्रवाल डोरंडा कॉलेज रांची के छात्र हैं। बता दें कि कन्हैया अग्रवाल 11वीं में भी विद्यालय टॉपर रह चुके हैं। उन्हाने कहा कि आगे चलकर वे चार्टर्ड अकाउंटेंट बनकर अपने पिता के सपने को पूरा करने का प्रयास करूंगा। इधर कन्हैया अग्रवाल की सफलता से पूरे प्रखंड में हर्ष का माहौल देखा जा रहा है। सफलता पर मोहनलाल वरु, विजय दत्ता, अजय वैद्य, महेंद्र अग्रवाल, सुभाष दुबे, मनोज दुबे, मोहम्मद नौशाद सुमित कुमार, मारवाड़ी युवा मच व मारवाड़ी महिला मंच के लोगों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

# स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

- समय-समय पर स्वास्थ्य शिविर का किया जायेगा आयोजन : डॉ. पवन कुमार
- 300 छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवाओं का किया गया वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय के मैन रोड स्थित शांति निकेतन पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को मेडिकल हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें बरवाडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉ. प्रभात प्रसाद और सहायक चिकित्सक सुजीत प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में स्कूल के छात्र-छात्राओं की स्वास्थ्य जांच की गई। इस मौके पर स्कूल के डायरेक्टर डॉ. पवन कुमार और प्रधानाध्यापक एचएस स्वाधीन कु. पाल तथा अन्य शिक्षकों की भूमिका सराहनीय रही। स्वास्थ्य जांच शिविर में स्कूल के सभी बच्चों का हेल्थ चेकअप किया गया। विद्यालय में आयोजित शिविर में छात्र-छात्राओं को स्वस्थ्य रहने के लिए जरूरी हिदायतें भी दी गईं। इस मौके पर निदेशक ने कहा कि स्वास्थ्य ही धन है, और अगर आप स्वस्थ्य हैं तो जीवन में हर काम आपके लिए आसान हो जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि स्कूल के छात्र- छात्राओं के स्वास्थ्य जांच के लिए समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कैंप का आयोजन कराया जाता रहेगा। वहीं शिविर में लगभग 300 बच्चों का स्वास्थ्य परिक्षण कर आवश्यक दवाओं का वितरण किया गया। वहीं डायरेक्टर डॉ. पवन कुमार की ओर से स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों और अन्य कर्मियों को मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम में सीएचओ आभा कुमारी, एलटी मनोरंजन कुमार, दंत सहायक श्रवण कुमार, नेत्र सहायक निलध्वज कुमार और एएनएम पूनम एक्का सहित अन्य कर्मी मौजूद थे। वहीं विद्यालय के शिक्षकों में राजेश कुमार झा, उमाशंकर उपाध्याय, संभू प्रसाद, फिरोज अहमद और रानी कुमारी समेत अन्य शिक्षक- शिक्षिकाए मौजूद थी।


बच्चों का स्वास्थ्य जांच करते चिकित्सक।

# बखोरीडेरा विद्यालय के छात्रा की हुई मौत

- प्रथम दृष्टया विषैला जीव काटने से हुई है मौत: बीडीओ रेशमा रेखा मिंज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेतला।** बरवाडीह प्रखंड के केचकी पंचायत अंतर्गत बखोरीडेरा विद्यालय की छात्रा छोटी कुमारी 12 वर्ष, पिता बुधन भुइंया,टोला लालिमाती की रहने वाली थी, जो क्लास 3 में पढ़ती थी, प्रतिदिन की तरह शुक्रवार को भी सुबह में स्कूल पहुंची, लेकिन लंच ब्रेक होने के बाद वह अपनी सहेलियों के साथ घर चली गई, आने के क्रम में पास में ही बैर के पेड़ था,खाने के लिए पहुंची, इसी दौरान आभास हुआ कि उसके पैर में कुछ काट लिया है, उसके बाद अन्य दोस्तों के साथ स्कूल में पहुंचने के लिए चली, लेकिन रास्ते में ही सीने में दर्द बोलकर छटपटाना लगी, एवं कुछ देर में उसकी मौत में हो गई, आसपास के ग्रामीणों ने पहुंचा तो देखा कि तब तक उसकी मौत हो चुकी थी, इसके बाद इसकी सूचना विद्यालय के प्रधानाध्यापक, ओमप्रकाश भारती को सूचना दी गई, मौके पर पहुंचे पंचायत के मुखिया बुद्धेश्वर सिंह शिक्षा विभाग के कोऑर्डिनेटर दिलीप पांडे साथ ही बरवाडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज ने पहुंचकर पीड़ित परिवार को संतावना दी, सरकारी प्रावधान के तहत मुआवजा दिलवाने की बात कही, वहीं घटनास्थल पर बरवाडीह पुलिस सुंदर उरांव के नेतृत्व में पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर अत्यंत परीक्षण के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया गया है,इस दौरान बरवाडीह पुलिस सुंदर उराँव ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि इसकी मौत कैसे हुई है, वहीं सूचना के बाद घटनास्थल पर पहुंचे बरवाडीह सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद ने भी गहरा सुख व्यक्त किया, एवं उस पीड़ित परिवार को सरकारी प्रावधान के तहत सहायता दिलवाने का भरोसा दिलाया, बताते चले पीड़ित परिवार अत्यंत गरीब है, मृतक छात्रा के पिता बुधन भुइंया बाहर कमाने गया है, इसके साथ ही मृतक छात्र की मां बसंती देवी की रो-रो कर बुरा हाल है।


मामले की जानकारी देती बीडीओ व अन्य।

### रविदास जयंती के अवसर पर गाजे बाजे के साथ निकाली गई कलश यात्रा


कलश यात्रा में शामिल लोग।

**बारियातू।** प्रखंड के मकरा, इटके चुम्बा सहित अन्य स्थलों मे संत शिरोमणि रविदास जयंती के शुभ अवसर जलयात्रा कार्यक्रम किया गया .प्रखण्ड क्षेत्र के डाढ़ा, फूलसु, बालूभांग, टोटी, इटके, गाड़ी, राजगुरु, मकरा, चुम्बा सहित अन्य सभी जयंती स्थलों मे गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाला गया। वही शिबला पांचयत के ग्राम मकरा, गोनिया पंचायत के चुम्बा, टोटी पंचायत के इटके मे भव्य तरीके से कलश यात्रा निकाला गया। कलश यात्रा मे उपरोक्त सभी गांवो के संत शोरोमणि रविदास जयंती स्थल से नगर भ्रमण करते हुए अपने-अपने नजदीकी नदी तट पर पहुचे। जहां से नदी का पवित्र जल कलश में भरकर पुन: जयंती स्थल पहुंच कर कलश को स्थापित की गई। वहीं संत शिरोमणि रविदास की उद्धघोष भी लगा रहे थे। मकरा निवासी जितेंद्र कुमार रवि, चुम्बा निवासी मुकेश राम, सुरेश राम, इटके सकीन्दर राम, कैलाश राम, अजय, रामचरित्र राम, राजगुरु मे बाबूलाल राम, गोपाल राम, अरुण कुमार,बालूभाँग मे मनोज राम, राजेश राम सहित अन्य समिति के कार्यकत्ताओं ने बातया की 24 फरवरी को प्रखण्ड क्षेत्र के सभी स्थानों मे संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा. भव्य कलश यात्रा के दौरान भिखनराम, पुराण राम, भुनेश्वर राम, राजू राम, महेन्द्र राम, प्रदीप राम, बालचंद राम, विशेषश्वर कुमार भोला राम, केदार कुमार, राजू राम, मोहन कुमार, धीरंजन कुमार, सकेंद्र राम, करम राम, बब्लु कुमार राजेंद्र कुमार, चैंपियन, सोनू सहित काफी संख्या मे लोग शामिल थे।

### झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा जिला उपाध्यक्ष बने अबुल मियां

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड के रहमत नगर निवासी अबुल मियां को झारखंड मुक्ति मोर्चा अल्पसंख्यक मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। झामुमो पार्टी के जिला अध्यक्ष वारिस अंसारी के द्वारा कमेटी का विस्तार करते हुए अबुल मियां को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया। मौके पर वारिस अंसारी ने कहा इससे संगठन को मजबूती मिलेगी साथ ही वे अल्पसंख्यक समुदाय के हक एवं अधिकारों की बात करेंगे। वहीं अबुल मियां को जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर बालूमाथ झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्य उरांव, बिस सूत्री अध्यक्ष नागदेव उरांव, प्रखंड उपाध्यक्ष राजेश यादव, एजाज अहमद, परमेश्वर गंझू, विनोद उराँव, प्रमिला देवी, कृष्णा उराँव, मुनाजिर, एजाज खान समेत लोगो ने बधाई दिया है।

# लातेहार में एकदिवसीय रोजगार मेला का हुआ आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विभाग के अंतर्गत जिला नियोजनालय लातेहार के द्वारा एक दिवसीय दत्तोपंत ठेंगडी रोजगार मेला का विधिवत शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष पुनम देवी, जिप सदस्य विनोद उराव तथा डेवलेक्टो माइनिग के जीएम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। रोजगार मेला में कुल 19 कंम्पनी मौजूद थी। जिसमें 12 कंम्पनी में विभिन्न पदों में रिक्तिया प्राप्त हुई। जिला नियोजन पदाधिकारी संतोष कुमार ने अपने स्वागत भाषण में जिला नियोजनालय के द्वारा सुविधाए तथा रोजगार मेले पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला और आए हुए कम्पनी के प्रतिनिधि को ज्यादा से ज्यादा संख्या में जरूरतमंदो को रोजगार देने की अपील की। जिप अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि श्रम विभाग की यह एक अच्छी पहल है। उन्होंने युवाओं से अपील की यहाँ पर स्थानिय कम्पनी सीसीएल और डीबीसी के साथ दिल्ली से भी कंपनियां आई है। आप अपने योग्यता के अनुसार इस सुनहरा अवसर का लाभ उठाए। उन्होंने कहा कि स्थानीय निती के तहत 75% स्थानियो को नौकरी देना सरकार की प्राथमिकता है। जिला नियोजन पदाधिकारी ने इस तरह रोजगार मेला को लगातार लगाने का निर्देश दिया ताकि यहाँ से पलायन रुक सके। इस मेले में विभिन्न प्रखंड से युवकों और युवतियों ने हिस्सा लिया। मौके पर यूएनडीपी के प्रतिनिधि और जिला नियोजन के कर्मचारी उपस्थित थे।


रोजगार मेला में स्वीकृति पत्र देते अतिथि।

### बंद पड़े चकला प्लांट के ईएसपी-2 एरिया में चोरों ने मचाया उत्पात, लगायी आग

- रात्रि पेट्रोलिंग पर निकली टीम पर भी किया पत्थरबाजी


उत्पात मचाने के बाद जाते चोर।

**चंदवा।** एनसीएलटी कोर्ट द्वारा स्क्रैप घोषित किये जाने के बाद परिसमापन की प्रक्रिया में चल रहे चकला स्थित अभिजीत प्लांट में चोरों का उत्पात थमने का नाम नही ले रहा है। बीते 20 फरवरी की रात्रि भी लगभग 50-60 की संख्या में चोरों के समूह ने प्लांट में जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान चोरों के समूह ने 400 केवी व ईएसपी-2 एरिया में रात्रि पेट्रोलिंग पार्टी पर निकली सैप, पीएसओ, एसआईएस, लक्ष्य के सिक्युरिटी गार्डों पर जमकर पत्थरबाजी की साथ ही झाड़ी में आग भी लगा दिया, इस दौरान दोनो छोर से जमकर झड़प भी हुई। स्थिति को बिगड़ता देख सुरक्षा प्रभारी ने इसकी सूचना प्रबंधन व चकला पिकेट प्रभारी को दी, जिसके बाद पुलिस की टीम पहुची व चोरों को प्लांट से बाहर खदेड़ा गया। इस दौरान चोर कुछ स्क्रैप लोहा लेकर भी भाग निकले। मामले को लेकर सुरक्षा प्रभारी सुरेश लाल श्रीवास्तव ने चंदवा थाना में आवेदन दिये जाने की बात कही है व चोरों के विरुद्ध कार्रवाई की गुहार भी लागयी है। हलांकि खबर लिखे जाने तक मामले में प्राथमिकी दर्ज नहीं हो पायी थी।

# पीडब्ल्यूडी से हो रहे पुल निर्माण कार्य को ग्रामीणों ने रुकवाया

## निर्माण कार्य में घटिया मेटेरियल का किया जा रहा है उपयोग : कन्हाई प्रसाद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के छेंचा पंचायत अंतर्गत चपरी गांव में ललमटिया टोला के समीप पथ निर्माण विभाग के द्वारा लगभग 80 लाख की लागत से बनाए जा रहे पुल के निर्माण कार्य में संवेदक द्वारा भारी अनियमितता बरती जा रही है। शुक्रवार को दो दर्जन से अधिक की संख्या में स्थानीय ग्रामीणों ने कार्य स्थल पर पहुंच पुल निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग होता देख जमकर विरोध किया। वहीं ग्रामीणों ने हंगामा करते हुए सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद को कार्य स्थल पर बुलाया और कार्य को रूकवाने की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि कई गांव के लोगों के लिए यह पुलिया का निर्माण होना बेहद जरूरी है, पर घटिया निर्माण होने से इसका अस्तित्व अभी से ही खतरे में पड़ गया हैं। वहीं सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद ने बताया कि ग्रामीणों के अनुसार पुल का फाउंडेशन बहुत ही कमजोर है। इसके अलावा पुल निर्माण में लगाए जा रहे 20 एमएम का छड़ ऑर्डनरी कंपनी का लगाया जा रहा है। साथ ही छड़ को काफी दूरी पर बांधा गया है। उन्होंने मौके पर मौजूद जेई बिरेंद्र कुमार को अविलंब छड़ को बदलने के बाद ढलाई करने की बात कही। कहा कि जब तक छड़ को बदला नहीं जाता है, तब तक पुलिया का निर्माण कार्य बंद रहेगा। कन्हाई प्रसाद ने कहा कि विकास योजनाओं में घटिया मेटेरियल का उपयोग बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने प्राकलन के अनुसार कार्य करने के निर्देश दिए हैं। मौके पर मनरेगा सांसद प्रतिनिधि दिलीप यादव, भाजपा नेता सुनील सिंह, मनोज यादव, अशोक यादव, सुमंत पासवान, बिरेंद्र प्रसाद, सुजीत पासवान, कईल पासवान, गुड्डू सिंह, आनंद सिंह, मुकेश यादव, उपेंद्र यादव, जितेंद्र यादव, कल्टू सिंह, रेनू देवी, मीना देवी, सुशीला देवी, कईल सिंह, सुजीत बारा, मनीष बारा, राजेंद्र पासवान, मनोज पासवान, उदय पासवान, ओमप्रकाश प्रसाद, सागर पासवान, जवाहिर राम और सुधीर पासवान समेत कई ग्रामीण महिला पुरुष शामिल थे।


पुल में ऑर्डनरी कंपनी का लगा छड़।

# विधायक ने किया 15 करोड़ रुपए की लागत की तीन महत्वपूर्ण विकास योजनाओं का शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** विधायक भानु प्रताप शाही ने शुक्रवार को प्रखंड में करीब 15 करोड़ रुपए की लागत से होने वाली तीन महत्वपूर्ण विकास योजनाओं की आधारशिला भूमि पूजन कर तथा नारियल फोड़कर रखी। जिसमें अरसली दक्षिणी पंचायत में साढ़े सात करोड़ की लागत लगने वाली नल जल योजना, भवनाथपुर प्रखंड मुख्यालय परिसर में छह करोड़ पांच लाख रुपए की लागत से बीडीओ, सीओ व अन्य कर्मियों का स्टॉफ क्वार्टर तथा मकरी पंचायत के बगही नदी में 81 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सीरीज चेक डैम का शिलान्यास बुजुर्गो अभिभावको के हाथों भूमि पूजन कर तथा नारियल फोड़कर कराया।


शिलान्यास करते विधायक।

मौके पर विधायक शाही ने कहा कि अरसली दक्षिणी में पदाधिकारियों की गलती से नल जल योजना छूट गई थी, इसके बाद डीपीआर तैयार कराने के बाद इसकी स्वीकृति कराते हुए साढ़े सात करोड़ की लागत से नल योजना का शिलान्यास कर क्षेत्र के 2 हजार लोगो को पेयजल हेतु घर घर पानी पहुंचाने के लिए। आज पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार विकास के क्षेत्र में अग्रसर है। पहले गांव की महिलाऐं घर के काम काज के लिए अपने घर से दूर चापाकल या कुआं पर पानी के लिए जाते थे, लेकिन पीएम मोदी ने गांव की महिलाओं को इज्जत देने के लिए जल जल योजना से घर घर पानी पहुंचाकर उन्हें मान सम्मान देने का काम किया है। कहा कि असरसली बनखेता गांव से बुका होते हुए प्रखंड मुख्यालय से जोड़ने वाली सड़क निर्माण हेतु जमीनी अड़चन को दूर कर लिया गया है और अविलंब इसका भी शिलान्यास किया जायेगा। मौके पर लातेहार विस प्रभारी भगत दयानंद सोनी, अनिल चैबे, ब्रजेश चैबे ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष सोना किशोर यादव ने की। मौके पर प्रदीप यादव, विधायक प्रतिनिधि सुनील सिंह, ब्रजेश चैबे, भानु गुप्ता, लल्लू ठाकुर, धनंजय साह, निरंजन पाठक, सुनील सिंह, मनु उपाध्याय, रवि पाल, निरंजन पाठक, रंजीत कुमार आदि उपस्थित थे।

## एक नजर में

### कोयला चोरी रोकने के लिए जारंगडीह रेलवे साइडिंग में सीआईएसएफ जवानो ने किया मॉकड्रील

**बेरमो/जारंगडीह।** सीसीएल बीएंडके क्षेत्र अंतर्गत जारंगडीह रेलवे साइडिंग प्लेटफार्म नंबर एक से हो रही कोयला चोरी रोकने के लिए सीआईएसएफ जवान को तैनात कर दिया गया है। गुरुवार को जारंगडीह रेलवे साइडिंग में भारी संख्या में सीआईएसएफ जवानो द्वारा मॉकडिरील व मार्च किया। बता दे कि सीसीएल बीएंडके क्षेत्र के जारंगडीह रेलवे साइडिंग प्लेटफार्म एक तथा कथारा क्षेत्र के जारंगडीह रेलवे साइडिंग प्लेटफार्म नंबर 2 से प्रतिदिन बड़े पैमाने पर कोयला चोरी हो रही थी। कोयला चोरी को सीसीएल के स्थानीय सुरक्षा गार्ड नहीं रोक पा रहे थे। स्थानीय पुलिस भी कोयला चोरी को रोकने में नाकाम हो रही थी। ग्रामीण बड़े पैमाने पर साइकिल और मोटरसाइकिल से कोयला चोरी कर रहे थे। कई बार सुरक्षा गार्डों के साथ नोकझोंक भी हो जाता था। कोयला चोरी करने वालों की संख्या अधिक होने के कारण गार्ड बेबस हो जा रहे थे। इसलिए सीसीएल बीएंडके प्रबंधन ने मामले को संज्ञान में लेते हुए कोयला चोरी पर अंकुश लगाने को लेकर यह कदम उठाया। गुरुवार को जारंगडीह रेलवे साइडिंग में सीआईएसएफ के कमांडेंट शशि रंजन तथा डिप्टी कमांडेंट राजेश आर्य ने जवानों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मौके सीआईएसएफ के जवान तथा स्थानीय थाना बोकारो थर्मल पुलिस प्रशासन और सीसीएल सुरक्षा गार्ड भी मौजूद थे।

### महिला समिति संचालित विद्यालय के बच्चों ने किया जैविक उद्यान व जगन्नाथ मन्दिर का भ्रमण

**बोकारो।** महिला समिति बोकारो द्वारा संचालित दो विद्यालय सौरभ शिशु मंदिर एवं बाल मंदिर के छात्र छात्राओं ने समिति की अध्यक्ष अनीता तिवारी के मार्गदर्शन व सचिव वंदना झा के नेतृत्व में सेक्टर 4 स्थित जगन्नाथ मंदिर तथा नेहरू जैविक उद्यान का भ्रमण किया। इसमें कक्षा नर्सरी से पांचवी तक के कुल 260 छात्र छात्राएं तथा 14 शिक्षकगण ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई। समिति की उप सचिव व विद्यालय प्रभारी ऋचा प्रियदर्शिनी ने बताया की इस प्रकार के आयोजन बच्चों के मानसिक विकास में सहयोग करेंगे तथा उनके सामान्य ज्ञान को भी विकसित करेंगे। मौके पर विभिन्न प्रकार के खेलकूद नृत्य गान तथा मनोरंजक गतिविधियां संपन्न हुई। भ्रमण पश्चात बच्चों को महिला समिति के स्वावलंबन केंद्र में लाया गया जहां समिति द्वारा अल्पाहार का प्रबंध कराया गया था।

### बीआरपी सीआरपी संघ के जिलाध्यक्ष बने मंदीप

**गढ़वा।** गढ़वा जिला बीआरपी सीआरपी संघ के नए जिलाध्यक्ष के रूप में मंदीप राम को चुना गया है। जिले भर के बीआरपी सीआरपी की एक बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें नए जिला अध्यक्ष पद के लिए दो नाम क्रमशः मंदीप राम तथा संजय कुमार सिंह मजबूत दावेदार थे। काफी जद्दोजहद एवं मसस्कत के बाद नए जिला अध्यक्ष के रूप मंदीप राम को चुना गया। मंदीप राम संगठन के प्रति निष्ठावान व समर्पित माने जाते हैं। गढ़वा जिला में बीआरपी सीआरपी को संगठित कर मजबूत बनाने की बड़ी जिम्मेदारी इनके कंधों पर होगी। मृदुभाषी मिलनसार होने के साथ संगठन के हित में कार्य करने के प्रति कड़े निर्णय लेने में भी माहिर माने जाते हैं।

## स्पीड न्यूज

### 26 को तुपकाडीह रेल अंडरपास का शिलान्यास करेंगे प्रधानमंत्री

**बोकारो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 26 फरवरी को अमृत भारत रेलवे स्टेशनों की सौगात ऑनलाइन के माध्यम से देश को देने वाले हैं। इसी क्रम में वे तुपकाडीह रेलवे स्टेशन से उत्तर तेनु बोकारो नहर के समीप रेल फाटक के बगल में बनने वाले अंडरपास पुल का शिलान्यास करेंगे। इसके अलावा दक्षिण पूर्व रेलवे लाइन में दामोदर नदी से सटे मानगो में बन चुके अंडर पास तथा तुपकाडीह तलगड़िया रेल खंड में शिबूटांड़ गांव के निकट बने अंडर पास पुल का उद्घाटन भी करेंगे। इस कार्यक्रम में धनबाद सांसद पीएन सिंह बोकारो विधायक बिरंची नारायण भी शामिल होंगे। तुपकाडीह उपमुखिया राजू महतो ने बताया कि पीएम के हाथों से मिलने वाली सौगात यहां के लोग सदैव याद रखेंगे।

### लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर मतदान कर्मियों को दिया ट्रेनिंग


ट्रेनिंग देते ट्रेनर।

**मझिआंव।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गढ़वा के निर्देश के आलोक में लोकसभा चुनाव 2024 का प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण शुक्रवार को मझिआंव एवं बरडीहा प्रखंड कार्यालय सभागार में आयोजित की गई। इस प्रशिक्षण का शुभारंभ मझिआंव बीडीओ सतीश भगत, बरडीहा बीडीओ विजय राम, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी प्रमानंद प्रसाद, राजकुमार, मास्टर ट्रेनर श्री कांत उपाध्याय, प्रशांत कुमार मिश्रा के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रचलित कर की गई। इस प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर श्रीकांत उपाध्याय, प्रशांत कुमार मिश्रा एवं बीपीआरओ राजकुमार के द्वारा दो पाली में लगभग 80 (पारा शिक्षक) सभी मतदान कर्मियों को ईवीएम, वीवीपीएटी व पोस्टल बैलेट से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही वोटिंग कंपार्टमेंट में बीयू, वीवीपीएटी, सीयू का कनेक्शन करने, मॉक पॉल की पूरी प्रक्रिया के बारे में पूर्ण जानकारी दी गई। साथ ही प्रशांत कुमार मिश्रा के द्वारा सभी मतदान कमीर्यों का कर्तव्य एवं दायित्व के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। इस प्रशिक्षण में सभी मतदान कर्मियों को सामग्री प्राप्त करने से जमा करने तक की पूरी प्रक्रिया को विस्तार पूर्वक बताया गया। इस प्रशिक्षण में 40-40 का बैच बनाकर दो पाली में सभी मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण दिया गया। वहीं मिली जानकारी के अनुसार बरडीहा मास्टर ट्रेनर को परीक्षा ड्यूटी में चले जाने के कारण बीपीआरओ राजकुमार द्वारा दिया गया।

### सीसीएल गश्ती दल ने कोयला चोरो के विरुद्ध चलाया छापेमारी अभियान



**बेरमो।** शुक्रवार को अहले सुबह लगभग 4 बजे महाप्रबंधक कथारा क्षेत्र के आदेशानुसार, क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी के नेतृत्व में, क्षेत्रीय रात्री गस्ती दल, स्वांग कोलियारी गस्ती दल एवं गोविंदपुर गस्ती दल संयुक्त रूप से स्वांग कोलियरी तथा गोविंदपुर में कोयला चोरों के विरुद्ध औचक छापामारी अभियान चलाया। इस छापेमारी में गस्ती दल को देख कोयला चोर भाग खड़े हुए। इस छापेमारी में 4 मोटरसाइकिल तथा 5 साइकिल अवैध कोयला से लदा को जप्त कर पूर्ण रूप से तोड़ फाड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया साथ ही 35 से 40 अवैध कोयला से भरा बोरा को जप्त कर पूर्ण रूप से फाड़ दिया गया। तत्पश्चात बरामद कोयला को स्वांग कोलियरी कोल स्टॉक में गिरा दिया गया जिसका वजन लगभग 2 टन बताया गया। इस छापेमारी अभियान में इबरार हुसैन क्षेत्रिय सुरक्षा प्रभारी नागेश्वर नोनिया अररक नुरुल्ला होदा स्वांग कोलियरी (सुरक्षा प्रभारी) देवांसू कुमार, दीप महतो, कन्हाई क्षेत्रीय रात्री पाली सुपरवाइजर राज कुमार, संजय कुमार दास, झारखंड गृह सशस्त्र बल भी मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री वृद्धावस्था पेंशन शिविर का आयोजन


शिविर में उपस्थित लोग।

**कांडी।** प्रखंड के पंचायत सचिवालय राणाडीह में मुख्यमंत्री वृद्धावस्था पेंशन शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर मुखिया ललित बैठा ने बताया कि मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना के अंतर्गत झारखंड सरकार के निर्देश के आलोक में 20 फरवरी से 23 फरवरी तक 50 वर्ष तक की सभी जाति की महिलाओं व एसी, एसटी समूह के पुरूष तथा साठ वर्ष तक के अन्य वर्गो के पुरूष सदस्यों के लिए पेंशन शिविर आयोजित किया गया। शुक्रवार को आयोजित शिविर में मुखिया ललित बैठा व रोजगार सेवक रविन्द्र कुमार सहित द्वारा सभी लाभुकों का फार्म जमा लिया गया। चार दिनों तक चले शिविर में समाचार लिखे जाने तक कुल 134 लाभुकों द्वारा फार्म जमा किया गया था। मौके पर पंसस सदस्य प्रतिनिधि अशोक बैठा, स्वयं सेवक चंदन कुमार उपस्थित थे।

## युवा व्यवसायी संघ फुसरो का चुनाव 25 फरवरी को, चुनाव प्रचार थमा

# चुनाव पूरी पारदर्शिता से कराया जा रहा है : कृष्ण कुमार

खबर मन्त्र संवाददाता






**बेरमो।** युवा व्यवसायी संघ फुसरो का चुनाव रविवार को होगा। संघ के अध्यक्ष पद के तीन व सचिव पद के तीन और कोषाध्यक्ष के दो प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला फुसरो बाजार के लगभग 1300 मतदाता करेंगे। अपना बाजार फुसरो स्थित संघ के कार्यालय में सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक मतदान होगा। इसके बाद मतगणना कर विजेताओं के नाम की घोषणा की जाएगी। इस चुनाव में अध्यक्ष पद के उम्मीदवार मे वैभव चौरसिया, विश्वनाथ प्रसाद सोनी उर्फ भोला, सुशांत राइका शामिल हैं। वहीं सचिव पद के उम्मीदवार बैजू मालाकार, जावेद खान, सूरज वर्मा है। वही कोषाध्यक्ष पद के लिए मो जमील अंसारी, राकेश कुमार शामिल है। चुनाव को लेकर फुसरो बाजार के व्यवसायियों में काफी उत्साह है। साथ ही यह अपेक्षा कर रहे हैं कि जो भी युवा व्यवसायी संघ के अध्यक्ष व सचिव निर्वाचित हों, वे फुसरो बाजार में व्याप्त समस्याओं का समाधान कराएं और व्यवसायियों के हित में कार्य करें। कार्यकारी मुख्य चुनाव पदाधिकारी कृष्ण कुमार ने बताया कि युवा व्यवसाई संघ का होने वाले चुनाव हेतु व्यवसाइयो के बीच जाकर मतदाता पर्ची दी गई है। लेकिन किन्ही कारणों से जिन व्यवसाई ने मासिक शुल्क जमा किया है और उनका नाम मतदाता सूची में नही है वैसे लोग दिनांक 21 एवं 22 फरवरी को संघ कार्यालय में मतदाता पर्ची दिया गया हैं जिसके लिए उन्हें मासिक शुल्क पर्ची साथ लानी थी, मासिक शुल्क पर्ची क्रमांक 1 से 1436 तथा क्रमांक 1501 से 9400 के बीच ही होनी चाहिए थी। कहा कि चुनाव पूरी पारदर्शिता से कराया जा रहा है ।

### पेश है कुछ व्यवसायियों की अपेक्षा..

- युवा व्यवसाई संघ फुसरो के चुनाव मे पक्षपात का लगाए आरोप : आरिफ कुरैशी
- सदस्यता शुल्क देने वाले को वोट नहीं देने की हो रही है साजिश : बिरन पाल

फुसरो बाजार में ट्रैफिक व पार्किंग की व्यवस्था कराई जानी चाहिए। वाहनों की पार्किंग की सुव्यवस्थित व्यवस्था नहीं रहने के कारण लोग दुकानों के सामने ही बाइक-कार खड़ी कर देते हैं, जिससे दुकानदारों को काफी दिक्कत होती है।

### बोकारो संयंत्र के आरएमएचपी में क्वालिटी पार्क का उद्घाटन



**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के रॉ मैटेरियल हैंडलिंग प्लांट विभाग के रॉ मटेरियल स्टोरेज क्षेत्र में सीईडी विभाग द्वारा विकसित मानव संसाधन हॉल और संयंत्र के आंतरिक संसाधनों का उपयोग कर नवनिर्मित क्वालिटी पार्क एवं एक वाटर फाउंटेन का उद्घाटन ईडी संकार्य बीरेंद्र कुमार तिवारी ने किया। मौके पर सीजीएम सीईडी व विभाग के सीजीएम तथा विभाग एवं संयंत्र के वरीय अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित थे। उक्त जानकारी बोकारो स्टील प्लांट के जनसम्पर्क विभाग द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में दी गई है।


## बीएसएल महिला अधिकारी ने झारखंड पावर लिफ्टिंग चैम्पियनशिप में जीता दो कांस्य पदक




**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट में कार्यरत एजीएम शिल्पा टोप्पो ने झारखंड पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन के तत्वाधान में रांची में आयोजित झारखंड पावर लिफ्टिंग चैम्पियनशिप के 84 किलोग्राम वर्ग में बेंच प्रेस तथा पावर लिफ्टिंग में कई पेशेवर खिलाड़ियों को पछाड़ते हुए दो कांस्य पदक जीत कर बोकारो स्टील प्लांट का नाम रौशन किया है। प्रबंध प्रशिक्षु (तकनीकी) 2007 बैच में शिल्पा टोप्पो ने बोकारो इस्पात संयंत्र से अपने व्यवसायिक जीवन यात्रा की शुरूआत की। 2018 में एक सड़क दुर्घटना में इनका दाहिना पैर टूट गया। पैर की सर्जरी के बाद अपने पैर को दोबारा मजबूत करने के लिए सेक्टर 12 स्थित देबी प्रसाद चटर्जी के गुरुकुल में व्यायाम और स्क्वाट करना शुरू किया। घर परिवार और नौकरी की जिम्मेदारियों के बीच शिल्पा ने पेशेवर रूप से पहली बार पावर लिफ्टिंग के क्षेत्र में अगस्त 2023 में जिला स्तर प्रतियोगिता में शामिल हुई। नवंबर 2023 में शिल्पा को पूर्वी क्षेत्र चैंपियनशिप के लिए चुना गया पर चोट के कारण कोई स्थान नहीं मिल पाया। वर्ष 2024 में शिल्पा का चयन स्टेट चैंपियनशिप के लिए हुआ और उन्होंने अपने पहले ही प्रयास में 84 किलोग्राम वर्ग में दो कांस्य प्राप्त किए। ईडी संकार्य बीरेन्द्र कुमार तिवारी ने शिल्पा को इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

# बिहार में है शिक्षक, झारखंड मे चल रहा उनके नाम का पीडीएस दुकान

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** खाद्य अपूर्ति विभाग में किस तरह अनियमितता ने अपनी जड़ जमा ली है कि अनियमितता ही नियम बन कर रह गया। उपरोक्त बाते सुन कर आप भी चौक रहे होगो मगर यह सौ फीसदी सत्य है। किसी विभाग की कार्य शैली पर तब प्रश्न उठना लाजमी हो जाता है जब सब कुछ खुले आम चल रहा हो और कार्यवाही के नाम पर शून्य दिखता हो। मामला बोकारो जिला के गोमिया प्रखंड के कथारा पंचायत का है जहां का जनवितरण प्रणाली की दुकान का लाइसेंस ऐसे व्यक्ति के नाम पर जिसके संबंध में जानकारी मिली है कि वे बिहार में शिक्षक के पद पर पिछले कई वर्षों से नियुक्त है मगर विभाग की लापरवाही देखिय की आज तक उक्त व्यक्ति का पीडीएस का लाइसेंस रद्द नही किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार उक्त विवादित पीडीएस डिलर का नाम उपेंद्र राम और लाइसेंस नंबर 32-92 कथारा-ए है। मिली जानकारी के अनुसार यह जन वितरण कि दुकान का लाइसेंस उपेंद्र राम ने उस समय लिया था जब वे शिक्षक नही थे। मगर कुछ समय बाद उनकी नौकरी शिक्षा विभाग में शिक्षक के रुप में बिहार में हो गया और वे बिहार चले गए। बाकि रिश्तेदार आज भी कथारा पंचायत के रेलवे कॉलोनी मे निवास करते हैं और उसका भाई उक्त पीडीएस दुकान का संचालक बना हुआ है। इतना ही नहीं उनके के भाई की पत्नी फिलवक्त कथारा पंचायत की मुखिया के पद पर आसीन है। अब सवाल उठता है कि क्या विभाग को इस मामले पर संज्ञान लेकर उक्त लाइसेंस को रद्द नही कर देना चाहिए। बहरहाल गुपचुप तरीके से लोगो के बीच यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है कि किस तरह प्रभाव के आगे विभाग के अधिकारी नतमस्तक है। स्थानीय लोग ने बोकारो उपायुक्त से मांग किया है इस मामले को संज्ञान में लेते हुए अतिशीघ्र कार्यवाही करे।

### रेलवे पटरी पर शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी



**बेरमो/गोमिया।** धनबाद रेल मंडल अंतर्गत गोमो बरकाकाना रेल खंड अंतर्गत गोमिया रेलवे स्टेशन के समीप रेलवे फाटक से कुछ दूरी पर पोल संख्या 4923/4924 के बीच एक व्यक्ति का शव मिला है। शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पाकर गोमिया थाना पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचकर कागजी कार्यवाही करते हुए शव को अंत:परीक्षण के लिए अनुमंडलीय अस्पताल तेनुघाट भेज दिया। बताया गया कि शुक्रवार की प्रात: कुछ लोग उधर टहलने के लिए गए थे। वहीं कुछ लोग मंदिर पूजा करने के लिए जा रहे थे। उसी दौरान शव को देखा। इसकी सूचना स्थानीय गोमिया थाना एवं जीआरपी पुलिस को दिया गया। सूचना मिलते ही गोमिया जीआरपी के एएसआई मनोज सिंह अपने बल के साथ पहुंचे और जांच में जुट गए। मृतक की पहचान होसिर निवासी कारू ठाकुर के रूप में हुई है। वह शादीशुदा एवं एक बेटी का पिता है।

# बीडीओ ने अतिसंवेदनशील बूथो का किया औचक निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता




**बेरमो/गोमिया।** गोमिया प्रखंड के अंतर्गत चतरोचट्टी थाना क्षेत्र में ने बुधवार को गोमिया प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी महादेव महतो ने चतरोचट्टी थाना क्षेत्र के अन्तर्गत बडकीसिधावारा पंचायत के मतदान केंद्र मुरपा, बड़की सीधाबारा, छोटकी सीधाबारा, तुस्को का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लाइट, पानी, टेबल समेत अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। मतदान केंद्रों के भवन की स्थिति व वहां मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता है या नहीं, इसका जायजा लिया गया। बीडीओ महादेव महतो ने विद्यालय के प्रधानाध्यापकों से कहा कि मतदान केंद्र पर मतदाता को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसका विशेष ध्यान रहे। मतदान केंद्र पर भवन, शौचालय, बिजली, पानी की व्यवस्था, रैंप, चारदीवारी अत्यंत जरूरी है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि गोमिया प्रखंड अंतर्गत कुल 194 मतदान केंद्र बनाए गए है, जिसमें लाइट, पानी, टेबल आदि सुविधाओं की जानकारी ली जा रही है। उन्होंने कहा कि 194 मतदान केंद्र में एक भवन वाले मतदान केंद्रों की संख्या , एक भवन में दो मतदान केंद्रों की संख्या, एक भवन में तीन मतदान केंद्र की संख्या जानकारी ली गई । गोमिया प्रखंड क्षेत्र में सामान्य मतदान केंद्र और अतिसंवेदनशील मतदान केंद्र है। उन्होंने कहा कि गोमिया प्रखंड क्षेत्र में लगभग लाखों की संख्या मे मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। उन्होंने ग्रामीणों से लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान की प्रक्रिया में भाग लेने की बात कही। इस मौके पर बीडीओ ने ग्रामीणों के बीच मतदाता जागरूकता अभियान भी चलाने को कहा गया।

## पेज 1 का शेष

### अब 100 की जगह 125 यूनिट बिजली फ्री

**बोकारो में अंतराष्ट्रीय विवि की मंजूरी :** श्री सिंह ने बताया कि बोकारो में इंटरनेशनल विश्वविद्यालय स्थापना की स्वीकृति दी गयी। उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रस्ताव मंजूरी मिली है। मालूम हो कि अभी गिरिडीह जिला में कोई विश्वविद्यालय नहीं है। वर्तमान में गिरिडीह में पांच अंगीभूत महाविद्यालय 10 संबंद्ध महाविद्यालय व सात शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय हैं। सभी विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग द्वारा शासित हैं। गिरिडीह से हजारीबाग की दूरी 115 किमी है। इस वजह से कई परेशानी होती है। ऐसे में अब वहां विशविद्यलालय खोला जा रहा है। बोकारो में इंटरनेशनल विवि खोलने के लिये विधेयक की मंजूरी दी गयी। इसे विधानसभा बजट सत्र में पारित कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि पलामू राजकीय पॉलिटेक्निक की स्थापना के लिए 131 पद सृजित किया गया। माझियाव में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट योजना की स्वीकृति दी गयी।

### नींबू पहाड़ अवैध खनन की सीबीआइ जांच होगी

कोर्ट ने सुनवाई करते हुए जांच पर तत्काल रोक लगा दी थी। उल्लेखनीय है नींबू पहाड़ पर अवैध खनन मामले की सीबीआई जांच कर रही थी। वहां के प्रधान विजय हांसदा इस मामले में गवाह थे, लेकिन बाद में वो मुकर गये। एक हजार करोड़ से अधिक के अवैध खनन घोटाला मामले में आरोपी बनाये गये विभिन्न व्यक्तियों के खिलाफ जांच की जा रही थी। इस मामले में ईडी के बाद सीबीआइ ने अपने एफआइआर में मुख्य आरोपी पंकज मिश्रा, विष्णु कुमार यादव, पवितर कुमार यादव, राजेश यादव, संजय कुमार यादव, बच्चू यादव, संजय यादव, सुवेश मंडल समेत कई लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। साहिबगंज के मुफस्सिल थाना में विजय हांसदा द्वारा दर्ज कोर्ट कंप्लेन और एसटी-एससी थाने में दर्ज केस को सीबीआई ने टेकओवर कर लिया था। सीबीआई के चर्चित डीएसपी कृष्ण कुमार सिंह को केस का आईओ बनाया गया। इसके साथ ही, साहिबगंज में अवैध खनन के मामले में झारखंड माइंस एंड मिनरल्स एक्ट, आर्म्स एक्ट और एसटी-एससी एक्ट की संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया गया।

### बजट सत्र में भाग हेमंत भाग लेंगे या नहीं

**विशेष कोर्ट ने खारिज की थी याचिका :** पीएमएलए की विशेष अदालत ने पिछले दिनों दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। अदालत में सुनवाई के दौरान हेमंत सोरेन की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने पक्ष रखा था। उन्होंने कोर्ट को बताया कि 23 फरवरी से शुरू होनेवाला बजट सत्र दो मार्च तक चलेगा। सत्र के दौरान मनी बिल पास कराना होता है। इसके लिए बहुमत की जरूरत पड़ती है। ऐसे में हेमंत सोरेन की उपस्थिति आवश्यक है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद पीएमएलए स्पेशल कोर्ट ने हेमंत सोरेन की याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद हेमंत सोरेन हाईकोर्ट पहुंचे हैं।

**अभी जेल में हैं हेमंत सोरेन:** उल्लेखनीय है कि झारखंड की राजधानी रांची के बड़गाईं अंचल की 8.5 एकड़ जमीन से जुड़े मामले में ईडी ने पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को 31 जनवरी को लंबी पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। फिलवक्त वह 7 मार्च तक न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा (होटवार) में बंद हैं। उनसे ईडी की टीम रिमांड पर लेकर पूछताछ कर चुकी है।

### जो खुद होश में नहीं वे बच्चों को कह रहे नशेड़ी

**तीसरा कार्यकाल परखर होगा:** उन्होंने कहा कि भारत का आर्थिक, सामाजिक हर क्षेत्र बुलंदी पर होगा। भारत 11वें नंबर से ऊपर उठकर 5वें नंबर पर आया। अब तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की सबसे मजबूत शक्ति बनेगा। मोदी का तीसरा कार्यकाल सबसे प्रखर कार्यकाल होने वाला है। भारत को विकसित भारत का इंजन बनाऊंगा। उत्तर प्रदेश और बिहार को फायदा पहुंचाने के लिए सरकार काम कर रही है। भविष्य में बनारस से कोलकाता का समय करीब-करीब आधा होने वाला है। इन सड़कों पर आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। काशी यूपी ही नहीं, देश की भी एक महत्वपूर्ण नगरी बनेगी। आज कई करोड़ की मशीनों का लोकार्पण कर स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत किया जा रहा है। काशी का तेज विकास नहीं थमेगा। 'मोदी की गारंटी' यानी गारंटी को पूरा करने की गारंटी है।

**राहुल गांधी ने क्या कहा था :** भारत जोड़ो न्याय यात्रा कर रहे वायनाड सांसद ने मंगलवार को वाराणसी के युवाओं को नशेड़ी बताया था। उन्होंने कहा था, मैं वाराणसी गया था और मैंने देखा कि रात में बाजा बज रहा था। मैंने देखा कि लोग शराब पीकर सड़क पर लेटे हुए हैं... उत्तर प्रदेश का भविष्य रात में शराब पीकर नाच रहा है... दूसरी तरफ राम मंदिर खुलता है जिसमें पीएम मोदी दिखेंगे, अंबानी और अदाणी दिखेंगे। आपको भारत के सारे अरबपति दिखेंगे, लेकिन एक भी पिछड़ा या दलित नहीं दिखेगा... वो भी आपकी जगह नहीं है भाईयों और बहनों, आपकी जगह सड़क पर भीख मांगने की है और उनका काम पैसा गिनने का है।

स्पीड न्यूज

## न्याय यात्रा में आज शामिल होंगी प्रियंका



नयी दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा शनिवार को पहली बार पार्टी नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होंगी। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार, श्रीमती वाड्रा 24 फरवरी को श्री गांधी के साथ भारत जोड़ो न्याय यात्रा में उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में शामिल होंगी और फिर अमरोहा, संभल, बुलंदशहर, अलीगढ़, हाथरस, आगरा होते हुए फतेहपुर सीकरी तक उनके साथ रहेंगी। गौरतलब है श्री गांधी ने 14 जनवरी को मणिपुर से अपनी पूरब से पश्चिम की भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू की थी।

## बिहार विस के उपाध्यक्ष चुने गए नरेंद्र यादव

पटना । जदयू के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री नरेंद्र नारायण यादव शुक्रवार को सर्वसम्मति से बिहार विधान सभा के उपाध्यक्ष चुन लिए गए । विधानसभा की कार्रवाई शुरू होते ही सभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने बताया कि उपाध्यक्ष के निर्वाचन के लिए कुल 11 प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं । सभी प्रस्ताव एक ही सदस्य नरेंद्र नारायण यादव के संबंध प्राप्त हुए हैं। उन्होंने प्रथम प्रस्तावक होने के नाते उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा को सदन में प्रस्ताव पेश करने की अनुमति दी । श्री सिन्हा ने श्री यादव के उपाध्यक्ष चुने जाने का प्रस्ताव पेश किया, जिसका अनुमोदन मंत्री प्रेम कुमार ने किया। इसके बाद सर्वसम्मति से यादव को उपाध्यक्ष चुना गया।

## भाजपा विधायक पाटनी का निधन

**मुंबई।** भाजपा के विधायक राजेंद्र पाटनी (59 वर्ष) का वासिम जिले के एक अस्पताल में शुक्रवार सुबह निधन हो गया। पिछले कुछ दिनों से वे बीमार थे। पाटनी वासिम के कारंजा विधानसभा क्षेत्र से विधायक थे। उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राजेंद्र पाटनी के निधन पर दुख व्यक्त किया है। फडणवीस ने कहा कि विधानसभा में मेरे सहयोगी राजेंद्र पाटनीजी का आज निधन हो गया। वह पिछले कुछ महीनों से बीमारी से जूझ रहे थे। लेकिन उन्होंने अंतिम सांस ली।

## जम्मू-श्रीनगर एनएच पर यातायात बहाल

**जम्मू।** जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार को यातायात बहाल कर दिया गया है। यातायात विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात चल रहा है लेकिन सिंगल लेन और खराब सतह के कारण रामसू सेक्टर में वाहनों की गति काफी धीमी है। अधिकारी ने कहा कि यात्रियों को लेन अनुशासन का पालन करने की सलाह दी गई है, क्योंकि दलवास, कैफेटेरिया-मेहद, गंगरू में सिंगल लेन यातायात है और नाशरी और नवयुग सुरंग के बीच कई स्थानों पर सड़क की सतह की स्थिति खराब है।

## स्पेन की बहुमंजिला इमारतों में आग से 4 की मौत, 19 लापता


मैड्रिड। स्पेन के वालेंसिया शहर की दो बहुमंजिला इमारतों में गुरुवार को भीषण आग लगने से चार लोगों की मौत हो गयी और छह दमकल कर्मियों सहित 14 लोग घायल हो गए। हादसे के बाद से करीब 19 लोगों का पता नहीं चल पाया है। आपातकालीन सेवाओं के अनुसार स्थानीय समयानुसार शुक्रवार को शाम करीब साढ़े पांच बजे आग ने कैम्पानार इलाके में 14 मंजिला ब्लॉक को अपनी चपेट में ले लिया और यह कुछ ही पलों में पास की इमारत तक फैल गई। उन्होंने कहा,ह्ल आग इमारत के चौथे मंजिल पर लगी ।देखते-ही देखते पूरी इमारत इसकी चपेट में आ गयी और इसके बाद पास की दूसरी बहुमंजिला इमारत में भी पहुंच गयी।



## उज्जैन में बाबा महाकाल का रजत चंद्र से हुआ श्रृंगार

भोपाल। विश्व प्रसिद्ध ज्योर्तिलिंग भगवान महाकालेश्वर मंदिर में शुक्रवार को माघ शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी पर भस्म आरती के दौरान महाकाल का दूध, दही, घी, शक्कर और फलों के रस से बने पंचामृत से जलाभिषेक किया गया। प्रथम घंटाल बजाकर हरिओम का जल अर्पित किया गया। कपूर आरती के बाद महाकाल को रजत का मुकुट और चन्द्र धारण कराया गया।

# वामपंथी उग्रवाद से निर्णायक लड़ाई लड़ रही सरकार : शाह



**गृह मंत्री बोले उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य और शिक्षा सुविधाओं से मोदी सरकार ने गरीबों के दिलों को जीता**

एजेंसी

**नयी दिल्ली ।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार ने वामपंथी उग्रवाद पर नकेल कसने के लिए एक आक्रामक रणनीति अपनाई है। श्री शाह ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट में कहा कि वामपंथी उग्रवाद पर मोदी सरकार के कड़े प्रहार के परिणामस्वरूप यह समस्या खत्म होने की कगार पर है। उन्होंने कहा कि वामपंथी उग्रवाद-प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य और शिक्षा संबंधी सुविधाओं के निर्माण से सरकार ने गरीबों के दिलों को जीता है। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की दूरदर्शी नीतियों के कारण वामपंथी उग्रवाद अपना आधार खो चुका है। श्री शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने वामपंथी उग्रवाद-प्रभावित क्षेत्रों में विकास और सुरक्षा के प्रति होलिस्टिक अप्रोच अपनाते हुए वामपंथी उग्रवाद पर करारा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने सर्वांगीण विकास के लिए राज्य सरकारों को साथ लेकर चलते हुए लोगों का विश्वास जीता है। गृह मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार 2004-14 के मुकाबले 2014-23 के दशक में वामपंथी उग्रवाद-संबंधी हिंसा में 52 प्रतिशत और मृतकों की संख्या 6035 से 69 प्रतिशत कम होकर 1868 हो गई है। इसी प्रकार वामपंथी उग्रवाद की घटनाएं 14,862 से कम होकर 7,128 रह गई हैं। वामपंथी उग्रवाद के कारण मरने वाले सुरक्षाबलों की संख्या 2004-14 में 1750 से 72 प्रतिशत घटकर 2014-23 के दौरान 485 हो गई है और मरने वाले नागरिकों की संख्या 68 प्रतिशत घटकर 4285 से 1383 रह गई है। इसी प्रकार, हिंसा वाले ज़िलों की संख्या 2010 में 96 थी, जो 2022 में 53 प्रतिशत घटकर

## रूसी सेना में शामिल न हों भारतीय : केंद्र


नयी दिल्ली। सरकार ने भारतीय नागरिकों को सलाह दी है कि वे रूस में सेना की सेवाओं में शामिल नहीं हों और संघर्ष से दूर रहें। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने भारतीय नागरिकों के रूस की सेना में शामिल होने और संघर्ष वाले इलाके में तैनाती संबंधी रिपोर्टों के बारे में मीडिया के सवालों पर कहा कि हम जानते हैं कि कुछ भारतीय नागरिकों ने रूसी सेना में सहायक कामों के लिए नौकरी में सम्मिलित हुए हैं। भारतीय दूतावास के अधिकारी उन्हें इन सेवाओं से शीघ्र मुक्त करने के लिए नियमित रूप से संबंधित रूसी अधिकारियों के साथ बातचीत कर रहे हैं। श्री जायसवाल ने कहा कि हम सभी भारतीय नागरिकों से आग्रह करते हैं कि वे उचित सावधानी बरतें और इस संघर्ष से दूर रहें।

# चांद पर फिर पहुंचा अमेरिका

## 50 साल बाद लैंड कराया अंतरिक्ष यान, भारत के चंद्रयान के करीब उतरा

**रचा इतिहास**

**▸▸ नासा के मदद से प्राइवेट कंपनी ने बनाया है ऑडी**



एजेंसी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका एक बार फिर चांद पर पहुंच गया है। लगभग 50 साल बाद एक अमेरिकी अंतरिक्ष यान चांद की सतह पर उतरा है। 1972 में आखिरी अपोलो मिशन के बाद अमेरिका में बना कोई अंतरिक्ष यान अब चंद्रमा की सतह पर उतरा है। चांद पर उतरने वाले इस अंतरिक्ष यान का नाम ओडीसियस या ऑडी है। यह छह पैरों वाला एक रोबोट लैंडर है जो भारतीय समय के मुताबिक शुक्रवार सुबह 4:30 बजे चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास मालापर्ट ए नाम के क्रेटर में उतरा। चांद का दक्षिणी ध्रुव वही हिस्सा है, जिसके करीब भारत के चंद्रयान 3 का विक्रम लैंडर उतरा था। लैंडिंग के बाद सिग्नल की पुष्टि मिलते ही मिशन के डायरेक्टर डॉ. टिम क्रेन ने कहा कि ह्यूस्टन, ओडीसियस को अपना नया घर मिल गया है। नासा के सहयोग से इसे एक प्राइवेट कंपनी ने बनाया है। इंटुएटिव मशीन्स के सीईओ स्टीव अल्टेमस ने कहा कि मुझे पता है कि यह एक मुश्किल था, लेकिन हम सतह पर हैं। हम ट्रांसमिट कर रहे हैं। चांद पर आपका स्वागत है।' नासा के प्रशासक बिल नेल्सन ने एक वीडियो संदेश के जरिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि हमने चंद्रमा पा लिया। आधी सदी के बाद अमेरिका वापस चांद पर पहुंच गया है।

**प्राइवेट कंपनी ने भेजा लैंडर :** यह पूरा मिशन एक प्राइवेट कंपनी का है। नासा ने वैज्ञानिक उपकरणों और टेक्नोलॉजी को चंद्रमा तक ले जाने के लिए इसे फंड किया। इस लैंडर के साथ भेजे गए नासा के पेलोड चंद्रमा की सतह के साथ अंतरिक्ष मौसम, रेडियो खगोल विज्ञान और भविष्य के लैंडरों के लिए चंद्रमा का डेटा इकट्ठा करेंगे। नासा का लक्ष्य है कि एक बार फिर इंसानों को चंद्रमा पर भेजा जाए। इस लिहाज से यह मिशन काफी महत्वपूर्ण है। हालांकि ओडीसियस से एक महीने पहले एक अन्य प्राइवेट कंपनी का मिशन फेल हो गया था। अमेरिका की एस्ट्रोबोटिक टेक्नोलॉजी ने जनवरी में पेरेग्रीन लैंडर के साथ चंद्रमा पर उतरने की कोशिश की थी। लेकिन लॉन्चिंग के कुछ समय बाद ही इसमें लीक की समस्या देखी गई। बाद में यह अंतरिक्ष यान धरती की कक्षा में लौट आया और जल गया। इससे पहले जापान भी चांद पर लैंडिंग कर चुका है। जनवरी 2024 में जापान सफल पिनपॉइंट लैंडिंग कराने में कामयाब रहा।

## प्रधानमंत्री आज सहकारी क्षेत्र के लिए कई प्रमुख पहलों का उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे



**नयी दिल्ली।** देश के सहकारी क्षेत्र को मजबूती प्रदान करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार सुबह 10:30 बजे नई दिल्ली के भारत मंडपम में कई प्रमुख पहलों का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, प्रधानमंत्री सहकारी क्षेत्र में विश्व की सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना की पायलट परियोजना का उद्घाटन करेंगे, जिसे 11 राज्यों की 11 प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसीएस) में संचालित किया जा रहा है। इस पहल के तहत प्रधानमंत्री गोदामों और कृषि से जुड़ी अन्य बुनियादी सुविधाओं के निर्माण के लिए देश भर में अतिरिक्त 500 पीएसीएस की आधारशिला भी रखेंगे। प्रधानमंत्री देशभर में 18,000 पीएसीएस में कम्प्यूटरीकरण के लिए परियोजना का उद्घाटन करेंगे, जो सरकार के सहकार से समृद्धि विजन के अनुरूप है। इसका उद्देश्य सहकारी क्षेत्र को फिर से नई ऊर्जा प्रदान करना तथा छोटे और सीमांत किसानों को सशक्त बनाना है। इस महत्वपूर्ण परियोजना को 2,500 करोड़ रुपये से अधिक के वित्तीय परिव्यय के साथ मंजूरी दी गई है।

# बिहार के जिला परिषदों में 349 पदों पर होगी बहाली

खबर मन्त्र संवाददाता

**पंचायती राज विभाग जल्द ही बीपीएससी एवं अन्य एजेंसियों को रिक्तियों की जानकारी भेजेगा**

पटना। बिहार के बेरोजगारों के लिए अच्छी खबर है। राज्य के जिला परिषदों में 349 नए पदों पर बहाली होगी। पंचायती राज विभाग ने सहायक अभियंता, अवर अभियंता, निम्नवर्गीय लिपिक सहित 6 अलग-अलग पदों पर बहाली के लिए नए पद सृजित किए हैं। इन पदों पर बहाली के लिए रिक्ति जल्द ही बीपीएससी, तकनीकी सेवा और राज्य कर्मचारी चयन आयोग को भेजी जाएगी। सभी पदों पर नियमित बहाली होनी है। इसके पहले जिला परिषदों में उपयोगिता नहीं रह गए 2554 पदों को सरेंडर कर दिया गया। जिला परिषद कार्यालयों में तकनीकी और गैर तकनीकी कोटि के विभिन्न स्तरों पर पूर्व से स्वीकृत पदों के अतिरिक्त 349 पदों की सरकार से स्वीकृति मिली है। पंचायती राज विभाग ने समीक्षा में पाया कि जिला परिषद में कई ऐसे पद पूर्व से स्वीकृत किए गए हैं, जिनकी अभी कोई उपयोगिता नहीं रह गई है। कुछ श्रेणियों में अतिरिक्त पदों की आवश्यकता है। जिला परिषद में पूर्व से सृजित पदों की संख्या 3267 है। इसमें से ज्यादातर पद स्वास्थ्य विभाग या शिक्षा विभाग द्वारा अपने अधीन सृजित कर लिए गए हैं या फिर इनकी आवश्यकता ही नहीं है।

## नीतीश ने 192 पुलिस भवनों का किया शिलान्यास

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम द्वारा राज्य पुलिस एवं कारा व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण हेतु 459.52 करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्मित 139 भवनों का उद्घाटन तथा 996.53 करोड़ रुपये की लागत से बननेवाले 192 भवनों का शिलान्यास किया। सीएम ने सड़क दुर्घटना जांच एवं मुआवजा भुगतान हेतु परिवहन विभाग की ओर से पुलिस पदाधिकारियों को ईडीएआर (इलेक्ट्रॉनिक डीटेल्ड एक्सिडेंट रिपोर्ट ) सॉफ्टवेयर युक्त 1220 स्मार्ट मोबाईल फोन प्रदान किया। मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री एवं परिवहन मंत्री ने सांकेतिक रुप से 5 पुलिस पदाधिकारियों पूजा कुमारी, पुष्पा कुमारी, हरिनारायण कुमार, राहुल कुमार एवं खुशबू खातून को स्मार्ट मोबाईल फोन प्रदान किया।

# एनएचआरसी ने संदेशखाली के लोगों की सुनी शिकायतें

एजेंसी

**टीएमसी नेता शाहजहां शेख और उसके समर्थकों पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न का आरोप है**

**कोलकाता।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) की टीम शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के संदेशखाली पहुंच कर महिलाओं के यौन उत्पीड़न के आरोपों के बारे में ग्रामीणों से बात की। उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में तृणमूल नेता शाहजहां शेख और उसके समर्थकों पर जमीन हड़पने एवं महिलाओं के यौन उत्पीड़न का आरोप है।

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की टीम संदेशखाली के कुछ इलाकों में गई और ग्रामीणों से बात कर उनके बयान दर्ज किए। आयोग की टीम नाव से कालागाछी नदी पार करने के बाद धमाखाली नौका घाट से होते हुए संदेशखाली पहुंची। एनएचआरसी ने मीडिया में आईं उन खबरों पर स्वतः संज्ञान लिया है, जिनमें कहा गया है कि संदेशखाली में गरीब महिलाओं को परेशान किया गया और उनका यौन उत्पीड़न किया गया। एनएचआरसी की ओर से बताया गया है कि उसने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी कर संदेशखाली में हुई हिंसा के संबंध में चार सप्ताह के भीतर रिपोर्ट देने के लिए कहा है।

## वेरावल बंदरगाह पर 350 करोड़ की हेरोइन बरामद

**गिर सोमनाथ।** गुजरात पुलिस ने गिर सोमनाथ जिले के वेरावल बंदरगाह पर आधीरात छापा मारकर फिशिंग बोट में छिपाकर लाई गई 50 किलोग्राम हेरोइन जब्त की है। नौ लोगों को हिरासत में लिया गया है। इसका बाजार मूल्य लगभग 350 करोड़ रुपये बताया गया है। गिर सोमनाथ के पुलिस अधीक्षक मनोहरसिंह जाडेजा के ड्रग्स के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान यह कामयाबी मिली है। पुलिस ने जब्त नशीला पदार्थ के सैम्पल जांच के लिए एफएसल भेज दिए हैं। पुलिस ने नौका सवार नौ खलासियों को हिरासत में लिया है। सभी की जा रही है पूछताछ। पुलिस ने गुजरात एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड, स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप, लोकल क्राइम ब्रांच, फॉरेंसिक साइंस लेबोरेट्री और मरीन पुलिस का सहयोग लिया।

## सेना में जाना चाहती थीं जया बच्चन



**मुंबई।** जया बच्चन एक्टिंग के अलावा अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। हाल ही में जया बच्चन की बेटी श्वेता बच्चन नंदा के साथ अपनी पोती नव्या नवेली नंदा के पॉडकास्ट शो में नजर आईं। जया बच्चन ने पुरुष प्रधान क्षेत्रों में महिलाओं को होने वाली कठिनाइयों पर भी टिप्पणी की। इस दौरान कमेंट करते हुए जया बच्चन ने बताया कि वह एक्टिंग के क्षेत्र में नहीं बल्कि सेना में शामिल होना चाहती थीं, लेकिन उस समय समाज में लोगों की गलत सोच और पुरुषों के बीच भेदभाव के कारण जया बच्चन का यह सपना अधूरा रह गया। मुझे अभिनय से ज्यादा सेना में शामिल होने में दिलचस्पी थी। जया बच्चन के बयान को दोहराते हुए, श्वेता बच्चन ने भी पुरुषों और महिलाओं के बीच भेदभाव पर टिप्पणी की। लेकिन अब तस्वीर बदल रही है, अब कार में बैठे पुरुष और कार चलाती महिला की तस्वीर बेहद आम मानी जाती है। श्वेता बच्चन ने भी ये टिप्पणी की। जया बच्चन पिछले साल करण जौहर की फिल्म "रॉकी और रानी की प्रेम कहानी" में नजर आई थीं। इस फिल्म में भी पुरुषों और महिलाओं के बीच समानता पर अच्छी टिप्पणी की गई थी। जया बच्चन ने हाल ही में अपनी नेटवर्थ के बारे में खुलासा किया, जिससे वह सुर्खियों में आ गईं।

# अब सरयू में वाटर मेट्रो से लें जलविहार का आनंद

एजेंसी

**अयोध्या को सौगात**

**▸▸ प्रधानमंत्री मोदी ने वाराणसी से किया वॉटर मेट्रो का शुभारंभ**

**▸▸ आधुनिक सुविधाओं से लैस मेट्रो संत तुलसी घाट से गुप्तार घाट तक चलेगी**




**अयोध्या ।** अयोध्या आने वाले श्रद्धालु और पर्यटक अब सरयू नदी में वाटर मेट्रो के जरिए जलविहार का आनंद ले सकेंगे। योगी सरकार द्वारा अयोध्या में पर्यटन को और समृद्ध करने के लिए तथा जल पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए वाटर मेट्रो का संचालन संत तुलसीदास घाट से गुप्तार घाट तक किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को वाराणसी दौरे के दौरान वर्चुअल माध्यम से अयोध्या में वाटर मेट्रो का शुभारंभ किया।

तकनीकी सहायक बी गुप्ता ने बताया कि सरयू के किनारे संत तुलसी घाट से अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस वाटर मेट्रो करीब 14 किलोमीटर का सफर गुप्तार घाट तक तय करेगी। जिसमें एक साथ लगभग 50 यात्री जलविहार का आनंद उठा सकेंगे। पर्यावरण का ध्यान रखते हुए इस वाटर मेट्रो का संचालन किया जाएगा। अयोध्या में चलाई जाने वाली वॉटर मेट्रो में 50 सीटें हैं, जिसे दोनों किनारों पर स्थापित किया किया गया है। फाइबर की बनी इन सीटों को मजबूती के साथ फिक्स किया गया है, ताकि किसी तरह के हादसे की आशंका न रहे।

कोचीन शिपयार्ड में बनी यह वॉटर मेट्रो सरयू नदी के ऊपर किसी क्रूज की तरह दिखाई देगी। मेट्रो पूरी तरह एयर कंडीशन है। उन्होंने बताया कि संत तुलसीदास घाट से गुप्तार घाट तक दोनों प्वाइंटों पर भारतीय अंतदेर्शीय जलमार्ग प्राधिकरण, पत्तन पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने सरयू किनारे जेटी की स्थापना की है,जहां पर वाटर मेट्रो के चार्जिंग के लिए बकायदा पॉइंट बनाए गए हैं और यहीं से यात्री वाटर मेट्रो पर सवार होंगे। तकनीकी सहायक बी गुप्ता ने बताया केंद्रीय जलमार्ग मंत्रालय द्वारा इसको अगले कुछ दिनों में राज्य सरकार को हैंडओवर किया जायेगा।

**मेट्रो की खासियत**

50 सीटर एमवी (मोटर व्हिकल) बोट यानी वाटर मेट्रो का नाम कैटा मेरन वैसेल बोट है। इस वाटर मेट्रो बोट को पूरा एयरकंडीशन बनाया गया है, जिसमें यात्रियों की जानकारी के लिए डिस्प्ले भी लगाया गया है। यात्रियों के केबिन के आगे बोट पायलट का केबिन अलग बनाया गया है। एक बार में इलेक्ट्रिक से चार्ज होकर यह मेट्रो बोट एक घंटे की यात्रा करने मे सक्षम है।

## शेयर बाजार फिसला सेंसेक्स 15 अंक टूटा

**मुंबई।** विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर एचसीएल टेक, मारुति, एसबीआई, टाटा स्टील और आईसीआईसीआई बैंक समेत सत्रह दिग्गज कंपनियों में हुई बिकवाली से शुक्रवार को शेयर बाजार फिसल गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 15.44 अंक उतरकर 73,142.80 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 4.75 अंक फिसलकर 22,212.70 अंक रह गया। हालांकि दिग्गज कंपनियों की विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.25 प्रतिशत चढ़कर 39,934.21 अंक और स्मॉलकैप 0.53 प्रतिशत की तेजी के साथ 46,033.47 अंक हो गया। 3936 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1793 में गिरावट जबकि 2045 में तेजी रही वहीं 98 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

सूर्यांश वैदिक ज्योतिष कार्यालय

गिरधर गोपाल मिश्रा
ज्योतिषाचार्य



जन्म कुण्डली, रत्न विज्ञान व वैदिक अनुष्ठानों के द्वारा अपने समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान प्राप्त करें।
I S H103 Housing Colony Dhanbad Jharkhand 826001.
Mob. 9525504033

जय मां शक्ति सह होमियो चिकित्सा केंद्र
डॉक्टर आर के पाठक
होमियोपैथिक दवा के द्वारा सभी रोगों का इलाज
(सुबह 10 से 12, शाम 5 से 8 बजे तक)
सम्पर्क : 8409363623
कुम्हारपट्टी मनईटांड़, धनबाद

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० रॉंची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 140 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 |
| English Grammar - II | ₹ 120 | English Grammar - II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!